इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

# दैनिक विनय उजाला

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

इंदौर

मंगलवार, 21 जुलाई 2026

आषाढ़ शुक्ल पक्ष–07

वर्ष : 17 | अंक : 300

कुल पृष्ठ : 12




मेटलाइफ में फिर टूटा मेसी का दिल ...10

## फर्स्ट कॉलम

### राष्ट्रपति वीरता पदक मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति वीरता पदक देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि जब हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा जा चुका है, तब उसका पालन करने में देरी क्यों की जा रही है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को 29 जुलाई तक का अंतिम समय देते हुए स्पष्ट कर दिया कि अब इस मामले में और समय नहीं दिया जाएगा। मामला मध्य प्रदेश के पूर्व पुलिस अधिकारी विवेक सिंह चौहान को राष्ट्रपति वीरता पदक दिए जाने से जुड़ा है, जो पिछले 23 वर्षों से इस सम्मान के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने गृह सचिव गोविंद मोहन की ओर से दायर आवेदन पर सुनवाई की।

### सिक्किम में भूस्खलन से निर्माणाधीन सुरंग में फंसे 12 श्रमिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिक्किम के नामची जिले में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। भूस्खलन के कारण निर्माणाधीन समरदुंग सड़क सुरंग का प्रवेश द्वार मलबे से बंद हो गया और उसके भीतर काम कर रहे कम से कम 12 श्रमिक फंस गए। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब सुरंग के भीतर प्राकृतिक गैस रिसाव की आशंका सामने आई। गैस की मौजूदगी के कारण राहत और बचाव अभियान में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। प्रशासन ने मौके पर कई टीमों को तैनात किया है।

### मानसून सत्र के पहले दिन एक साथ पेश हुए कई बिल

# मध्यप्रदेश विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश, आज होगी चर्चा

विनय उजाला

**इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को ही राज्य सरकार ने सदन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक 2026 पेश कर दिया।**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि इस पर मंगलवार चर्चा कराई जाएगी। इसके बाद आगे की कार्यवाही होगी। इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। दोबारा कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर राज्य सरकार ने एक के बाद एक कई विधेयक पेश किए। मंत्रियों ने विभागीय पत्रों को पटल पर रखने की कार्यवाही पूरी की। विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सीएम डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा में पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को मध्यप्रदेश विधानसभा में पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया।**



### मध्य प्रदेश के लोग कानून का करेंगे समर्थन

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने भरोसा जताया है कि मध्यप्रदेश के लोग इस प्रस्तावित कानून का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि हम यूनिफॉर्म सिविल कोड पर चर्चा कर रहे हैं और मध्यप्रदेश पूरे देश में लागू करने वाला चौथा राज्य बनने जा रहा है। यह सद्भाव की भावना को बढ़ावा देता है। साथ ही सभी नागरिकों को सम्मान मानता है। मैं यूसीसी का पूरी तरह से समर्थन करती हूं और मुझे भरोसा है कि मध्य प्रदेश के लोग भी इसका समर्थन करेंगे।

### मंत्री गौतम टेटवाल ने पेश किया बिल

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल, 2026 को पेश किया गया है। रविवार को कैबिनेट की मीटिंग में बिल के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई थी। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सदन में बिल को पेश किया है। इस प्रस्तावित कानून का मकसद राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करना है, जिससे मध्यप्रदेश इस कानून को लागू करने की दिश में आगे बढ़ने वाला देश का चौथा राज्य बन जाएगा। इससे पहलेतीन राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल तीन राज्यों में पेश और पास किया जा चुका है।

### विधानसभा सचिवालय ने 14 विधेयकों की जानकारी दी

विधानसभा सचिवालय ने पूरक कार्य सूची जारी करते हुए 14 विधेयकों की जानकारी सदन को दी। एक साथ इतने विधेयक पेश किए जाने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई। इस पर इस पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस पर चर्चा हुई थी। इसके बाद यह विधेयक सदन में ले आए हैं। मंगलवार को इन पर चर्चा होगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी विपक्ष को जवाब दिया।

### सदन के पटल पर रखे गए ये विधेयक

विधानसभा में जो विधेयक सोमवार को पेश किए गए उनमें मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता 2026, मध्यप्रदेश निरसन विधेयक 2026, मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026, मध्यप्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक 2026, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक 2026, मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026, मध्यप्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026, मध्यप्रदेश कोड ऑन एम्पावरिंग वर्क स्पेसेज 2026, मध्यप्रदेश श्रम शक्ति संहिता 2026, मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक, 2026, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता संशोधन विधेयक 2026 शामिल हैं। मंत्री टेटवाल ने मप्र पंचायती राज और ग्राम स्वराज संशोधन अध्यादेश पेश किया।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच के लिए दोबारा बनाएं एसआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ के सामने सुनवाई हुई।**



इस दौरान शीर्ष अदालत ने किसी सीनियर आईपीएस अधिकारी की अगुवाई में मामले की जांच कर रही एसआईटी का पुनर्गठन करने का आदेश दिया है। इस बीच, सरकार की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि मामले में स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल की गई है। उन्होंने कोर्ट को ये भी बताया कि इस मामले की जांच जारी है और अब तक कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि क्या इस मामले में अभी जांच कौन कर रहा है? इस पर उन्होंने कहा कि सच्चाई का पता लगाने के लिए एसआईटी बनाई गई थी। अब पुलिस इसकी जांच कर रही है। एसआईटी ने पाया है कि यह एक कॉग्निज़ेबल ऑफ़ेंस (ऐसा अपराध जिसमें पुलिस बिना वारंट के गिरफ़्तार कर सकती है) है। शीर्ष अदालत अब 27 जुलाई को इस मामले की फिर सुनवाई करेगा, जब उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से इस मामले में एसआईटी जांच के बारे में सूचित किया जाएगा।

### मुंबई की विशेष अदालत का फैसला : 44 समुद्री डाकुओं को उम्रकैद

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की विशेष अदालत ने समुद्री सुरक्षा से जुड़े एक बड़े मामले में 44 सोमाली समुद्री डाकुओं को उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे अदालत ने साफ संदेश दे दिया कि डकैती और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के प्रति कानून किसी तरह की नरमी नहीं बरतेगा। दोषियों ने सजा से पहले अदालत से दया की अपील की थी। उनका कहना था कि भारतीय जेल में भाषा, खान-पान, संस्कृति और परिवार से दूर रहने के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए उनकी अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सभी दोषी हैं।

# देश को मिली पहली डेंगू वैक्सीन, दवा नियामक की मंजूरी

### जापान की दवा कंपनी टाकेदा फार्मास्युटिकल्स का है टीका

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में डेंगू से बचाव के लिए पहली बार किसी वैक्सीन को मंजूरी मिली है। जापान की दवा कंपनी टाकेदा फार्मास्युटिकल्स की डेंगू वैक्सीन QDENGA को भारत के दवा नियामक ने मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है, जब भारत में पिछले दो दशक में डेंगू के मामलों में 11 गुना बढ़ोतरी हुई है। कंपनी का कहना है कि दुनिया में डेंगू के कुल बोझ का लगभग एक-तिहाई हिस्सा भारत में है। डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो संक्रमित



एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। डेंगू का खतरा गर्म मौसम वाले देशों में ज्यादा रहता है। अधिकांश लोगों में इसके लक्षण नहीं दिखाई देते या हल्के होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में यह गंभीर रूप लेकर जानलेवा भी हो सकती है। डेंगू का कोई विशेष इलाज नहीं है, इसलिए समय पर पहचान और सही इलाज बहुत जरूरी होता है। डेंगू वायरस के चार प्रकार होते हैं और एक बार संक्रमण होने के बाद भी व्यक्ति दोबारा किसी दूसरे प्रकार से संक्रमित हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत डेंगू से सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है। देश में लगभग 75 से 80 प्रतिशत संक्रमण ऐसे होते हैं, जिनमें कोई लक्षण नहीं दिखाई देते, लेकिन संक्रमित व्यक्ति फिर भी एडीज मच्छर के जरिए दूसरों तक वायरस पहुंचा सकता है। जिन 20 से 25 प्रतिशत लोगों में लक्षण दिखाई देते हैं।


# विनय उजाला राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026

**आवेदन की अंतिम तिथि : 05 अगस्त 2026**

**आवेदन भेजने का पता : 175, रेडियो कॉलोनी, इन्दौर 452001, मो. 94259-10888**

***आवेदन ऑनलाइन एवं निर्धारित तिथि के उपरांत स्वीकार नहीं किए जाएँगे। ***



## आवेदन की श्रेणी

1. अधिकारी ☐ 2. प्राचार्य ☐ 3. व्याख्याता/उच्च माध्य. शिक्षक ☐ 4. उ.श्रे./माध्यमिक शिक्षक ☐
5. सहायक शिक्षक/प्राथ. शिक्षक ☐ 6. पत्रकार ☐ 7. लेखक ☐ 8. खेल जगत ☐
9. कार्यालयीन कर्मचारी ☐ 10. समाजसेवी ☐ 11. पर्यावरण ☐ 12. अन्य विशेष कार्य ☐

## आवेदन का प्रारूप

1. आवेदक का नाम :- ........................
2. पद (यदि सेवा में हो) :- ........................
3. कार्यालयीन संस्था का नाम एवं पता :- ........................
4. शैक्षणिक योग्यता :- ........................
5. जन्म दिनांक :- ........................
6. मोबाइल नंबर :- ........................
7. ई-मेल :- ........................
8. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :- ........................

नवीनतम छाया चित्र

आपके द्वारा आवेदित श्रेणी अंतर्गत विगत 5 वर्षों के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों का विवरण निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर संलग्न करें।

* जीवन परिचय (Biography) (8 से 10 लाइनों में सम्मान, विशिष्ट सम्मान सहित) (पृथक पृष्ठ पर उक्त विवरण देवें।)
* आवेदित श्रेणी अंतर्गत किए गए विशिष्ट कार्य (अधिकतम 10)

*मय विवरण प्रमाण पत्र, पेपर न्यूज़, स्वप्रमाणित हस्ताक्षर सहित संलग्न करें।*

- आपके द्वारा किए गए कार्यों की सफलता की कहानी आपके अपने शब्दों में जिससे अन्य साथी प्रेरणा प्राप्त कर सकें।
- आपके द्वारा किए गए अन्य विशिष्ट कार्य (उक्त बिंदुओं में जो शामिल नहीं हैं) अधिकतम कोई 5 (मय विवरण व प्रमाणीकरण के साथ अंकित करें)

## स्व-घोषणा पत्र

उक्त आवेदन पत्र में दी गई जानकारी व विवरण पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित हैं। किसी भी प्रकार की भ्रामक या असत्य जानकारी के लिए स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

संलग्न फाईल - कुल पृष्ठ सं. ..........

हस्ताक्षर

(पूरा नाम :........................)

टीप :- सभी प्रमाण पत्र, संबंधित कार्यों के फोटोग्राफ, पेपर न्यूज़ प्रमाण स्वरूप स्वयं के हस्ताक्षर से प्रमाणित कर फाईल बनाकर प्रस्तुत करें। फाईल के प्रत्येक पृष्ठ पर क्रमशः पृष्ठ संख्या भी अंकित करें। विवरण दर्ज करने हेतु आवश्यकतानुसार पृथक से पेज जोड़े जा सकते हैं।

**12वां दैनिक विनय उजाला सम्मान समारोह 06 सितम्बर को उज्जैन में प्रस्तावित है।**

**इस आयोजन में विभिन्न श्रेणियों में विशिष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा।**

**सम्मानित होने वाले साथियों का चयन 'चयन समिति' द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा।**

| उज्जैन कार्यालय | प्रधान कार्यालय इंदौर | भोपाल कार्यालय | आलीराजपुर कार्यालय | मुंबई कार्यालय | नई दिल्ली कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| दैनिक विनय उजाला 215, महाकाल टेरेस, सेकंड फ्लोर, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 94250-67708 | दैनिक विनय उजाला 175, रेडियो कॉलोनी, इंदौर मो. 94259-10888 | दैनिक विनय उजाला ई-143, न्यू मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल मो. 94245-89286 | दैनिक विनय उजाला 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर मो. 94250-67708 | दैनिक विनय उजाला ए/5, 103, सांकेत कॉम्पलेक्स, महालक्ष्मी टेम्पल के पास, ठाणे मो. 94250-19891 | दैनिक विनय उजाला 412, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली मो. 70008-78511 |

## संक्षिप्त समाचार

### देवास की पांच पंचायतों को बांटे 250 पौधे




**इंदौर (विनय उजाला)।** वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज द्वारा 'वेलप्रकृति' (WelPrakruti) के तहत 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' थीम पर 250 पौधे बांटे गए। इनको देवास जिले की पांच पंचायतों खटम्बा, अचलूखेड़ी, चंदाना, लिम्बोदा और सन्नौड़ में वेलस्पन फाउंडेशन की गतिविधियों के प्रत्यक्ष लाभार्थियों को वितरण के लिए देवास प्लांट के प्लांट मैनेजर संजय योगी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई



**इन्दौर (जितेन्द्र यादव)।** मध्य प्रदेश पुलिस एवं कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत सेंट ज्योति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल नगीन नगर के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता की ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने जानकारी दी कि विजेता छात्र छात्राओं को प्रशंसा पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे से दूरी का का संकल्प लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष हाड़ा उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स ने विद्यार्थियों को नशें के दुष्परिणामों से अवगत कराते महत्वपूर्ण बिंदु साझा किया कि नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे परिवार समाज एवं राष्ट्र के भविष्य को प्रभावित करता है। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा उपनिरीक्षक ने अपने उद्गार में जागरूकता की शुरुआत बचपन से होती है और यही भविष्य में एक स्वस्थ सुरक्षित एवं सशक्त भारत का आधार बनती है- जैसी सारगर्भित बात कही। नशे के आर्थिक पारिवारिक सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधीत दुष्प्रभावों की सरल एवं प्रेरक जानकारी प्रदान की गई अतिथियो का स्वागत शिक्षाविद् विनोद भीलवारे, संस्कार दुबे, हर्ष राठौर ने किया। कार्यक्रम का संचालन एहसान अली ने किया। विद्यालय के प्राचार्य कान्हा राणे ने आभार प्रदर्शन किया।

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**इंदौर, (विनय उजाला)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा ने निर्वाचन संबंधी कार्यों निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्ति किए हैं। इस संबंध में इसी अनुक्रम में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र-203 देपालपुर के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी देपालपुर श्री चरणजीत सिंह हुडा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र-207 इन्दौर-4 के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी खुड़ेल श्री राहुल गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र-210 राऊ के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी राऊ श्री लोकेन्द्र सिंह सरल एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-211 सांवेर (अ.जा.) हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी सांवेर श्री हरिशंकर विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का दायित्व फोटो निर्वाचक नामावली, मतदाता फोटो पहचान-पत्र तैयार कराए जाने एवं मतदान केन्द्रों की जांच/संशोधन आदि तथा निर्वाचन संबंधित समस्त कार्य हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

### मां कनकेश्वरी देवी शा. महा. इंदौर की छात्रा ललिता कौशल को विधायक मेंदोला ने किया सम्मानित



**इंदौर, (विनय उजाला)।** मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय इंदौर की छात्रा ललिता कौशल को मध्य प्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण जिला इंदौर द्वारा 15 मई से 28 जून 2026 तक आयोजित शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 के अंतर्गत सैन्य बलों में भर्ती हेतु सक्षम बनाने के लिए 45दिवसीय नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण पूर्ण करने पर क्षेत्र क्रमांक 2 के लोकप्रिय विधायक रमेश मेंदोला ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ.संजय सोहनी ने बताया कि ललिता कौशल बीएससी तृतीय वर्ष पूर्ण करने के उपरांत यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही है। यह बहुत गरीब परिवार की छात्रा है। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रा ललिता कौशल को शौर्य संकल्प प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रमेश मेंदोला एवं जनप्रतिनिधि चंदू शिंदे ने भी छात्रा ललिता कौशल के उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से भी अनुरोध किया है कि मध्य प्रदेश शासन की शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का लाभ उठाएं एवं अपना कैरियर उज्जवल बनाएं। इस असर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. स्मिता चैतन्य, प्रभारी पुष्पा पठौते, डॉ. बबीता अग्रवाल, डॉ. जतिन वर्मा व समस्त महाविद्यालयीन परिवार ने ललिता को बधाई दी।

### मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ इकाई की त्रिवर्षीय मिटिंग संपन्न






**इंदौर, (विनय उजाला)।** सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों के अखिल भारतीय संगठन आल इंडिया बैंक रिटायरिज फेडरेशन की मध्य प्रदेश छत्तीसगढ इकाई के गठन के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज इन्दौर में आरएनटी मार्ग, इन्दौर स्थित हिन्दी साहित्य समिति, मानस भवन के सभागार में आयोजित ऑल इंडिया बैंक रिटायरिज फेडरेशन के महासचिव शरबत जैन के मुख्य आतिथ्य में त्रिवर्षीय मिटिंग संपन्न हुई। इस अवसर पर इकाई के महासचिव शरद व्यास ने विगत 3 वर्षो के कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत किया। इकाई के अध्यक्ष श्री किशोर धर्माधिकारी ने अपने संबोधन मे माह दिसम्बर मे इन्दौर मे होने जा रही अखिल भारतीय संगठन की कान्फ्रेंस के संबंध मे चर्चा करते हुए सभी उपस्थित सदस्यो से सहयोग का निवेदन किया। सभापति डॉ. आरडी यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से सहयोग का निवेदन किया। इस अवसर पर श्री मुकेश भट्ट व अन्य सहयोगी बैंक रिटायरिज संगठन के प्रतिनिधियों ने पूर्ण सहयोग की कटिबद्धता प्रदर्शित की। महासचिव श्री शरबत जैन ने अपने सारगर्भित उद्बबोधन मे विभिन्न सामयिक विषय पर चर्चा करते हुए आगामी 7वीं त्रिवर्षीय कान्फ्रेंस के संबंध मे पूर्ण जानकरी प्रदान कर उपस्थित सदस्यगणों से सहयोग का आग्रह किया। उज्जैन से पधारे बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त सदस्य श्री औमप्रकाश पाल ने रुपये 51,000 की सहयोग राशि का चैक प्रदान किया। श्री जैन ने उनका पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण द्वारा अभिनन्दन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा का संचालन श्री दीपक गंगराडे ने किया व श्री रमेश जैन ने उपस्थित सदस्यो का आभार व्यक्त किया। श्री हरेराम बाजपेयी के नेतृत्व मे राष्ट्र गान के पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

---

**सड़कों के लिए विशेष निधि से लेकर 74वें संविधान संशोधन तक**

# केंद्रीय मंत्री खट्टर के सामने महापौर ने रखा इंदौर का विकास एजेंडा

## अर्बन चैलेंज फंड के प्रस्तावों की शीघ्र मंजूरी का आग्रह, देपालपुर के स्वच्छता मॉडल की बुकलेट भेंट, जन शहरी आजीविका कार्यक्रम को देशभर में लागू करने का सुझाव

विनय उजाला

**इंदौर/नई दिल्ली। ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के दौरान परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष तथा इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर इंदौर सहित देश के नगरीय निकायों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।**

उन्होंने परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों का आधिकारिक पत्र सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान इंदौर के विकास, नगरीय निकायों की वित्तीय मजबूती, 74वें संविधान संशोधन के प्रभावी क्रियान्वयन, जन शहरी आजीविका कार्यक्रम तथा स्वच्छता मॉडल जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए महापौर ने 'स्वच्छता जोड़ी' अभियान के तहत नगर निगम द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से देपालपुर में स्वच्छता प्रबंधन के सफल मॉडल और वहां किए गए उल्लेखनीय कार्यों की विस्तृत बुकलेट केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेंट की। बुकलेट में कचरा प्रबंधन, जनभागीदारी और स्थानीय स्तर पर विकसित नवाचारों का उल्लेख किया गया है, ताकि देश के अन्य शहर भी इस मॉडल को अपनाकर स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बना सकें।

बैठक में महापौर ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्थान पर 'जन शहरी आजीविका कार्यक्रम' को देश के सभी नगरीय निकायों में लागू करने का सुझाव भी दिया। उनका कहना था कि इस कार्यक्रम के माध्यम से शहरी गरीबों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार तथा कौशल विकास के अधिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित होगा और नगरीय क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

इस दौरान ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में पारित विभिन्न प्रस्तावों की जानकारी भी केंद्रीय मंत्री को दी गई तथा उन पर आवश्यक नीतिगत निर्णय लेकर शीघ्र अमल करने का अनुरोध किया गया। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 74वें संविधान संशोधन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी नगरीय निकायों से ठोस एवं व्यवहारिक सुझाव भेजने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्वशासन को मजबूत बनाना है तो नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना होगा। इसके लिए स्थानीय स्तर पर राजस्व बढ़ाने के नए स्रोत विकसित करने, नवाचार आधारित मॉडल अपनाने तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

बैठक को नगरीय निकायों की वित्तीय मजबूती, शहरी स्थानीय स्वशासन को अधिक प्रभावी बनाने तथा देश में शहरी विकास की नई दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं इंदौर की ओर से रखे गए सड़क विकास, विशेष सहायता निधि, स्वच्छता मॉडल और जन शहरी आजीविका कार्यक्रम जैसे प्रस्तावों को भी राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।




### विशेष अनुदान राशि की मांग

बैठक में महापौर भार्गव ने इंदौर के लिए स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025-26 योजना के तहत सड़कों एवं अन्य आधारभूत अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए विशेष अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनके समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार से शीघ्र वित्तीय स्वीकृति आवश्यक है। इसी के साथ उन्होंने अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत इंदौर नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को भी जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री को औपचारिक पत्र भी सौंपा, जिसमें कहा गया है कि इन परियोजनाओं से शहर का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा, नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा और सतत शहरी विकास को नई गति मिलेगी।

---

### बुधवार को आचार्य सुनीलसागरजी महाराज सन्मति स्कूल में देंगे प्रवचन



**इंदौर (विनय उजाला)।** 108 आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ छावनी क्षेत्र में दिनांक 22/07/2026 बुधवार को मंगल आगमन प्रात: 10:00 बजे होगा, आचार्यश्री ससंघ गोयल नगर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से विहार कर सन्मति स्कूल होते हुए छावनीजी आयेंगे। इसे लेकर प्रचार प्रमुख ज्योतिषाचार्य एम के जैन एवं मंत्री देवेन्द्र सेठी ने बताया कि संघ की मंगल अगवानी प्रात: 6:45 बजे सन्मति स्कूल, नवलखा पर होगी, प्रात: 8:15 बजे आचार्यश्री के मंगल प्रवचन सन्मति स्कूल परिसर मे, 9:30 बजे भव्य जुलूस सन्मति स्कूल, नवलखा से छावनी पहुंचेगा, वहीं संघ की आहारचर्या होगी, दोपहर 3 बजे श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में तत्वचर्चा एवं सांय 6-30 बजे जिशासा समाधान कार्यक्रम होगा।

# कुछ मुलाकातें सिर्फ मुलाकात नहीं होतीं, वे पूरी ज़िंदगी फिर से जी लेने का एहसास कराती हैं...




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** आज का मित्र मिलन समारोह मेरे जीवन के उन खूबसूरत पलों में शामिल हो गया, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। बरसों बाद बड़े भाइयों, मित्रों, सहपाठियों और सबसे बढ़कर अपने आदरणीय गुरुओं के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला। ऐसा लगा जैसे समय कुछ पल के लिए ठहर गया हो और हम फिर उसी सुनहरे विद्यार्थी जीवन में लौट गए हों। कुछ चेहरे बदल गए, बाल सफेद हो गए, ज़िम्मेदारियाँ बढ़ गईं... लेकिन दिलों में बसा अपनापन आज भी वैसा ही है। वर्षों से धुंधली पड़ चुकी यादों पर आज जब अपनत्व की फुहार पड़ी, तो वे फिर से खिल उठीं। सच ही कहा है, यादों का पौधा यदि रिश्तों के पानी से सींचा जाए तो वह जीवनभर छाया देने वाला विशाल वृक्ष बन जाता है। इस आत्मीय मिलन के सूत्रधार परम आदरणीय हीरालाल जी खुशाल सर एवं भाई नरेंद्र कांसल का जितना आभार व्यक्त किया जाए, उतना कम है। उनके प्रयासों ने हमें केवल एक मंच पर नहीं, बल्कि दिलों से फिर से जोड़ दिया। आज एहसास हुआ कि समय बीत सकता है, उम्र बढ़ सकती है, लेकिन सच्चे रिश्ते और गुरुजनों का आशीर्वाद कभी पुराने नहीं होते। आज की ये मुलाकात उम्रभर दिल के सबसे खूबसूरत कोने में मुस्कुराती रहेगी।

# आयुक्त एवं प्रभारी ने किया नेहरू पार्क में निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का निरीक्षण





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी श्री नंदकिशोर पहाड़िया द्वारा आज नेहरू पार्क में निर्माणाधीन आधुनिक स्विमिंग पूल का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, उद्यान प्रभारी श्री शांतिलाल यादव, इंजीनियर श्री विवेक उपाध्याय, कंसलटेंट श्री अतुल त्रिवेदी, स्विमिंग पूल प्रभारी श्री दिनेश बागोरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल एवं प्रभारी श्री नंदकिशोर पहाड़िया ने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल के विभिन्न कार्यों का बारीकी से अवलोकन करते हुए निर्माण की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता एवं शेष कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कार्य में हो रही देरी के कारणों की जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माणाधीन आधुनिक स्विमिंग पूल के शेष रहे कार्य प्राथमिकता से जल्द से जल्द पहले पूर्ण करें, इस हेतु अतिरिक्त संसाधन एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि स्विमिंग पूल का उपयोग शीघ्र शुरू हो सके और नागरिकों का उसका लाभ मिल सके तथा योजना के अन्य सभी कार्य यथा बैडमिटन, टेबल टेनिस हॉल, एलिवेशन का कार्य चरणबद्ध रूप से करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करे।

# संभाग के 8 जिलों में धरती आबा योजना में 292 करोड़ के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति, कार्य हुए प्रारंभ

## संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने शिक्षा से जुड़े सभी विभागों के साथ की समीक्षा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े ने संभागायुक्त कार्यालय में शिक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के साथ समीक्षा की। इसमें उन्होंने स्कूल शिक्षा सहित जनजाति कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा सहित श्रम विभाग अंतर्गत संचालित आवासीय शिक्षा के संबंध में नवीन शिक्षा सत्र में पंजीकृत विद्यार्थियों सहित उन्हें सायकिल वितरण के अलावा इससे जुड़े अहम बिंदुओं पर समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) श्रीमती शिवानी वर्मा, जनजाति कार्य विभाग उपायुक्त श्री गणेश भाभर, कौशल विकास विभाग संयुक्त संचालक श्री निखिल सिंघल, उच्च शिक्षा विभाग अपर संचालक डॉ. किरणबाला सलूजा सहित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनजाति कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि धरती आबा योजनांतर्गत शिक्षा सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति हुई है। शासन द्वारा संभाग के 8 जिलों में जनजाति जनपदों में 292 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत किए है। इसमें 32 कार्य पूर्ण किए गए है। जबकि शेष कार्य प्रगतिरत के साथ ही कार्य आदेश जारी करने, निविदापूर्ण व निविदाएं आमंत्रित करने की स्थिति में है। सबसे अधिक 70 कार्य धार जिले में स्वीकृत होकर 14 कार्य पूर्ण हो चुके है। कौशल विभाग द्वारा बताया गया कि सम्भाग में 9 आईटीआई में 6 ट्रेड भवन तथा 60-60 सीटर के बालक व बालिकाओं के विद्यार्थियों के लिए छात्रावासों का कार्य प्रारंभ हो गया है।



### रोजगार से जुड़े 12 पाठ्यक्रम शुरू होंगे

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा 12 नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने है जो सीधे रोजगार से जुड़े है। संभागायुक्त डॉ.खाड़े ने निर्देश दिए है कि इन नवीन पाठ्यक्रमों की निरंतर निगरानी करते हुए बेहतर गेस्ट फैकल्टी को आमंत्रित करते हुए विजिट एक्सपोजर के लिए भी ले जाने की रूपरेखा बनाए। इन 12 पाठ्यक्रमों में बी.कॉम इन रिटेल ऑपरेशन व लॉजिस्टिक, एचआर ऑपरेशन, इवेंट मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग एंड एडवरटाइजिंग, रियल स्टेट एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट और बी.एससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी शामिल है।

### दो बाइक्स की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**शाजापुर, निप्र।** दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पीरूलाल 35 वर्ष पिता सिद्धूलाल निवासी छपरा, शाजापुर की ओर आ रहे थे। वहीं कृपाल 30 पिता नारायण एवं रामप्रसाद पिता नंदराम निवासी लसुल्ड़िया, अपने गांव से रोज की तरह भगवती कोल्ड स्टोर पर काम करने जा रहे थे।


**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDERS (2nd Call)**

Online percentage rate bids are invited for the following work from experienced firms or manufacturers of repute fulfilling eligibility criteria as per NIT :-

| S. No. | System Tender No. MPHB/ Tender-ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. Lakh) | Completion Period (Months) | Date of Submission of Bids | Date of Opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 508423_2 | Remaining construction work of Excellence High. Sec. School (14 Rooms) Atta. Teh. Sondwa Distt. Alirajpur. | Rs. 77.75 Lakh | 06 Month Including Rainy Season | 21.07.2026 10:30 A.M. To 10.08.2026 05:30 Hrs. | Envelope-A 11.08.2026 at 05:30 Hrs. Envelope-C 11.08.2026 at 05:45 Hrs. |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https//www.mptenders.gov.in.** (2) The bid documents can be purchased online only as per schedule : **21.07.2026 at 10:30 A.M. to 10.08.2026 at 05:30 Hrs.** (3) **Note :** Required Document & EMD will be accept online Only. (4) Amendments to NIT if any would be published on website only, and not in newspapers.

**(ARUN KUMAR AWASTHI, E.E.)**
**Division Dhar**
**Mob. 8085499919**

**Visit us : www.mphousing.in**
M.P. Madhyam/127027/2026
/mphidb /mphidb



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, महानगर इन्दौर**

**क्रमांक :- पु.उपा./इं./मुख्या/र.नि./स्टोर/4768-बी/26** **दिनांक : 17.07.2026**

**:: निविदा सूचना ::**

कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय इन्दौर द्वारा पुलिस कमिश्नरेट इन्दौर के लिये नास्ता एवं भोजन पैकेट क्रय किये जाने के संबंध में खुली निविदा https://mptenders.gov.in पोर्टल पर जारी की जा रही है, निविदा की समय अवधि निम्नानुसार है :-

| सं.क्रं. | निविदा विवरण | दिनांक | समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा जारी होने की दिनांक | 20.07.2026 | सुबह 10.00 बजे से | |
| 2. | प्री-बिड मीटिंग | 29.07.2026 | शाम 04.00 बजे | |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 03.08.2026 | शाम 05.00 बजे तक | |
| 4. | निविदा खोले जाने की दिनांक | 04.08.2026 | शाम 05.00 बजे | |

जी-15941/26 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

**पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय)**
**नगरीय इन्दौर**



**VASTU HOUSING FINANCE**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
पंजीकृत पता : यूनिट नंबर-203 और 204, द्वितीय तल ए विंग नवभारत एस्टेट ज़कारिया बंदर मार्ग रोड सेवरी पश्चिम, मुंबई -400 015, भारत।
सीआईएन नं. : U65922MH2005PLC272501

**कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने नीचे उल्लिखित तिथि को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसका उल्लेख नीचे किया गया है तथा उस पर ब्याज, लागत आदि।

| एस. एन. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम तथा लैन नं. | मांग नोटिस की तिथि और राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभु लाल राठौर (उधारकर्ता), सीमा बाई राठौर (सह-उधारकर्ता) HL0000000109335 LP0000000173224 | 17-अप्रैल-26 ₹10,71,454/- और ₹3,78,635/- (16-अप्रैल-26 तक) | अचल संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो यहाँ स्थित है: प्लॉट/घर, मकान नंबर 315, वार्ड नंबर 14, पटवारी हल्का नंबर 66 (सरल क्रमांक 2342), ग्राम चौबाराजागीर, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास, मध्य प्रदेश, पिन कोड 455118। कुल क्षेत्रफल - 1080 वर्ग फुट (100.37 वर्ग मीटर)। सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर - स्थानीय रास्ता, दक्षिण - अपना प्लॉट, पूर्व - राजेश शर्मा का घर, पश्चिम - जीवनलाल का घर। | प्रतिकात्मक कब्ज़ा 16-जुलाई-26 को लिया गया |
| 2 | राजेंद्र सिंह (उधारकर्ता), ममता बाई (सह-उधारकर्ता) HL0000000147866 | 17-फ़रवरी-26 ₹5,31,112/- (17-फ़रवरी-26 तक) | अचल संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो यहाँ स्थित है: खसरा नंबर 264 का हिस्सा, पटवारी हल्का नंबर 69, (सरल क्रमांक 2393) ग्राम महू, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास (म.प्र.) 455118। कुल प्लॉट का क्षेत्रफल 1350 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर - सड़क, दक्षिण - सर्वे नंबर 264 की बाकी ज़मीन, पूर्व - विकास जी की ज़मीन, पश्चिम - सर्वे नंबर 264 की बाकी ज़मीन। | प्रतिकात्मक कब्ज़ा 16-जुलाई-26 को लिया गया |

दिनांक : 21.07.2026
स्थान : देवास

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड



इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

मंगलवार, 21 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष-07

हर आवाज को मौका मिले और हर विचार का सम्मान हो...05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!


# हिंसक हुए कॉकरोच... दिल्ली में कई जगह पथराव-तोड़फोड़

## सुबह शुरू हुआ 'संसद मार्च', शाम तक सामने आ गईं हिंसा की तस्वीरें

नई दिल्ली, एजेंसी

**कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अपील पर सोमवार को दिल्ली में आयोजित 'संसद मार्च' के दौरान जमकर बवाल हुआ। सुबह जहां प्रदर्शनकारी हंगामा करते हुए संसद भवन के बेहद करीब तक पहुंच गए तो शाम होते-होते कई जगहों से हिंसा की तस्वीरें भी सामने आईं।**

दिल्ली का दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में भीड़ हिंसक हो गई और जमकर तोड़फोड़ करती नजर आई। वहीं, फिरोज शाह रोड पर भी पुलिस पर पथराव किया गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने की कोशिश की। नीट पेपर लीक की वजह से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही सीजेपी 20 जून से ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही थी। 20 जुलाई को संसद मार्च का ऐलान किया गया था। भीड़ की कमी से जूझ रहे आंदोलन में शनिवार से तब भीड़ बढ़नी शुरू हो गई जब सोनम वांगचुक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया और सीजेपी के फाउंडर दीपके भी भूख हड़ताल शुरू कर दी। सोमवार को संसद मार्च के दौरान इतनी भीड़ उमड़ी कि पुलिस के इंतजाम नाकाफी साबित हुए।



### कनॉट प्लेस पर जुटे प्रदर्शनकारी

संसद मार्ग, कर्तव्य पथ समेत संवेदनशील इलाकों से खदेड़े गए प्रदर्शनकारी कनॉट प्लेस के पास जाकर एकत्रित हो गए। पालिका बाजार, रीगल सिनेमा, सेंट्रल पार्क जैसे इलाकों में हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी नारेबाजी करने लगे। यहां से पुलिस लगातार उन्हें हटाने का प्रयास करती रही। इस बीच कुछ उपद्रवियों ने पुलिस को निशाना बनाकर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने की कोशिश की।



### संसद के करीब पहुंचे प्रदर्शनकारी

अभिजीत दीपके समेत सीजेपी के अधिकतर नेता जहां जंतर-मंतर पर ही मौजूद रहे तो उनके समर्थक संसद की ओर बढ़ने लगे। पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए प्रदर्शनकारी संसद भवन के बेहद नजदीक तक पहुंच गए। रेल भवन के पास बवाल होने के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और भीड़ को खदेड़ा।

### पथराव और टकराव में कई पुलिसकर्मी जख्मी

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक फिरोज शाह रोड पर भी प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को निशाना बनाते हुए पथराव किया। हालांकि, पुलिस ने जल्द ही भीड़ को नियंत्रित कर लिया। यहां भी पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जगह-जगह प्रदर्शनकारियों संग हुए टकराव में दिल्ली पुलिस के कई जवान जख्मी हुए हैं।

### दिल्ली पुलिस ने की शांति की अपील

दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। एडिशनल सीपी राजीव रंजन ने कहा कि दिल्ली पुलिस सभी प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने, संयम बरतने और शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील करती है। सभी लोगों से अनुरोध है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से व्यवहार करें, किसी भी गैर-कानूनी या हिंसक गतिविधि में शामिल न हों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों या कर्मियों के कानूनी निर्देशों का पालन करें। जनता को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी प्लेटफॉर्म के जरिए अफवाहों, गलत जानकारी या बिना पुष्टि वाली सामग्री पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलाएं। नागरिकों से अनुरोध है कि वे जानकारी के लिए केवल विश्वसनीय स्रोतों पर भरोसा करें और शांति, सद्भाव व कानून-व्यवस्था बनाए रखने में दिल्ली पुलिस का सहयोग करें।'

## फर्स्ट कॉलम

### मध्यप्रदेश में मानसून सुस्त, 39 जिलों में बारिश का संकट



भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में मानसून की रफ्तार एक बार फिर धीमी पड़ गई है। पिछले कई दिनों से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में जोरदार बारिश नहीं होने के कारण वर्षा का घाटा बढ़कर 16 प्रतिशत पहुंच गया है। सबसे अधिक असर पूर्वी मध्य प्रदेश में देखने को मिला है, जहां सामान्य से 23 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिनों तक अधिकांश जिलों में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा, जबकि जुलाई के अंतिम सप्ताह में मजबूत मौसम तंत्र सक्रिय होने से अच्छी बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 39 जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है।

### सऊदी अरब के खिलाफ हूती विद्रोहियों ने लागू की नौसैनिक नाकेबंदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए तत्काल प्रभाव से नौसैनिक नाकेबंदी लागू करने की घोषणा की है। रॉयटर्स के मुताबिक संगठन के सैन्य प्रवक्ता ने टेलीविजन पर प्रसारित बयान में कहा कि अब सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री प्रतिबंध लागू रहेगा। हूती विद्रोहियों ने इसे 'आंख के बदले आंख' की नीति के तहत उठाया गया कदम बताया है। इस घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हूती विद्रोहियों का आरोप है कि सऊदी अरब ने उनके नियंत्रण वाले इलाकों पर जमीन, समुद्र और हवाई मार्ग से व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं।

### महाराष्ट्र के पालघर में दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम में डकैती

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानू कस्बे में सोमवार को दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शोरूम में हथियारबंद बदमाशों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, शाम करीब 4:30 बजे इरानी रोड स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स में तीन नकाबपोश बदमाश मोटरसाइकिल से पहुंचे। उनके पास बंदूक और धारदार हथियार थे। बदमाशों ने कर्मचारियों और ग्राहकों को हथियार दिखाकर धमकाया और शोरूम से सोने के आभूषण तथा नकदी लूट ली। वारदात के बाद आरोपियों ने लोगों में दहशत फैलाने और आसानी से भागने के लिए कई राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए।

### भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट अवैध खनन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जालंधर जोनल ऑफिस ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत 16 जगहों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई पठानकोट जिले के भटियन गांव (गोल पंचायत) में शामलात जमीन पर रेत की अवैध माइनिंग के मामले में की गई है। आरोप है कि तत्कालीन एडिशनल डिप्टी कमिश्नर कुलदीप सिंह के एक विवादित आदेश के जरिए इस जमीन को अवैध रूप से ट्रांसफर किया गया था। भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट अवैध माइनिंग के जरिए ड्रग तस्करों और आतंकियों को फायदा पहुंचाने के इस केस में कई लोग शामिल हैं।

## पीर पंजाल की पहाड़ियों में भूस्खलन

# कश्मीर में बारिश से तबाही का सिलसिला जारी, 23 की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश के चलते मंडी तहसील के लोरन ब्लॉक के पीर पंजाल पहाड़ियों में स्थित दोमेल ढोक क्षेत्र में हुए भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ।**

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जम्मू में बारिश से जुड़ी नई घटनाओं में एक महिला और उसके दो बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जिससे पिछले दो दिनों में मरने वालों की संख्या 23 हो गई है। सोमवार को लगातार बारिश के बीच दोमेल ढोक इलाके में अचानक भूस्खलन हुआ, जिसमें कई लोग मलबे की चपेट में आ गए। यह क्षेत्र बेहद दूरदराज और दुर्गम होने के कारण घटना की जानकारी प्रशासन तक देर शाम पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही मंडी प्रशासन और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रशासन एवं पुलिस दल को घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया है। लगातार बारिश के कारण पुंछ जिले के कई इलाकों में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पुंछ के लोरन के ऊपरी इलाकों में भूस्खलन से एक मिट्टी का घर ढह गया। इसमें एक महिला और उसके दो बच्चों सहित सात लोग जिंदा दफन हो गए। मृतकों की पहचान जाहिदा बेगम (38), उनके बेटे मनन रफीक (6), बेटी अलीसा (4), देवर तनवीर अहमद भट्ट (27), ननद शमीम अख्तर (33), शबनम बानो (31) और भतीजे मोहम्मद इरफान (17) के रूप में हुई है। ये सभी अरिगाम गांव, मंडी तहसील के निवासी थे।



### जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, गोला बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

**बारामुला, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया गया है। बारामूला जिले के कांडी वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया दौरान आतंकियों के छिपाए गई युद्ध सामग्री (वार-लाइक स्टोर्स) का बड़ा जखीरा बरामद किया। इस प्रकार एक संभावित आतंकी साजिश को सुरक्षाबलों द्वारा नाकाम किया कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह संयुक्त अभियान 20 जुलाई को बारामूला पुलिस को मिली खुफिया सूचना के बाद शुरू किया गया। अभियान में भारतीय सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स (आर आर), बारामूला पुलिस, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन तथा एसएसबी ने संयुक्त रूप से भाग लिया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपाकर रखी गई 2 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), 2 पिस्तौल तथा कारतूस बरामद किए।

## डीजीसीए ला रहा नया सिस्टम

# विमान से जुड़ी घटनाओं की रिपोर्ट होगी ऑनलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

**देश में हवाई सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) जल्द ही एक डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने जा रहा है, जिसके जरिए विमानन क्षेत्र से जुड़ी घटनाओं की रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज की जा सकेगी।**

सरकार का कहना है कि इससे घटनाओं की जानकारी समय पर मिलेगी, जांच की प्रक्रिया तेज होगी और सुरक्षा निगरानी पहले से ज्यादा प्रभावी बन सकेगी। इसके साथ ही सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि सामान्य परिस्थितियों में हवाई किरायों का निर्धारण बाजार की मांग और आपूर्ति के आधार पर ही होता रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि डीजीसीए इस समय ईजीसीए पोर्टल पर घटना रिपोर्टिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से विमानन कंपनियां और संबंधित संस्थाएं अनिवार्य घटना रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जमा कर सकेंगी। अभी कई मामलों में रिपोर्टिंग और उसकी प्रक्रिया में समय लगता है, लेकिन नए सिस्टम के लागू होने के बाद जानकारी तेजी से संबंधित अधिकारियों तक पहुंचेगी और उस पर समयबद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।



### विमान सुरक्षा व्यवस्था और ज्यादा प्रभावी होगी

सरकार का मानना है कि इससे विमानन सुरक्षा व्यवस्था और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी होगी। सरकार के अनुसार, नया डिजिटल प्लेटफॉर्म ईजीसीए पोर्टल का हिस्सा होगा। इसका उद्देश्य विमानन क्षेत्र में होने वाली किसी भी अनिवार्य घटना की रिपोर्ट को ऑनलाइन दर्ज करना और उसकी डिजिटल प्रोसेसिंग करना है। इससे रिपोर्ट भेजने, उसकी जांच शुरू करने और रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का पूरा काम एक ही प्रणाली के जरिए किया जा सकेगा। इससे कागजी प्रक्रिया कम होगी और रिपोर्टिंग में होने वाली देरी भी घटेगी। अधिकारियों को घटनाओं का विश्लेषण करने और भविष्य में सुरक्षा सुधार से जुड़े फैसले लेने में भी आसानी होगी।

# भारी बारिश के चलते उत्तराखंड में चारधाम यात्रा स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश, मौसम विभाग द्वारा जारी 'रेड और ऑरेंज' अलर्ट तथा चारधाम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए सोमवार को एहतियातन चारधाम यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौजूदा मौसम और यात्रा मार्गों की स्थिति के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने और परिस्थितियां सामान्य होने के बाद ही यात्रा दोबारा शुरू की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है।



राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर यात्रा मार्ग प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया। गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर मौजूद तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाए तथा किसी भी यात्री को तब तक आगे न भेजा जाए, जब तक मार्ग पूरी तरह सुरक्षित घोषित नहीं कर दिया जाता।

# सीधे सुप्रीम कोर्ट आने की प्रथा पर भड़के सीजेआई सूर्यकांत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक संपत्ति को गिराए जाने से बचाने की याचिका को तुरंत लिस्ट करने से इनकार कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस मामले पर सीधे सुनवाई करने से मना कर दिया और दोहराया कि याचिकाकर्ताओं को पहले संबंधित हाई कोर्ट जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने उसी दिन सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि मंजूर बिल्डिंग प्लान होने के बावजूद अधिकारी इसे गिराने की कार्रवाई कर रहे थे।

वकील ने तर्क दिया कि हालांकि अधिकारियों का आरोप था कि निर्माण तालाब वाले इलाके में हुआ है, लेकिन बिल्डिंग का निर्माण



विधिवत मंजूर प्लान के अनुसार किया गया था।हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने तत्काल सुनवाई करने या कोई अंतरिम सुरक्षा आदेश देने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि अगर इसे आज पूरी तरह गिरा भी दिया जाए, तो भी मैं ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर शुरुआती स्तर पर सुनवाई नहीं करेगा।बेंच ने याचिकाकर्ता को संबंधित हाई कोर्ट में जाकर राहत पाने का निर्देश दिया।

## ट्रंप बोले- हमने बदला ले लिया, कुवैत भी एक्शन में

# अमेरिका का ईरान पर फिर भीषण हवाई हमला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने अपने एक और सैनिक की मौत की पुष्टि होने के बाद सोमवार को ईरान पर नए हवाई हमले किए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने के लिए की गई है। इसके साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और दोनों देश पूर्ण युद्ध के करीब दिखाई दे रहे हैं। अमेरिकी सेना के अनुसार, शनिवार को इराक में ईरान की ओर से किए गए ड्रोन हमले में एक अमेरिकी सैनिक मारा गया। इससे पहले जॉर्डन में हुए हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत, एक सैनिक के लापता होने और चार के घायल होने की पुष्टि की जा चुकी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'हमने रात में उन पर फिर बेहद जोरदार हमला किया है। हमने यह कार्रवाई अपने सैनिकों की मौत का बदला लेने के लिए की है। अमेरिकी सेना के मुताबिक, मौजूदा संघर्ष में अब तक 17 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं।अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि जॉर्डन में हुए हमले के जवाब में ईरान के अर्धसैनिक बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को निशाना बनाया गया। हमलों का उद्देश्य उन सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना बताया गया, जिनका इस्तेमाल क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और जहाजों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। ईरान की ओर से जॉर्डन की दिशा में मिसाइलें दागी गईं।



## Cartoon Corner




## बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

# मप्र को आयुष्मान भारत योजना में मिला राष्ट्रीय सम्मान

विनय उजाला

**भोपाल। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश को 'बेस्ट परफार्मिंग लार्ज स्टेट- हाइयेस्ट प्री-ऑथोराइजेशंस विथ बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन' श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया है।**

यह सम्मान योजना के अंतर्गत बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन प्रक्रिया के प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया। मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के बड़े राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। जनसंपर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने सोमवार को बताया कि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यह उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुशासन और जनहितकारी कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश की पूरी टीम, जिला अधिकारियों, चिकित्सालयों और योजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।



### दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में हुआ कार्यक्रम

जनसंपर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित राष्ट्रीय समीक्षा बैठक (चिंतन शिविर) में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल, संयुक्त सचिव किरण गोपाल वास्का सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण एवं यूआईडीएआई (आधार) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यक्त की प्रसन्नता

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुशासन और जनहितकारी कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश की पूरी टीम, जिला अधिकारियों, चिकित्सालयों और योजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।



# सम्पादकीय

## संवाद की जगह बल प्रयोग क्यों?

भारत समेत दुनिया भर में अनशन के जरिए व्यवस्था में बदलाव लाने की कोशिशें इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। आजादी के बाद देश के संविधान में अभिव्यक्ति के अधिकार को शामिल किया गया, जिसमें शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन की अनुमति का भी प्रावधान है। संविधान देश के हर नागरिक को यह इजाजत देता है कि वह शासन-प्रशासन, संस्था या किसी समूह की नीतियों और निर्णयों को लेकर कानून के दायरे में रहकर अपना असंतोष प्रकट कर सकता है। ऐसे में सवाल है कि क्या किसी व्यक्ति को अनशन करने से जबरन रोका जा सकता है? मामला तब और भी संवेदनशील, गंभीर और महत्त्वपूर्ण हो जाता है, जब अनशन देश की व्यवस्था में सुधार के मुद्दे पर केंद्रित हो। दिल्ली में जंतर-मंतर पर पिछले बीस दिन से अनशन कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा शनिवार को जबरन अस्पताल में भर्ती करा देने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, नीट में गड़बड़ियों को लेकर काकरोच जनता पार्टी (काजपा) की ओर से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की मांग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक ने इस मांग के समर्थन में अनशन शुरू किया था। उम्मीद की जा रही थी कि सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर समाधान का कोई रास्ता निकालेगी, लेकिन इसके विपरीत पुलिस ने वांगचुक को जबरन अस्पताल में भर्ती करा दिया। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार को असल में वांगचुक के स्वास्थ्य की फिक्र है या फिर यह सब आंदोलन की आवाज को दबाने के प्रयास का हिस्सा है? देश में ऐसी कई घटनाओं के उदाहरण हैं, जब सरकार या उसके प्रतिनिधियों ने आंदोलनकारियों से बातचीत कर उन्हें भरोसे में लेकर अनशन समाप्त कराया है। फिर क्या वजह है कि इस मामले में सरकार को प्रदर्शनकारियों से संवाद की अब तक कोई जरूरत ही महसूस नहीं हुई और अनशन को बलपूर्वक समाप्त कराने की कोशिश को ही प्राथमिकता दी गई। यह सच है कि सोनम वांगचुक के लगातार अनशन से उनकी सेहत बिगड़ रही थी, लेकिन जिस उद्देश्य के लिए उन्होंने यह कदम उठाया, क्या सरकार के लिए उसका कोई महत्त्व नहीं है? नीट की परीक्षाओं में पर्चालीक और अन्य तरह की गड़बड़ियां अब किसी से छिपी नहीं हैं और सरकार ने भी इसे स्वीकार किया है। ऐसे में अगर युवा वर्ग शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहा है, तो यह सरकार के लिए अप्रासंगिक या महत्त्वहीन विषय कैसे हो सकता है? अनशन के मसले पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने निर्देश में कहा था कि जीवन अनमोल है और वांगचुक के स्वास्थ्य की निगरानी होनी चाहिए। पुलिस अब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के लिए इसी निर्देश का हवाला दे रही है। मगर इस आलोक में सर्वोच्च न्यायालय के वर्ष 2024 के एक फैसले पर गौर करना भी जरूरी है, जिसमें कहा गया था कि भूख हड़ताल पर बैठे किसी शख्स की जिंदगी की हिफाजत करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन साथ में यह भी सुनिश्चित करना होगा कि असहमति जताने के अधिकार में कोई बाधा न आए। जाहिर है, अगर किसी शांतिपूर्ण आंदोलन की आवाज को सुनने के बजाय उसे दबाने का प्रयास किया जाएगा, तो यह लोकतंत्र के लिए किसी आघात से कम नहीं होगा।

## सुविचार

बहुत सौदे होते है, संसार में मगर सुख बेचने
वाले और दु:ख खरीदने वाले नहीं मिलते..!

**- डॉ. रमेश जैन, उज्जैन**

प्रेम, आदर और स्वभाव खुशियों की कुंजी है...
रिश्ते एक दिन की नहीं... सारे जीवन की पूंजी है।

**- राशि परिहार, इंदौर**

यदि किसी का दुख दूर नहीं कर सकते,
तो उसके हालातें पर हंसो भी मत।
याद रखना समय का पहिया घूमते
ही राजा को रंक बनते देर नहीं लगती।

**- दीपक शास्त्री, बेंगलुरु**

जिस दिन से उम्मीदें कम हो जाती है
उसी दिन से सुकून बढ़ने लगता है।

**-सोमनाथ तिवारी, माण्डव**

इंसान के जीवन में इच्छा एवं आवश्यकता
की पूर्ति तो हो सकती है, लेकिन लालच की कभी नहीं..।

**- अर्चना लवानिया**

जीवन को समझने के लिए पीछे मुड़कर देखें
और जिंदगी जीने के लिए हमेशा आगे देखें.
ज़िंदगी बहुत खूबसूरत है।

**- नरेश वर्मा, महू**

## इतिहास के पन्नों में 21 जुलाई : जब देश को पहली महिला राष्ट्रपति और दुनिया को पहली महिला प्रधानमंत्री मिली

भारतीय इतिहास में 21 जुलाई महिलाओं की उपलब्धियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इसी दिन वर्ष 2007 में प्रतिभा देवीसिंह पाटिल राष्ट्रपति चुनाव जीतकर भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल किया था। वहीं, विश्व इतिहास में भी 21 जुलाई का विशेष महत्व है, क्योंकि 1960 में सिरिमावो भंडारनायके दुनिया की



पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। प्रतिभा पाटिल का जन्म 19 दिसंबर 1934 को हुआ था। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद 25 जुलाई 2007 को भारत के 12वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। वर्ष 2007 से 2012 तक उन्होंने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की जिम्मेदारी निभाई और इस पद तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उनकी जीत भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व क्षमता का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है। विश्व राजनीति में भी 21 जुलाई का दिन ऐतिहासिक है। 21 जुलाई 1960 को सिरिमावो भंडारनायके ने तत्कालीन सीलोन (अब श्रीलंका) की प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेकर दुनिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का इतिहास रचा।

---

**विशेष सम-सामयिक**

गर्मी व तेज़ धूप की वजह से पिच की घास सूख गई थी, जिसकी वजह से गेम में गति नहीं आ पायी और कलात्मक ड्रिबल करना भी कठिन रहा। लेकिन इसके बावजूद स्पेन का गेंद पर कब्ज़ा 65 प्रतिशत रहा और अर्जेंटीना को अपने बेहतर प्रतिद्वंदियों के सामने गेंद अपने पास रखने में कड़ा संघर्ष करना पड़ा, जो असफल अधिक रहा।

### फुटबॉल की जुनूनी दुनिया पर

# अब स्पेन की सल्तनत...!



दैनिक विनय उजाला

**- शाहिद ए चौधरी**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**
**इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**



नब्बे मिनट में दोनो में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी थी। हालांकि स्पेन ने दर्जनों अवसर बनाये गेंद को गोल में डालने के लिए, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर एमी मार्टिनेज़ ने फाइनल में रिकॉर्ड 11 बार सफल बचाव किया, जबकि लियोनल मेसी व उनके लड़कों को कोशिश करने का भी अवसर नहीं मिला, जिससे गेम पर ला रोजा की पकड़ का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

बहरहाल, एक्स्ट्रा-टाइम के दूसरे हाफ में 39 सेकंड भी न बीते थे यानी 106वें मिनट में पेड्रो पोर्रो ने लेफ्ट से आउट-स्विंगिंग क्रॉस बैक पोस्ट की तरफ़ मारा, निको विलियम्स गेंद को हेड करके वापस स्पेस में डालने में कामयाब रहे और फेरन टोर्रेस ने हाफ-वॉली को जाल में डाल दिया। डाइव लगाते हुए मार्टिनेज़ देखते रह गये। प्रतियोगिता में पेड्रो का यह एकमात्र गोल था और यही निर्णायक साबित हुआ, जोकि गोल करने का 20वां प्रयास था। टोर्रेस का यह विजयी गोल 19 जुलाई 2026 को ठीक 16 वर्ष व 8 दिन बाद आया था, जब एंड्रेस इनस्टा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ़ एक्स्ट्रा-टाइम में गोल करके 2010 में स्पेन को पहली बार विश्व चैंपियन बनाया था। स्पेन की दूसरी ख़िताबी विश्व कप जीत भी 1-0 के अंतर से ही आयी। मैच के बाद टोर्रेस ने अपने गोल के बारे में कहा, सच कहूं तो मैंने ज़्यादा कुछ सोचा नहीं। मैंने गेंद को अपनी तरफ़ आते हुए देखा और मैंने सभी स्पेनी लोगों की पॉवर से शॉट लगा दिया। गर्मी व तेज़ धूप की वजह से पिच की घास सूख गई थी, जिसकी वजह से गेम में गति नहीं आ पायी और कलात्मक ड्रिबल करना भी कठिन रहा। लेकिन इसके बावजूद स्पेन का गेंद पर कब्ज़ा 65 प्रतिशत रहा और अर्जेंटीना को अपने बेहतर प्रतिद्वंदियों के सामने गेंद अपने पास रखने में कड़ा संघर्ष करना पड़ा, जो असफल अधिक रहा। यह बात उस समय भी सही थी, जब दोनों तरफ़ से 11-11 खिलाड़ी मैदान में थे और ज़्यादा मुश्किल उस समय हो गई, जब अर्जेंटीना के 10 ही खिलाड़ी रह गये थे; क्योंकि एंजो फ़र्नांडज ने दूसरी बार फ़ाउल किया और रेफरी के पास कोई विकल्प न था कि उन्हें बेंच पर बैठा दिया जाये। यह सामान्य समय के अंत से ज़रा पहले की बात है। स्पेन एकमात्र देश है जिसने दो बार यह कमाल किया कि यूरोपीय चैंपियनशिप जीतने के बाद फिर विश्व कप भी जीता। उसने यह कारनामा पहले 2008-2010 में किया और अब 2024-2026 में किया है। स्पेन पहला विश्व कप चैंपियन है, जिसने पूरी प्रतियोगिता में सिर्फ़ एक गोल खाया, इसलिए उसके गोलकीपर उनै साइमन को गोल्डन ग्लव से सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि गोल्डन बॉल स्पेन के रोड्रि को मिली। बेस्ट यंग प्लेयर भी स्पेन के पाव कबरसी रहे और फेयर प्ले अवार्ड नीदरलैंड्स को मिला। तीन प्रमुख प्रतियोगिताएं- कोपा अमेरिकास (2021 व 2024) और विश्व कप 2024 लगातार जीतने के बाद मेसी की अर्जेंटीना चैथे फ्रंटियर पर नाकाम हो गई, विशेषकर इसलिए कि आठ बार बैलोन डी 'ओर जीतने वाले 39-वर्षीय मेसी, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में 8 गोल व 4 असिस्टस का श्रेय प्राप्त किया, को फाइनल में बामुश्किल ही गेंद को स्पर्श करने का अवसर मिला; क्योंकि स्पेन का दबदबा ही कुछ ऐसा था। पूरे फाइनल में मेसी कभी भी ऐसे नहीं लगे कि वह अर्जेंटीना का ख़िताब बरकरार रखने में कामयाब हो जायेंगे। हालांकि वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की कप्तानी लगातार तीन विश्व कप में की है, लेकिन फाइनल में वह वैसे प्रभावी खिलाड़ी नज़र नहीं आये जैसे पहले दो विश्व कप और इस तीसरे विश्व कप के फाइनल से पहले थे। स्पेन ने अपने गेंद पर कब्ज़ा रखने वाले खेल से उतना ही बेबस कर दिया जितना उसने सेमीफाइनल में फ्रांस के काय्लिन एम्बापे को किया था। प्रतियोगिता में 10 गोल व 4 अस्सिट्स के साथ एम्बापे ने मेसी को पछाड़ते हुए गोल्डन बूट अपने नाम किया। एम्बापे ने 2022 में भी गोल्डन बूट जीता था। एम्बापे विश्व के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार दो बार गोल्डन बूट जीता है। ब्राज़ील ने 1958 व 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे। तब से कोई टीम ऐसी सफलता नहीं पा सकी है। अर्जेंटीना के लिए इस दोहराने का अवसर था, लेकिन स्पेन ने उसके इरादों को नाकाम कर दिया। फाइनल के बाद मेसी भावुक हो गये, उनकी आंखों से आंसू भी छलके, शायद इसलिए भी कि विश्व कप में यह उनका अंतिम मैच था। इस जीत ने स्पेन के कोच लुई डे ला फुएंते को यह श्रेय प्राप्त हुआ कि उन्होंने सबसे अधिक आयु में अपनी टीम को विश्व कप खिताब दिलाया। वह 65 बरस के हैं। उन्होंने कहा, हम विश्व चैंपियन हैं और सब मिलकर इस मंच पर पहुंचें हैं, लेकिन अंतिम सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों के बीच कुछ धक्कामुक्की भी देखने को मिली, जिसे जल्द नियंत्रित कर लिया गया। स्पेन जब जश्न मना रहा था तो अर्जेंटीना के अधिकतर खिलाड़ी अविश्वास में टर्फ पर बैठे हुए थे। आख़िरकार समझदारी से काम लिया गया और स्पेन के खिलाड़ी ऑनर गार्ड में खड़े हो गये जब अर्जेंटीना का दल स्टेज पर रनर-अप मैडल लेने के लिए जा रहा था। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कैलोनी ने स्वीकार किया कि स्पेन बेहतर टीम थी। बहरहाल, फीफा 2026 विश्व कप का फाइनल दो राजनीतिक विचारधाराओं के बीच भी था। एक तरफ़ स्पेनी सरकार के वामपंथी आदर्श थे तो दूसरी तरफ़ तरफ़ अर्जेंटीना का अति दक्षिणपंथी नज़रिया। यह टकराव सिर्फ़ मैदान पर ही न था बल्कि मैदान के बाहर भी था कि स्पेनी समर्थक स्टैंड में फिलिस्तीन का झंडा लिए हुए थे। लेकिन इससे भी दिलचस्प मुकाबला अनुभव व यूथ का था। जहां 39 वर्षीय मेसी अपना छठा विश्व कप खेल रहे थे, वहीं 19 वर्षीय लमिने यमाल अपना पहला विश्व कप खेल रहे थे। दोनों खिलाड़ियों की आयु में 20 साल का अंतर था, जिसे अधिक दिलचस्प एक बीस साल पुराने फोटो ने भी बनाया, जिसमें मेसी शिशु यमाल को अपनी गोद में लिए हुए हैं। मेसी के अनुसार वह पहला अवसर था जब उन्होंने किसी बच्चे को अपनी गोद में लिया था और अब 20 साल बाद वह दोनों मैदान में आमने सामने थे। हालांकि इस विश्व कप में टेक्नोलॉजी (वीएआर), राजनीतिक हस्तक्षेप (डोनल्ड ट्रम्प के दबाव में अमेरिका के खिलाड़ी पर से प्रतिबंध हटाना), हाइड्रेशन ब्रेक, फाइनल का देर से शुरू होना व अधिकतम 15 मिनट की बजाय 27 मिनट का हाफ-टाइम ब्रेक होना आदि को लेकर काफी विवाद भी रहा, लेकिन पांच ऐसे बहुमूल्य मंत्र भी सामने आये जो किसी भी क्षेत्र में किसी भी देश या कारपोरेशन के लिए सफलता का आधार बन सकते हैं। एक, टैलेंट पर फोकस करना, वह चाहे कहीं से भी हासिल हो। दो, नागरिकता में कट्टरता न दिखाना। फुटबॉल में खिलाड़ी दूसरे देश के लिए भी खेल सकता है अगर 21 वर्ष का होने से पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हों। तीन, लोगों पर विश्वास करना व उन्हें साथ लाना। चार, अच्छे नियम जो सभी पर एक समान लागू होते हैं, बिना किसी भेदभाव के और पांच, अच्छा नेतृत्व। हर उस टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके पास खिलाड़ियों व कोचों का सक्षम नेतृत्व था।

---

## हाँ, मैं लिखती हूँ

हाँ... मैं लिखती हूँ।
कभी मुस्कुराहट मेरी कलम का श्रृंगार बन जाती है,
तो कभी किसी अनजानी आँख का आँसू
स्याही में घुल जाता है।
मैं शब्द नहीं लिखती,
मैं समय के चेहरे पढ़ती हूँ।
भीड़ में खड़े उस अकेले आदमी को,
बेटी की विदाई में पत्थर बने पिता को,
रात-रात भर जागती माँ को,
और चुप रहकर भी सब कुछ कहती स्त्री को...
मैं महसूस करती हूँ, फिर लिखती हूँ।
क्योंकि कविता कल्पना से जन्म ले सकती है,
पर अमर सिर्फ़ अनुभूति से होती है।
जिसने जीवन की धूप को नंगे पाँव पार किया हो,
जिसने अपनों की ख़ामोशी में टूटते रिश्तों की आवाज़ सुनी हो,
जिसने अपने हिस्से के कुछ आँसू चुपचाप पी लिए हों...
वही जानता है, शब्दों का वज़न स्याही से नहीं,
संवेदनाओं से तौला जाता है।
हाँ... मैंने भी ज़िंदगी को केवल देखा नहीं, जीया है।
कभी दर्द को होंठों की मुस्कान में छिपाया,
कभी टूटकर भी दूसरों को हौसला दिया।
शायद इसलिए मेरी कलम सिर्फ़
अक्षर नहीं लिखती, धड़कनें लिखती है।
मैं जब प्रेम लिखती हूँ,
तो उसमें प्रतीक्षा भी होती है। जब विरह लिखती हूँ,
तो उसमें विश्वास भी होता है। जब संघर्ष लिखती हूँ,
तो उसके अंत में एक दीपक अवश्य जलता है।
मैं हर कविता में अपने समय का सच,
अपने समाज का दर्द, और इंसानियत की बची हुई
थोड़ी-सी रोशनी सहेज लेना चाहती हूँ।
हाँ... मैं लिखती हूँ।
क्योंकि मेरी कलम जानती है-
घाव चाहे मेरे हों या किसी और के,
यदि वे हृदय तक पहुँचते हैं, तो कविता बन जाते हैं।
और जिस दिन मेरे शब्द किसी थके हुए
मन को जीने की वजह दे देंगे...
उसी दिन समझूँगी,
मैंने कविता नहीं,
एक धड़कते हुए मन को आवाज़ दी है।



दैनिक विनय उजाला

**रेनू शब्दमुखर**
**हिंदी विभागाध्यक्ष**
**ज्ञानविहार स्कूल जयपुर**

---

## भारत के बढ़ते कदम और ट्रंप का टैरिफ हथियार



दैनिक विनय उजाला

**- डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



विश्व राजनीति में इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर भी उतनी ही आक्रामक लड़ाई चल रही है, जितनी कि किसी युद्ध के मैदान की आवश्यकता रहती है। कभी प्रतिबंध, कभी तकनीकी नियंत्रण, कभी वित्तीय दबाव और अब टैरिफ, वस्तुत- ताकतवर देश हर आर्थिक हथियार का इस्तेमाल कर रहे हैं। बड़ा उदाहरण हमारे सामने ब्राजील पर अमेरिका का अचानक 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाना है।

एक तरह से कहें तो यह उन सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है, जोकि अपनी विदेश नीति स्वतंत्र रूप से तय करना चाहती हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है, इसलिए जो संभावना बन रही है, वह यही है कि अमेरिका ने जैसे सेक्शन-301 प्रावधानों का उपयोग कर ब्राजील की बड़ी अर्थव्यवस्था पर अपनी कार्रवाई की, वैसे ही वह भारत के साथ भी कर सकता है। अत- भारत को अपने भविष्य के संभावित आर्थिक दबावों के प्रति बहुत सतर्क रहने की जरूरत है।

यह तो अच्छा है जो आज का भारत बीस वर्ष पहले वाला नहीं है। वह वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक निर्णायक केंद्र बनता जा रहा है। वह ब्रिक्स का प्रभावशाली सदस्य है। इंडो-पैसिफिक में उसकी भूमिका लगातार मजबूत हुई है। रूस से लेकर पश्चिम एशिया तक उसने अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप संतुलित विदेश नीति अपनाई है। यही स्वायत्तता एक तरह से देखें तो भारत की सबसे बड़ी ताकत है, किंतु यही कुछ महाशक्तियों की असहजता का कारण भी है।

डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को देखें तो एक बात बिल्कुल स्पष्ट है, उनके लिए टैरिफ राजनीतिक और सामरिक दबाव का सबसे प्रभावी हथियार है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने चीन, कनाडा, मैक्सिको, यूरोपीय संघ और भारत सहित अनेक देशों पर टैरिफ लगाकर यह संकेत दिया था कि अमेरिका अपने आर्थिक हितों के लिए किसी भी स्तर तक जा सकता है। ट्रंप स्वयं कई बार सार्वजनिक रूप से टैरिफ की प्रशंसा कर चुके हैं। इसलिए यदि भविष्य में उनकी सरकार फिर से कठोर व्यापारिक नीति अपनाती है, तो भारत को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि वर्तमान में जिस तरह के हालात दिख रहे हैं, उनमें यही दिखता है।

दूसरी ओर ब्राजील पर की गई कार्रवाई ने इस आशंका को और गहरा किया है। अमेरिकी अधिकारियों ने अपने तर्कों में ब्राजील के भारत और मैक्सिको के साथ बढ़ते व्यापारिक संबंधों का भी उल्लेख किया है। इसे संयोग नहीं माना जा सकता है। वहीं, भू-राजनीति में यह स्पष्ट दिखाई भी दे रहा है कि कैसे ब्रिक्स का विस्तार हो रहा है, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। डॉलर पर निर्भरता कम करने की बातें सामने आ रही हैं और वैश्विक दक्षिण अपनी अलग आर्थिक पहचान बनाने का प्रयास कर रहा है। स्वाभाविक है कि अमेरिका इन परिवर्तनों को अपने लिए चुनौती के रूप में देख रहा है।

भारत के संदर्भ में सबसे संवेदनशील एक विषय फिर रूस से कच्चे तेल की खरीद भी है। यूक्रेन युद्ध के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाए, तब भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उसकी पहली प्राथमिकता अपने नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा है। भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल खरीदना जारी रखा और इसका सीधा लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मिला। अब अमेरिका में ऐसे प्रस्ताव सामने आए हैं, जिनमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की बात कही जा रही है। भारत और चीन जैसे देश इस चर्चा के केंद्र में हैं। यह संकेत पर्याप्त है कि अमेरिका आर्थिक दबाव की नीति को आगे बढ़ाने के विकल्प खुले रखना चाहता है।

यहां एक दिलचस्प बात यह भी है कि रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने वाले कई यूरोपीय देशों के लिए अलग दृष्टिकोण दिखाई देता है, जिसमें कि भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा संदेश यह है कि अब अकेले राजनीतिक कूटनीति से काम नहीं चलेगा, उसे अपनी आर्थिक कूटनीति को भी बहुत मजबूत बनाना होगा। यदि किसी एक देश का निर्णय भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकता है, तो इसका समाधान यही है कि भारत अपने निर्यात बाजार का तेजी से विस्तार करे, जैसा कि इन दिनों एफटीए के रूप में हम देख भी रहे हैं। फिर किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत यही होती है कि वह एक बाजार पर निर्भर न रहे।

एक बार को यदि एतिहासिक संदर्भ में इस पूरे प्रकरण को देखें तो ध्यान में आता है कि बाहरी दबाव अकसर उन राष्ट्रों को और अधिक मजबूत बना देते हैं जो दूरदर्शिता के साथ अपनी नीतियां तय करते हैं। 1998 के परमाणु परीक्षण से लेकर कई बार के वैश्विक दबावों के उदाहरण हमारे सामने हैं। कहना होगा कि आज भी परिस्थितियां वैसी ही पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। यदि भविष्य में अमेरिका टैरिफ को दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है, तो भारत के सामने इसका सबसे बड़ा जवाब यही होगा कि वह अपनी आर्थिक क्षमता को और अधिक मजबूत बनाए।

वैसे भी भारत आज विश्व की सबसे युवा कार्यशक्ति, विशाल घरेलू बाजार, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था, मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं और निरंतर बढ़ती वैश्विक साख के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे राष्ट्र की प्रगति को सिर्फ टैरिफ के सहारे लंबे समय तक नहीं रोका जा सकता। चुनौती अवश्य आएगी, इसलिए यह समय अपनी तैयारी का है। यदि भारत अपनी आर्थिक कूटनीति, ऊर्जा सुरक्षा, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक व्यापारिक साझेदारियों को और मजबूत करता है, तो कोई भी बाहरी दबाव उसकी विकास यात्रा को रोक नहीं सकेगा। फिर संत तुलसीदास जी अपने रचित ग्रंथ रामचरितमानस के (बालकांड) में कह ही गए हैं-

**सुभ अरु असुभ सलिल सब बहई।**
**सुरसरि कोउ अपुनीत न कहई॥**
**समरथ कहुँ नहिं दोषु गोसाईं।**
**रबि पावक सुरसरि की नाईं॥**

इसका विस्तृत अर्थ यही है कि जिस प्रकार गंगाजी में पवित्र और अपवित्र (सभी तरह का) जल बहता है, फिर भी कोई गंगा को दूषित या अपवित्र नहीं कहता; सूर्य संसार की अच्छी-बुरी हर चीज को प्रकाशित करता है और अग्नि सभी चीजों को जलाकर भी स्वयं पवित्र रहती है, उसी प्रकार सामर्थ्यवान (समर्थ) व्यक्ति पर कोई दोष नहीं लगता।

---

# बारिश में फंगल इंफेक्शन से बचाने वाले सात हर्बल उपाय

**रेखा देशराज**

मानसून का मौसम जितना सुकून देता है, त्वचा के लिए यह उतना ही चुनौतीभरा होता है। वातावरण में बढ़ी हुई नमी, लगातार पसीना, भीगे कपड़े, गीले जूते-चप्पल, फंगल के पनपने के लिए आदर्श माहौल बना देते हैं। यही कारण है कि जुलाई और अगस्त के महीनों में त्वचा संबंधी फंगल संक्रमण तेजी से बढ़ जाते हैं। फंगल संक्रमण को कोई बीमारी नहीं माना जाता है। लेकिन समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह लंबे समय तक परेशान कर सकता है। इसकी शुरुआत अकसर हल्की खुजली, लाल चकत्तों या त्वचा के छिलने से होती है। लेकिन बाद में यह दूसरे हिस्सों में भी फैल जाता है। अच्छी बात यह है कि कुछ सरल हर्बल उपाय और नियमित स्वच्छता अपनाकर हम इस जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। आइये जानते हैं यह कैसे संभव है?

### नीम का उपयोग

नीम में प्राकृतिक जीवाणुरोधी और फंगलरोधी गुण पाये जाते हैं। सप्ताह में दो तीन बार नीम की पत्तियों को पानी में उबाल लें और उसी पानी से स्नान करें, सौ फीसदी लाभ होगा। यदि पैरों में संक्रमण की शुरुआत महसूस हो रही हो तो नीम के गुनगुने पानी में 15 से 20 मिनट तक पैर डुबोकर रखें, दिन में तीन बार ऐसा करें, दो दिन के बाद फंगल संक्रमण की आशंका खत्म हो जायेगी।

### हल्दी का लेप

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन तत्व शरीर की सूजन कम करने और त्वचा की कई तरह परेशानियों के लिए रामबाण माना जाता है। वैसे भी हमारे घर-परिवारों में हल्दी को दही या ऐलोवेरा के साथ मिलाकर त्वचा पर लगाने की लंबी परंपरा है। लेकिन बारिश के दिनों में यदि त्वचा पर किसी तरह का घाव हो गया हो, पस हो गई हो या गंभीर संक्रमण हो, तो घरेलू लेप लगाने की बजाय डॉक्टर की सलाह लें। लेकिन खुश्की, खुजली और रैशेज जैसी सामान्य समस्या हो, तो इसके लेप या उबटन से खुद ही छुटकारा पाया जा सकता है।

### जलन और खुश्की से बचाये ऐलोवेरा

ऐलोवेरा की तासीर ठंडी होती है और यह त्वचा के लिए बहुत कारगर समझा जाता है। अगर बारिश के दिनों में त्वचा में लगातार जलन महसूस हो रही हो, साथ ही हल्की खुजली भी हो तो ऐलोवेरा का इस्तेमाल लाभदायक होता है। इसके लिए ताजा ऐलोवेरा जैल या शुद्ध जैल को त्वचा को साफ करके उस पर लगाना चाहिए। इससे त्वचा को तुरंत आराम मिलता है। लेकिन एक बात जरूर ध्यान रखनी चाहिए कि जब ऐलोवेरा जैल लगाएं, उस समय त्वचा की प्रभावित जगह पूरी तरह से सूखी होनी चाहिए।

### फंगल से बचाता है चाय के पेड़ का तेल

चाय के पेड़ के तेल को जिसे टी ट्री ऑयल कहते हैं, फंगल इंफेक्शन में बहुत कारगर होता है। लेकिन इसे कभी भी सीधे त्वचा पर नहीं लगाना चाहिए, इसे किसी दूसरे ऑयल जैसे नारियल और बादाम का तेल मिलाकर लगाना चाहिए, फिर भी त्वचा पर इसके इस्तेमाल के पहले त्वचा के एक बेहद छोटे पैच पर इसका परीक्षण कर लेना चाहिए और जब आपका शरीर इसके अनुकूल लगे तभी इस्तेमाल करना चाहिए। चाय की पत्ती के पेड़ का तेल, एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल और हल्के एंटीसेप्टिक गुण वाला होता है। इसलिए इसका उपयोग स्किन केयर और हेयर केयर उत्पादों में किया जाता है। साथ ही इसका उपयोग बारिश के दिनों में पैरों के फंगल संक्रमण, हल्के मुंहासों, डैंड्रफ, त्वचा की खुजली और बरसाती कीड़ों के काटने पर होने वाली जलन से राहत मिलती है। टी ट्री ऑयल आज मेडिकल स्टोर, ऑर्गेनिक स्टोर और ऑनलाइन खरीदारी के लिए आसानी से उपलब्ध है, लेकिन इसे खरीदते समय यह देख लें कि बोतल पर सौ फीसदी शुद्ध चाय की पत्ती का तेल होना चाहिए। यह प्राकृतिक असेंशियल ऑयल है जिससे आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया में पाये जाने वाले टी ट्री मेलेलुका अल्टरनिफोलिया नामक पेड़ की पत्तियों से भाप के द्वारा निकाला जाता है। इसे पी जाने वाली चाय की पत्तियों का तेल नहीं समझना चाहिए।

### त्वचा का रक्षक नारियल तेल

शुद्ध नारियल तेल त्वचा को न केवल मुलायम रखता है बल्कि बारिश के दिनों में होने वाले कई तरह के फंगल आक्रामण से त्वचा को सुरक्षित रखता है। साथ ही यह हल्की जलन कम करने में भी सहायक होता है। इसलिए यदि त्वचा लगातार गीली रहती है या बारिश के दिनों में संक्रमण की शिकार है, तो नारियल का तेल आपको इस समस्या से छुटकारा दिलवा सकता है। लेकिन इसका इस्तेमाल तभी करें, जब त्वचा पूरी तरह से सूखी हो।

# संसद सत्र से पहले बोले पीएम मोदी : हर आवाज को मौका मिले और हर विचार का सम्मान हो

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के ठीक पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने आज देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान मानसून सत्र के अच्छे से चलने की उम्मीद जताई। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि चाहे मानसून हो या मनसून सत्र - अगर दोनों सक्रिय हों, तो वे बहुत फायदेमंद साबित होते हैं। और जब ये दोनों फायदेमंद होते हैं, तो इससे देश का कल्याण होता है और सभी जीवों का भला होता है। इसीलिए हम प्रार्थना करते हैं कि मानसून सक्रिय और फायदेमंद बना रहे और मानसून सत्र भी फायदेमंद साबित हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब तर्क और तथ्य ठोस हों, तो शांत रहकर भी अपनी बात प्रभावी ढंग से रखी जा सकती है। मुझे उम्मीद है कि सदन की चर्चा ऐसे तर्कों और तथ्यों से समृद्ध होगी। हर आवाज को मौका मिले और हर विचार का सम्मान हो। मैं सभी सांसदों से इस सदन की कार्यवाही में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह करता हूं।

**पिछले एक महीने में देश ने अनेक सिद्धियां प्राप्त की :** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक महीने में देश ने अनेक सिद्धियां प्राप्त की हैं। देशवासी गर्व से भर जाएं, इस प्रकार की सिद्धियों का सिलसिला चला है। चाहे राष्ट्रीय हो, अंतरराष्ट्रीय हो या अंतरिक्ष, एक प्रकार से भारत के लिए गर्व के पल रहे हैं। पिछले साल मानसून सत्र के ठीक पहले भारतीय नागरिक इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर पहुंचा था। परसों भारत का एक युवा स्टार्टअप ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्व के कम ही देश हैं, जहां इस प्रकार प्राइवेट साहस हुए हैं और भारत के युवाओं ने अंतरिक्ष में नई उड़ान भरी है। यह बड़ी सफलता है।

अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो रिफॉर्म एक्सप्रेसवे पर सवार होकर आज देश चल पड़ा है, उसी का नतीजा है कि भारत के नौजवान इतना बड़ा साहस कर पाते हैं और सफल भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों राजस्थान में बहुत बड़ी ऑयल रिफाइनरी देश को



समर्पित की गई। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले तीसरा सेमीकंडक्टर प्लांट देश को समर्पित किया गया। कुछ दिन पहले ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन चलाई है, जो अन्य देशों के मुकाबले सबसे ताकतवर और सबसे लंबी इंजन वाली है।

## 56 साल के नौजवानों की बात नहीं कर रहा

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी सांसदों से सार्थक चर्चा का आह्वान करते हुए कहा कि देश और संसद के लिए उनके अनुभव और ज्ञान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जहां तथ्य और तर्क होते हैं, वहां तूफान की जरूरत नहीं पड़ती। बल्कि शांतचित्त होकर भी अपनी बात रखी जा सकती है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर तंज भी कस दिया। युवाओं के स्टार्टअप की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी 56 साल के नौजवान की बात नहीं कर रहा हूं।

## मानसून सत्र प्रोडक्टिव रहने से मिलता है सबको फायदा

पीएम मोदी ने कहा, मॉनसून हो या मॉनसून सत्र दोनों ही प्रोडक्टिव होते हैं। अगर दोनों प्रोडक्टिव होते हैं तो जीव मात्र का कल्याण होता है। देश का कल्याण होता है। इसीलिए हम यही प्रार्थना करते हैं क मॉनसून भी प्रोडक्टिव रहे और सत्र भी प्रोडक्टिव रहे। उन्होंने कहा, पिछले एक महीने में देश ने अनेक सिद्धियां प्राप्त कीं। देशवासी गर्व से भर जाएं, इस प्रकार का सिलसिला चला है। चाहे राष्ट्रीय हो, अंतरराष्ट्रीय हो या फिर अंतरिक्ष हो। एक प्रकार से भरत के लिए गर्व के पल रहे हैं। पिछले साल मॉनसून सत्र से ठीक पहले भारतीय नागरिक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा था। अब परसों ही भारत के युवा स्टार्टअप, ने बहुत बड़ी सिद्धि प्राप्त की है।

## हाइड्रोजन ट्रेन का भी जिक्र

प्रधानमंत्री ने कहा, युवा वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में भारत का झंडा गाड़ दिया गया है। ऐसी बातें भारत के युवाओं में आत्मविश्वास जगाती हैं। विश्व में भारत का प्रोफाइल सर्वमान्य है। यह संयोग नहीं, संदेश है। हमारे देश के युवाओं की क्षमता और उसकी आकांक्षा अंतरिक्ष जितनी असीम है। इससे बड़ा संदेश देश के लिए और क्या हो सकता है। साथियो, भारत के नौजवान इतना बड़ा साहस कर पाते हैं और अब सफल भी हो रहे हैं। पिछले दिनों राजस्थान में बहुत बड़ी एक सेमीकंडक्टर का प्लांट देश को समर्पित किया गया। कुछ दिन पहले ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का शुभारंभ हुआ। देश में बहुत कम ऐसे देश हैं। भारत ने देशवासियों को हाइड्रोजन ट्रेन समर्पित की है। वह सबसे ताकतवर और सबसे लंबी है। यह अपने आप सभी के लिए गर्व की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीजेपी के प्रोटेस्ट के बीच प्रियंका चतुर्वेदी ने छोड़े तीखे तीर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में स्काईरूट के 28 वर्षीय युवाओं की उपलब्धियों का जिक्र किया, जिनकी दुनिया सराहना कर रही है, लेकिन नीट-यूदी पेपर लीक से प्रभावित उन छात्रों का जिक्र नहीं किया, जिनके भविष्य पर संकट आया।' प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी क्या वजह है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने की मांग के बावजूद सरकार लगातार बचा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या धर्मेंद्र प्रधान प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल के ऐसे 'खास रत्न' बन गए हैं, जिन्हें हर हाल में संरक्षण दिया जा रहा है। नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर दबाव बना रहा है। इसी मुद्दे पर संसद सत्र की शुरुआत के साथ राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। सोमवार को संसद के मॉनसून सत्र का पहला दिन था। हालांकि पहले ही दिन संसद में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जबरदस्त तकरार देखने को मिली। संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा होता और कार्यवाही स्थगित होती रही। दोनों सदनों की कार्यवाही कल यानी मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।



### बंगाल विस में सीएम शुभेंदु अधिकारी के मुरीद हुए विपक्षी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के इतिहास में सोमवार का दिन एक बड़े बदलाव का गवाह बना। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधायकों के अधिकारों और जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर एक ऐसी घोषणा की, जिसने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को हैरान कर दिया है। मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हुए वरिष्ठ विपक्षी नेता फिरहाद हकीम ने इसे 'लोकतंत्र की जीत' और 'विधायकों का सम्मान' करार दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सदन में घोषणा की कि अब से विधानसभा के रेफरेंस फेज के दौरान विधायक जो भी मुद्दे उठाएंगे, उन्हें 7 दिनों के भीतर संबंधित विभागों तक पहुँचाना अनिवार्य होगा। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि मंत्रियों को इन मुद्दों पर जवाब देना ही होगा और अगर कोई काम संभव है, तो उसे करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कोई काम संभव नहीं है या उसके लिए समय चाहिए, तो उसकी भी स्पष्ट जानकारी सदन में मंत्री को देनी होगी। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इन मांगों की सूची सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी और वह खुद हर 3 महीने में इस पर हुई कार्रवाई की रिपोर्ट सदन को देंगे। विपक्षी नेता तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम ने मुख्यमंत्री के इस फैसले पर उनकी जमकर प्रशंसा की। फिरहाद हकीम ने कहा, 'आज मुख्यमंत्री अधिकारी ने एक नया उदाहरण पेश किया है। विधानसभा के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने विधायकों को जो सम्मान दिया है, वह अद्भुत है।



### सोनम की पत्नी से मारपीट नहीं हुई, सीजेपी के दावे को पुलिस ने सिरे से नकारा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उन दावों को पूरी तरह से खारिज और असत्य बताया है, जिनमें आरोप लगाया गया था कि 'संसद मार्च' विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो से मारपीट की और 12 साल की बच्ची समेत 40-50 प्रदर्शनकारियों को घायल कर दिया। पुलिस ने आम जनता से ऐसी भ्रामक जानकारी न फैलाने की अपील की है। यह स्पष्टीकरण सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्क' पर किए गए एक पोस्ट के बाद आया है। सौरव दास ने अपने पोस्ट में दावा किया था कि दिल्ली पुलिस द्वारा गीतांजलि जी के बाल खींचे गए और उनसे मारपीट की गई। एक 12 साल की बच्ची का सिर फोड़ दिया गया। 40-50 अन्य लोगों के सिर फोड़े गए। सोशल मीडिया पर वायरल आरोपों का जवाब देते हुए दिल्ली पुलिस ने 'ङ्क' पर एक फैक्ट-चेक जारी कर इन सभी दावों को सिरे से नकार दिया। पुलिस ने कहा कि वायरल पोस्ट में किए जा रहे दावे पूरी तरह से असत्य और गलत हैं। पुलिस ने अपने बयान में कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट में किए जा रहे दावे सच नहीं हैं। कृपया झूठी या भ्रामक जानकारी न फैलाएं और न ही इसे आगे साझा करें। गौरतलब है कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के मुद्दों को लेकर सोमवार को हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी मध्य दिल्ली में एकत्र हुए थे और उन्होंने संसद की ओर बढ़ने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं और छात्रों के इस आंदोलन को वांगचुक की भूख हड़ताल के बाद और अधिक समर्थन मिला था।



### कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा महासचिव को लिखा पत्र

# दलबदल विरोधी कानून पर चर्चा की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र का हंगामेदार आगाज हो गया है। अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर घमासान जारी है। इसकी उम्मीद सत्र शुरू होने से पहले ही लगाई जा रही थी। विपक्षी सांसद इस मुद्दे पर अलग-अलग डिमांड रख रहे थे। सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा महासचिव को एक पत्र लिखा है।

इसमें उन्होंने 'दल-बदल विरोधी कानून' के स्वरूप पर चर्चा करने की मांग की है। मनीष तिवारी ने पत्र में लिखा कि मैं तत्काल महत्व के एक निश्चित विषय पर चर्चा करने के उद्देश्य से सदन की कार्यवाही स्थगित करने का प्रस्ताव पेश करने की अनुमति मांगने के अपने इरादे की सूचना देता हूं। मेरा प्रस्ताव है कि यह सदन प्रश्नकाल, शून्यकाल और दिन के अन्य सभी निर्धारित कार्यों को स्थगित करे, ताकि एक नए दल-बदल विरोधी कानून के स्वरूप पर चर्चा की जा सके।



## कानून अवसरवाद से प्रेरित

मनीष तिवारी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि यह कानून अवसरवाद से प्रेरित और बिना किसी वास्तविक वैचारिक या नीतिगत मतभेद के बड़े पैमाने पर होने वाले राजनीतिक दल-बदल को रोके। इसके साथ ही संसद और विधानसभाओं के भीतर और बाहर ईमानदार और आलोचनात्मक असहमति के लिए भी गुंजाइश रखे। इसलिए, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि आज की कार्यवाही स्थगित की जाए और तत्काल महत्व के इस विषय पर पूरी चर्चा की अनुमति दी जाए।

## नीट पेपर लीक मामले को उठाया

कांग्रेस के लोकसभा सांसद विपक्ष के फ्लोर लीडर्स की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी के लिए सुबह 10:30 बजे एक बैठक की। वहीं, तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा सांसद मणिकम टैगोर की ओर से भी स्थगन प्रस्ताव पेश करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में नीट पेपर लीक मामले को उठाया गया। पत्र में उन्होंने लिखा कि रिपोर्टों से पता चलता है कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इसके खिलाफ कोई ठोस या सामूहिक कार्रवाई नहीं की गई है।

## मणिकम टैगोर ने भी दिया स्थगन प्रस्ताव

मणिकम टैगोर ने स्थगन प्रस्ताव पेश करने के लिए पत्र में आगे लिखा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की स्पष्ट विफलता के बावजूद, वे बिना किसी नैतिक जिम्मेदारी के अपने पद पर बने हुए हैं, जो मंत्री की जवाबदेही के बुनियादी सिद्धांत का उल्लंघन है। तमिलनाडु में इस मुद्दे से सीधे जुड़ी आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं। जहां मंत्री और अधिकारी छात्रों और परिवारों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को उठाया है और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु में नीट से प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी है, कांग्रेस सांसदों को पीड़ितों के परिवारों तक पहुंचने का निर्देश दिया है, और संसद के अंदर और बाहर नीट के शोषणकारी पहलुओं को खत्म करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने की मांग की है।



# बिहार विधानसभा में 87 हजार 383 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

### सबसे ज्यादा पेंशन में खर्च करेगी राज्य सरकार

पटना,एजेंसी

विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय से संबंधित प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सदन के पटल पर रखा।

इसके तहत वार्षिक स्कीम मद मे 57, 077.9574 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। इस राशि मे बड़ी हिस्सेदारी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम मद की 32,707.2365 करोड़ रुपए है। वहीं राज्य स्कीम मद में 24,370.7209 करोड़ रुपए का प्रस्तावित व्यय है। स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में 30,256.9906 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी के तहत कुल 87,383.4301 करोड़ रुपए प्रस्तावित है।

केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के लिए 9335.35 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के लिए 3342.12 करोड़, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 3308.69 करोड़, सर्वशिक्षा अभियान के लिए 2732.00 करोड़, सक्षम आंगनवाड़ी पोषम -2.0 के लिए 2780.94 करोड़, मध्याह्न भोजन योजना को ले 1359.72 करोड़, आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन को ले 1150.00 करोड़ रुपए प्रस्तावित है।

# शाही जीवन जीने के लिए अब्दुल्ला परिवार को चाहिए राज्य का दर्जा

जम्मू , एजेंसी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा है कि अब्दुल्ला परिवार को जम्मू कश्मीर में शाही जीवन बिताने के लिए राज्य दर्जा चाहिए। इस परिवार को लोगों से कुछ भी लेना देना नही है। पिछले कई दिनों से उमर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारियों को तेजी देने के लिए श्रीनगर में डेरा डालने वाले सुनील शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की राज्य के दर्जे की मांग उनके निजी हितों से प्रेरित है। श्रीनगर में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना हमेशा से भाजपा के एजेंडे का हिस्सा रहा है।

नेशनल कांफ्रेंस का इससे कुछ लेना देना नही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगस्त 2019 के संवैधानिक बदलावों के बाद अब्दुल्ला परिवार की शाही जीवनशैली प्रभावित हुई है। परिवार को इसकी आदत नही है। यही कारण है कि उमर अब्दुल्ला राज्य का दर्जा बहाल कराने की मांग कर रहे हैं।



**नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा बोले- 'इन्हें लोगों से लेना-देना नहीं'**

**बुनियादी सुविधाओं से जुड़े वादे पूरे नहीं :** सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा ने जनता से राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है व उचित समय आने पर इसे पूरा किया जाएगा। यह वादा किसी राजनीतिक परिवार के लिए नहीं, अपितु जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस अपनी प्रशासनिक विफलताओं व चुनावी वादों को पूरा न कर पाने से ध्यान हटाने के लिए राज्य के दर्जे का मुद्दा उठा रही है। उन्होंने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव से पहले किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं।

# ममता को कोर्ट ने राहत नहीं, फ्रीज ही रहेंगे टीएमसी के बैंक खाते

**कोलकाता,एजेंसी।** बंगाल में चुनावी शिकस्त और आंतरिक गुटबाजी से जूझ रही तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने ईडी द्वारा पार्टी के तीन मुख्य बैंक खातों को फ्रीज करने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया है। इन खातों में 440 करोड़ रुपये की मोटी राशि जमा है, जिसका उपयोग अब पार्टी अपने संगठनात्मक या राजनीतिक खर्चों के लिए नहीं कर पाएगी। न्यायमूर्ति कृष्णा राव की पीठ ने तृणमूल के ममता बनर्जी खेमे की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दैनिक संचालन के लिए इन खातों के इस्तेमाल की अंतरिम अनुमति मांगी गई थी। यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत वित्तीय अनियमितताओं, गैर-कानूनी तरीके से धन जुटाने और संदिग्ध फंड की हेराफेरी से जुड़ा है। 13 जुलाई फैसला सुरक्षित रखा था।



# संसद में उठा जंतर मंतर पर लाठीचार्ज का मुद्दा

### राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे बोले- छात्रों पर हो रहा बल प्रयोग


नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र में पहले दिन जंतर मंतर पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठा । राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि आपने मुझे इस पेपर लीक और हृश्वश्वञ्ज परीक्षा घोटाले के बारे में अपनी बात रखने का मौका दिया है।

यह मामला छात्रों से जुड़ा है। मैं लाखों बच्चों के भविष्य के बारे में बात कर रहा हूं। इस मुद्दे के लिए हजारों छात्र जंतर-मंतर पर जमा हुए हैं। वहां लाठीचार्ज हुआ है। सरकार बल प्रयोग करके छात्रों की आवाज दबाने और उन्हें वहां से हटाने की कोशिश कर रही है।

## खरगे ने कहा- यह हजारों छात्रों का मामला है

सदन की कार्यवाही शुरू होने पर राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ये हजारों छात्रों से जुड़ा मामला है। खरगे ने कहा कि चंदा चोरी का मुद्दा तो है



ही, लेकिन यह हजारों छात्रों का मामला है। लाखों बच्चों का जो भविष्य है, उस पर हम बात कर रहे हैं। उसके लिए जंतर मंतर पर हजारों बच्चे वहां पर आए हैं।

## खरगे बोले- सरकार दबाने की कोशिश कर रही

खरगे ने कहा कि जंतर मंतर पर छात्रों की उपस्थिति के बीच वहां लाठीचार्ज किया गया है। सरकार मारने की कोशिश कर रही। सरकार इसे दबाने की कोशिश कर रही। खरगे के इतना कहते ही सदन में हंगामा हो गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर साढ़े 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## संसद मार्च के बीच लाठीचार्ज

पूरा मामला सोमवार को सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन स्थल तक पहुंचने की कोशिश की। इस दौरान मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन से जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे सैकड़ों छात्रों और युवा कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज किया। जंतर-मंतर की ओर बढ़ते समय प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।

## कुछ अन्य मुद्दे भी उठाएंगे विपक्षी दल

ह्यसीजेपी के प्रोटेस्ट को लेकर घमासान तेज है। दिल्ली पुलिस के जवानों की भारी तैनाती देखी गई और पुलिस ने इन लोगों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। हालांकि, प्रोटेस्ट में बल प्रयोग या किसी हिरासत पर पुलिस की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं विपक्षी दलों ने सोमवार को फैसला किया गया कि वे संसद के मानसून सत्र में राम मंदिर 'चढ़ावा चोरी', परीक्षाओं में कथित धांधली और कुछ अन्य मुद्दे उठाएंगे।

### नए रंग पर सियासत

# केसरिया रंग में रंगे जाएंगे बिहार के मॉडल स्कूल, जेडीयू को आपत्ति

पटना, एजेंसी

बिहार सरकार ने राज्य के सभी 551 मॉडल स्कूलों को केसरिया रंग से रंगने के फैसला लिया है। अब सम्राट सरकार के इस फैसले पर सवाल उठ रहे हैं। सिर्फ विपक्ष ही नहीं बल्कि सरकार में बीजेपी की सहयोगी पार्टी जेडीयू ने भी इस पर आपत्ति जताई है। इन मॉडल स्कूलों का नाम बदलकर सरस्वती विद्या निकेतन (कक्षा 9 से 12 तक) रखा गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय में आयोजित एक कार्यक्रम में इन 551 स्कूलों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बेगूसराय राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की धरती है, वहां से 551 सरस्वती विद्या निकेतन की शुरुआत कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग का शुभारंभ किया गया है। सरकार के अनुसार, इन स्कूलों में आधुनिक डिजिटल सुविधाएं, ई-लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, यहां छात्रों को जेईई और नीट की मुफ्त कोचिंग तथा लाइव इंटरैक्टिव कक्षाएं भी मिलेंगी।

**पहले गुलाबी, आसमानी या पीले रंग होता था :** इन सभी स्कूलों को भगवा रंग से रंगने के फैसले की आलोचना हो रही है। इससे पहले स्कूलों को गुलाबी,




आसमानी या पीले रंग से रंगा जाता था। बता दें कि बिहार शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी कर सभी संबंधित स्कूलों को तुरंत भगवा रंग अपनाने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले पर चिंता जताते हुए जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, 'शिक्षा का कोई रंग नहीं होता। यह केवल संविधान की प्रस्तावना की भावना के अनुरूप होनी चाहिए ना कि स्कूलों की दीवारों पर किसी खास रंग के अनुसार।' उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कई स्कूलों की जमीन दान करने वालों के नाम 'सरस्वती विद्या निकेतन' के बोर्ड के नीचे लिखे जा रहे हैं। दानदाताओं के नाम नए स्कूल के नाम से पहले होने चाहिए ताकि उनके योगदान का उचित सम्मान हो।

## जल्द ही स्कूल की इमारतों को भगवा रंग से रंगने के निर्देश

एक मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि स्कूल प्रशासन को जितनी जल्दी हो सके, स्कूल की इमारतों को भगवा रंग से रंगने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया, 'पहले स्कूलों के रंग को लेकर कोई तय निर्देश नहीं थे। कभी इमारतें पीले, कभी गुलाबी तो कभी आसमानी रंग से रंगी जाती थीं। पिछले कुछ समय से अधिकतर स्कूलों को गुलाबी रंग में रंगा जा रहा था। हालांकि, रंग चुनने का फैसला स्कूल के प्रधानाध्यापक पर छोड़ दिया जाता था। उन्होंने आगे कहा, 'अब शिक्षा विभागें साफ कहा गया है कि सभीस्कूलों में एक जैसी व्यवस्था होनी चाहिए।

## विपक्ष ने सरकार के फैसले की आलोचना की

विपक्षी दलों ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'शिक्षा के भगवाकरण की शुरुआत' बताया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध कुमार मेहता ने द इंडियन एक्सप्रेस से कहा, 'हमें पहले से ही इसका अंदेशा था। यह शिक्षा के भगवाकरण की शुरुआत है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा मॉडल को लागू करने की कोशिश है। जिस दिन बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने मॉडल स्कूलों का नाम बदलकर 'सरस्वती विद्या निकेतन' रखा, उसी दिन हमें आरएसएस के एजेंडे की झलक मिल गई थी।'

# सनसनी मचाने के कुछ ही देर बाद पलटी कॉकरोच जनता पार्टी

### कहा- अभिजीत दीपके हिरासत में नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च के बीच प्रवक्ता सौरव दास ने दावा किया था कि दिल्ली पुलिस ने अभिजीत दीपके को उठा लिया गया है। लेकिन अब उन्होंने साफ किया है कि अभिजीत को ना तो हिरासत में लिया गया है ना ही उन्हें गिरफ्तार किया गया है इससे पहले सौरव दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा , पुलिस ने अभिजीत दीपके को उठा लिया है। हम सभी सांसदों से अपील करते हैं कि वे तुरंत सड़कों पर उतरे छात्रों के समर्थन में खड़े हों! पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बेरहमी से कार्रवाई कर रही है और उनकी पिटाई कर रही है। इससे पहले



संसद की ओर बढ़ रहे कई प्रदर्शनकारियों को भी दिल्ली पुलिस हिरासत में ले चुकी है। उधर संसद भवन की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। इससे पहले सौरभ दास ने ये भी दावा किया था कि मार्च के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया, जिसमें 40-50 लोगों के सिर चोट आई है। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि के भी बाल खीचें गए हैं। दिल्ली पुलिस ने इसे खारिज किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजपुर के पत्रकार राहुल गुप्ता सम्मानित



**जोबट (विनय उजाला)।** एसोसिएशन आफ इंडियन जर्नलिस्ट (एजेआई) भारतीय पत्रकार संघ के तत्वावधान में रविवार को जोबट में पत्रकार महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलीराजपुर पुलिस अधीक्षक वैभव सिंह, नपाध्यक्ष नवपंख जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल, आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र पाल, वरिष्ठ पत्रकार जीतू सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजपुर के पत्रकार राहुल गुप्ता के साथ ही पुनीत सोनी, आशीष घोष संजय सुरानिया, महेंद्र करील, दिलावर खान, रफीक मोहम्मद एवं नाज मोहम्मद सहित अनेक पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। राहुल गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम का समापन पत्रकार एकता, सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने के संदेश के साथ हुआ।

### निलेश सागोरे एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**खरगोन, निप्र।** खरगोन जिला कांग्रेस ने निलेश सागोरे को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष एवं विधायक झूमा सोलंकी, पूर्व मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी साधौ, विधायक केदार डाबर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक एवं जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं की सहमति से एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर की गई है। निलेश की नियुक्ति पर मध्य प्रदेश कांग्रेस सचिव इन्दर बिरला, पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर गोविंद मुजाल्दे, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कादर बेग, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव जितेंद्र भावसार, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष डेविड ब्रेनार्ड, आईटी सेल प्रभारी प्रकाश जोशी, मुकेश गोले, अजा विभाग प्रदेश महासचिव संजीव गांगुली, अजा विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष नितेश अड़तिया, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष परसराम पाटीदार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पप्पू पटेल ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### गायक मुकेश की जयंती पर सजेगी सुरों की महफिल

**महेश्वर, निप्र।** हिंदी फिल्म संगीत के अमर पार्श्व गायक मुकेश कुमार की जयंती के अवसर पर 22 जुलाई को महेश्वर में एक विशेष संगीतमय संध्या का आयोजन



किया जाएगा। यह कार्यक्रम मां रेवा सुर संगम मंच के तत्वावधान में गांधी चौक स्थित शारदा सदन ग्रंथालय एवं पर्यटन सुविधा केंद्र में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 :00 बजे होगा, जिसमें नगर के संगीत प्रेमी एवं स्थानीय कलाकार स्वर्गीय मुकेश के कालजयी गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को हिंदी फिल्म संगीत की समृद्ध विरासत से जोड़ना तथा महान गायक मुकेश को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित करना है। मां रेवा सुर संगम मंच ने नगर के सभी संगीत प्रेमियों, कलाकारों एवं नागरिकों से इस संगीतमय आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन में मुकेश के लोकप्रिय गीतों के माध्यम से उनकी अविस्मरणीय गायकी को याद किया जाएगा और संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम का सृजन होगा।

### पंवार भाजयुमो जिलाध्यक्ष, मिश्रा को महामंत्री की जिम्मेदारी



निशांत पंवार



शिवम मिश्रा

**बड़वानी, निप्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के संगठन को बड़वानी जिले में नई ऊर्जा मिली है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर रविवार देर रात भाजयुमो के जिला अध्यक्ष एवं महामन्त्री की घोषणा की गई। इसमें युवा नेता निशांत पंवार को बड़वानी जिला अध्यक्ष और शिवम मिश्रा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल, निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा और जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव की सहमति तथा जिला अध्यक्ष अजय यादव की अनुशंसा के आधार पर प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष श्याम टेलर ने निशांत पंवार को जिला अध्यक्ष एवं शिवम मिश्रा को जिला महामन्त्री की जिम्मेदारी सौंपी है। निशांत पंवार और शिवम मिश्रा दोनों ही युवा मोर्चा में पहले से जिला उपाध्यक्ष के पद पर रह कर जिला संगठन में सक्रिय भागीदारी कर रहे है। जैसे ही नियुक्ति की खबर आई, पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव, खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह, सचिन चौहान एवं विकास आर्य, युवा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी प्रीतमराज बड़ोले सहित समस्त जिला पदाधिकारी, जिले के सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियो एवं कार्यकर्ताओ ने दोनों युवा नेताओ को शुभकामनाएं देकर हर्ष व्यक्त किया।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक, प्रभारी कलेक्टर रेखा राठौड़ ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**खरगोन, निप्र।** प्रभारी कलेक्टर रेखा राठौड़ द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, सीएम हेल्प लाईन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, विजन डॉक्यूमेंट-2047, पदोन्नति प्रक्रिया तथा किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत आयोजित होने वाले बलराम कृषि महोत्सव सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर रेखा राठौड़ द्वारा दिए गए निर्देशों में सभी विभाग विजन डॉक्यूमेंट-2047 के अंतर्गत विभागवार कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में जानकारी प्रस्तुत करे। 300 दिवस से अधिक समय से लम्बित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने किया जाए। दिशा समिति की बैठक में प्राप्त बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई की जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या, समस्त एसडीएम सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक बरडे के प्रयासों से मिली 15.65 करोड़ रुपए की स्वीकृति

# सौगात... सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल अस्पताल में होगा उन्नयन

विनय उजाला

**पानसेमल, निप्र। नगर सहित ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ सेवाओं की बेहतरी के लिए विधायक श्याम बरड़े के प्रयास सतत जारी है। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में उपस्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति के बाद अब क्षेत्रवासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सिविल अस्पताल में उन्नयन की बड़ी सौगात मिली है। आमजनों के स्वास्थ्य से जुड़ी एवं क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु विधायक श्याम बरडे, क्षेत्रवासियों सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर राजेंद्र शुक्ल का आभार जताते हुए धन्यवाद किया है।**





मध्य प्रदेश शासन ने कैबिनेट में पानसेमल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल हॉस्पिटल में उन्नयन हेतु 50 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल के निर्माण के लिए 15.65 करोड़ रु. की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके बाद क्षेत्रवासियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आधुनिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी होगी। इससे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं सहित नागरिकों ने विधायक बरड़े के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक श्याम बरड़े ने कहा हम सभी कार्यकर्ता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। पानसेमल विधानसभा की प्रत्येक समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र का विकास ही मेरा पहला धर्म और सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, सिंचाई, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से विकास को नई गति दे रही है तथा पानसेमल विधानसभा भी इसी विकास यात्रा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ही विकसित भारत का मजबूत आधार है।' मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का नेतृत्व में 'हमारी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें और हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो।' 50 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्वीकृति को क्षेत्रवासियों ने पानसेमल विधानसभा के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, जिसका लाभ सभी को मिलेगा।



## धूमधाम से मना 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक, चढ़ाया निर्वाण लाडू

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जैन धर्म के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को हुआ। गुजरात के गिरनार पर्वत से कठोर तप कर करोड़ों मुनियों के साथ योग निरोध कर के इस नश्वर काया से और इस सृष्टि के जन्म मरण से मुक्त हो कर निर्वाण पाकर मोक्ष प्राप्त किया था। भगवान नेमिनाथ शौरीपुर के राजकुमार थे जब विवाह के लिए बारात लेकर जुनागढ के राजा के यहां राजकुमारी राजुल को ब्याहने जा रहे थे तब पशुओं के क्रंदन और रोने की आवाज सुन कर नेमी कुमार ने पूछा कि ये पशु क्यों रुदन कर रहे हैं। उन्हें जैसे ही बताया कि ये कल बारातियो को भोजन ने परोसा जाएगा, वैसे ही नेमी कुमार ने बोला कि मेरे विवाह में इतने निरीह पशुओं का वध किया जाएगा और भोजन में परोसा जाएगा। तत्क्षण ही नेमी कुमार को वैराग्य हो गया और जैनेश्वरी दीक्षा ले कर सब कुछ त्याग दिया।

इसी अवसर पर दिगंबर जैन समाज बड़वानी द्वारा स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में जहां की मूल नायक भी भगवान नेमिनाथ ही है और जैन समाज बड़वानी द्वारा इस मंदिर का शताब्दी वर्ष भी मनाया जाकर भगवान की इस वर्ष 26 जनवरी पर उच्च कमलासन पर विराजित किया है।

उनका प्रातः भगवान के मंगलाष्टक, अभिषेक पाठ, मंत्रोच्चार से मूल नायक भगवान के अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम की पूजन, भगवान नेमिनाथ की पूजन कर निर्वाण कांड का वाचन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया, भगवान के प्रथम अभिषेक और शांति धारा करने का सौभाग्य दीपचंद रतन लाल, गौरव पहाड़िया परिवार को, निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य मीनाक्षी प्रिंस मंगल सेंधवा को प्राप्त हुआ।

### बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन आज, मुख्यमंत्री करेंगे कृषकों से संवाद

**बड़वानी, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर श्रृंखलाबद्ध रूप से बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बड़वानी जिले के कृषि उपज मंडी प्रांगण में 21 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर जिले के किसानों को संबोधित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद कर कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों तथा कृषि विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों तथा मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। बलराम कृषि महोत्सव का उद्देश्य किसानों को कृषि एवं कृषि से संबद्ध क्षेत्रों की नवीनतम तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है।

# प्रशासन के आश्वासन पर जयस का धरना स्थगित कल की नगर परिषद बैठक पर टिकी हैं निगाहें

विनय उजाला

**निवाली, निप्र।** निवाली बस स्टैंड पर आदिवासी क्रांतिकारियों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) और समाजजनों द्वारा शुरू किया गया धरना सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थगित हो गया। अब इस पूरे मामले में 22 जुलाई को होने वाली नगर परिषद की बैठक में विधिसम्मत निर्णय लिया जाएगा।



सोमवार को धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार कार्तिक मौर्य, नगर परिषद सीएमओ रूपसिंह सोलंकी और थाना प्रभारी वीर बहादुर चौहान ने कई घंटों तक आंदोलनकारियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में वार्ता की।

**महापुरुषों के सम्मान की मांग :** चर्चा के दौरान जयस प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि बस स्टैंड पर किसी राजनीतिक हस्ती के बजाय आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारियों की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। इससे समाज के बलिदानियों के इतिहास को उचित सम्मान मिलेगा और युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

**नगर परिषद बैठक में लिया जाएगा निर्णय :** नगर परिषद सीएमओ रूपसिंह सोलंकी ने बताया कि आंदोलनकारियों की मांग को गंभीरता से लिया गया है। 22 जुलाई को आयोजित होने वाली नगर परिषद की विशेष बैठक में सभी पार्षदों के समक्ष इस विषय को रखा जाएगा। बैठक में लोकतांत्रिक और नियमानुसार जो भी निर्णय होगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

धरना प्रदर्शन पूरे समय शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा। प्रशासन और पुलिस की सक्रियता से सौहार्द बना रहा। अब संपूर्ण क्षेत्र की निगाहें 22 जुलाई को होने वाले नगर परिषद के निर्णय पर टिकी हुई हैं।

**प्रमुख पदाधिकारियों के वक्तव्य**

**राजू पटेल (कार्यकारी अध्यक्ष, जयस) :** यह आदिवासी समाज की अस्मिता और सम्मान का विषय है। उम्मीद है कि 22 जुलाई को जनभावनाओं के अनुरूप सकारात्मक निर्णय होगा।

- **लक्ष्मण सेनानी :** बस स्टैंड पर समाज के क्रांतिकारियों की प्रतिमा स्थापित करना हमारी वर्षों पुरानी मांग है।
- **दीपक निगवाल :** प्रशासन के आश्वासन का सम्मान करते हुए धरना स्थगित किया गया है, अब बैठक के निर्णय की प्रतीक्षा है।
- **बिहारीलाल खोटे :** आंदोलन शांतिपूर्ण रहा। यदि बैठक में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आगे की रणनीति तय की जाएगी।
- **प्रदीप सेनानी :** यह किसी दल का नहीं बल्कि पूरे समाज का विषय है। हमें परिषद पर पूरा विश्वास है।

### बड़वानी जिला सीएम हेल्पलाइन में टॉप पर

**बड़वानी, निप्र।** जिले में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रभावी और समयबद्ध निराकरण के लिए सभी विभागों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के परिणामस्वरूप बड़वानी जिला जून में सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन एवं सभी विभागीय अधिकारियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। जिले के ऊर्जा, नगरीय प्रशासन, राजस्व विभाग, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, खाद्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, वाणिज्यिक कर (आबकारी विभाग), स्कूल शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, किसान कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, वित्त विभाग, पशुपालन विभााग, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, गृह विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, परिवहन विभाग एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ए ग्रेड में रहे हैं।

# जुलवानिया से ओंकारेश्वर तक निकलेगी 19वीं श्रद्धा कावड़ यात्रा

विनय उजाला

**जुलवानिया (बड़वानी)।** श्रावण के पवित्र माह में आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्रीराम धर्मजागरण समिति जुलवानिया के तत्वावधान में इस वर्ष भी जुलवानिया से ओंकारेश्वर तक 19वीं भव्य 'श्रद्धा पैदल कावड़ यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक अजय यादव करेंगे।



**प्लास्टिक मुक्त होगी यात्रा :** श्रद्धा कावड़ यात्रा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश भी देगी। यात्रा संयोजक अजय यादव ने कहा कि यह यात्रा धर्म जागरण के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी लेकर चलेगी। इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पूरी यात्रा में प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कावड़ियों द्वारा भोजन, जलपान और पानी पीने के लिए स्टील के बर्तनों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही ओंकारेश्वर में नर्मदा के घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर नर्मदा नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया जाएगा।

**6 से 10 अगस्त तक आयोजन :** यात्रा प्रभारी जीतू यादव ने बताया कि यह कावड़ यात्रा 6 अगस्त गुरुवार को जुलवानिया से रवाना होगी। यात्रा ठीकरी, कसरावद, कतारगांव और बड़वाह होते हुए 10 अगस्त सोमवार को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचेगी। वहां भगवान ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा।

**500 कावड़ियों के लिए व्यवस्थाएं :** यात्रा के सहप्रभारी गोलू यादव ने बताया कि इस बार लगभग 500 कावड़ यात्रियों के शामिल होने की संभावना है। भक्तों का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिया गया है। कावड़ियों की सुविधा के लिए समिति द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिसमे निशुल्क चाय, नाश्ता, भोजन और ठहरने की व्यवस्था, प्रत्येक कावड़िए के लिए भगवा ड्रेस, यात्रा मार्ग में स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार सहित आदि की सुविधा रहेगी।

## मानसून सत्र में सेंधवा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया : सोलंकी

विनय उजाला

**सेंधवा (बड़वानी), निप्र।** सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ हुआ। सत्र के पहले दिन विपक्ष ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, कृषि संकट एवं अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

सेंधवा विधानसभा के विधायक श्री मोंटू सोलंकी ने विधानसभा में सेंधवा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण के माध्यम से क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। आदिवासी कृषकों को योजना का लाभ दिए जाने की मांग की गई। साथ ही वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा उठाते हुए बताया गया कि सेंधवा विधानसभा क्षेत्र में 8,500 से अधिक पात्र आदिवासी एवं वनभूमि पर कृषि करने वाले किसान आज भी व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टों से वंचित हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025-26 में स्वीकृत ग्राम रूलीबड़-हाथीबुडिया मार्ग, खुरमाबाद-नावनी मार्ग, चिलारिया-पलासपानी मार्ग तथा सेंधवा-वरला ब्रिज के पास सर्विस रोड के निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बावजूद आज तक प्रारंभ नहीं होने का प्रश्न उठाकर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की मांग की गई। शिक्षा एवं छात्र हित से जुड़े विषयों पर भी विधानसभा में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

### अखिल निमाड़ लोक परिषद् की कार्यकारिणी बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# 'निमाड़ी' को भाषा का दर्जा दिलाने पर रहा जोर

**19 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा निमाड़ी दिवस**

विनय उजाला

**महेश्वर, निप्र।** अखिल निमाड़ लोक परिषद् की कार्यकारिणी बैठक रविवार को महेश्वर के एक निजी होटल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ परिषद् के संरक्षक पद्मश्री जगदीश जोशीला, कुंअर उदयसिंह 'अनुज', जीवनलाल शर्मा, अध्यक्ष हरीश दुबे, महिला इकाई अध्यक्ष रजनी उपाध्याय, सांस्कृतिक अध्यक्ष मनीषा शास्त्री एवं न्यास अध्यक्ष रमेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में निमाड़ी भाषा, लोक संस्कृति, साहित्य, कला और सामाजिक गतिविधियों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विस्तृत मंथन हुआ तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।



परिषद् के कोषाध्यक्ष हरिवल्लभ शास्त्री ने बताया कि आगामी 19 सितंबर को आयोजित होने वाले निमाड़ी दिवस के आयोजन स्थल, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा निमाड़ क्षेत्र के साहित्यकारों, कलाकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को दिए जाने वाले सम्मानों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद् द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले सम्मानों के लिए 31 जुलाई तक प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव राम परिंदा ने किया तथा आभार इकाई संयोजक विजय जोशी ने व्यक्त किया। बैठक में उपाध्यक्ष महेश जोशी, जगदीश कुशवाह, सचिव वीरेंद्र दासौंधी, ललित कर्मा, संध्या पगारे, विजय शर्मा, प्रमोद त्रिवेदी, गिरीश उपाध्याय, नीरज ठक्कर, बद्रीलाल कुशवाह, कुशल सोनी, देवराम वर्मा, जालिम सिंह सोलंकी, नरेंद्र झावरे, नंदकिशोर कर्मा, हुकुमचंद पाटीदार, विनोद गुप्ता, डॉ. कविता शर्मा, दीपिका शर्मा, वीणा शर्मा, उर्मिला झावरे, यशवंत कर्मा, पुजारी गौड़, कबीर, योगीराज सहित बड़ी संख्या में परिषद् के पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्य उपस्थित रहे।

- सम्मानों के चयन के लिए नौ सदस्यीय चयन समिति गठित की, जिसमें तीन संरक्षक, तीन अध्यक्ष, महासचिव के साथ खंडवा से गोविंद शर्मा एवं बड़वानी से राजीव वर्मा को सदस्य बनाया। सितंबर तक 11 आजीवन सदस्य बनाना अनिवार्य किया। शिक्षा एवं सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं, सोशल मीडिया एवं जमीनी स्तर पर निमाड़ी लोक कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वालों के लिए दो नए पुरस्कार प्रारंभ करने के प्रस्ताव भी सामने आए। इस अवसर पर परिषद् में विशेष योगदान के लिए सचिव मुकेश मेहता, विवेक विद्यार्थी, संयोजक राजीव वर्मा तथा भारत सिंह दासौंधी को सम्मानित किया गया।

### नीट-यूजी में 4087वीं रैंक लाने वाले ओनिक दुबे का किया सम्मान

## लक्ष्य के प्रति समर्पण, कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता : ओनिक

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 में देशभर में 4087वीं रैंक प्राप्त कर कसरावद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले छात्र ओनिक दुबे का श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर एवं श्री राधा-कृष्ण गोपाल मंदिर परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर सेवा समिति एवं सुंदरकांड भजन मंडल, कसरावद द्वारा शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया।

समारोह में ओनिक दुबे ने कहा जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता, यदि व्यक्ति पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निरंतर प्रयास करता रहे। निरंतर अभ्यास, समय का सदुपयोग और आत्मविश्वास ही सफलता की मजबूत नींव बनते हैं। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी सही रणनीति, नियमित पुनरावृत्ति और सकारात्मक सोच से सफल होती है। कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना चाहिए और असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।



समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ओनिक का सम्मान किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि ओनिक की उपलब्धि कसरावद के लिए गर्व का विषय है। ओनिक के पिता डॉ. आशीष दुबे ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम में समिति सदस्य राजकुमार गावशिंदे, जेपी कोठारी, महेश चौहान, विशाल महाजन, जगदीश वर्मा, करण सिंह पटेल, डॉ. राजेश तारे, छोटू गौरे, महेश यादव, विक्रांत मंडलोई, रितेश पटेल, दीपक चौरे, जगदीश पटेल, सुनील कुमरावत, महेंद्र चौहान, संजय शर्मा, भावेश गांवशिंदे, आकाश पालीवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मासूम बच्चों अव्यक्त और प्रेक्षा के परिजनों के साथ है सरकार : डॉ. यादव



**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर की डाक सहायक स्व. उर्मिला सैनी के मासूम बच्चों की स्कूली एवं उच्च शिक्षा की पढ़ाई-लिखाई के लिये 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मानवीय संवेदना जताते हुए इंदौर में घटित दुघर्टना में मासूम अव्यक्त (उम्र 7 वर्ष) और प्रेक्षा (उम्र 15 वर्ष) के सर से माँ उर्मिला सैनी का साया उठने के बाद उनके पिता अखिलेख सैनी के द्वारा आत्महत्या करने के कारण मासूम बच्चों की शिक्षा और देखभाल के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मासूम प्रेक्षा ने नाना सत्यनारायण मालाकार और अन्य परिजनों के साथ विधानसभा स्थित कक्ष में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि वे स्वयं को बिल्कुल भी अकेला न समझें। सरकार मासूम बच्चों की शिक्षा के लिये हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों के नाम 5 लाख रूपये की एफडी होगी। एफडी की ब्याज की राशि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में व्यय की जायेगी।

> मुख्यमंत्री ने स्व. उर्मिला सैनी के बच्चों की शिक्षा के लिए दी 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

### राष्ट्रीय स्वर्णकार युवक-युवती परिचय सम्मेलन ने भोपाल में रचा इतिहास



**भोपाल ( विनय उजाला )।** राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय स्वर्णकार युवक-युवती परिचय सम्मेलन उत्साह, गरिमा और सामाजिक एकता के वातावरण में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए समाज के वरिष्ठजन, संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की बड़ी संख्या ने सम्मेलन में सहभागिता कर इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में श्री भगवान दास, विधायक संजय कुमार सोनी, भाजपा महिला मोर्चा राजगढ़ की जिला अध्यक्ष नीलम सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष निशा सोनी (नरसिंहपुर), भोपाल पार्षद विनीता विकास सोनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्षद सूर्यकांत गुप्ता, महामंडलेश्वर महंत अनिल आनंद महाराज, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता विकास सोनी, संस्था अध्यक्ष सन सोनी, उज्जैन के डिप्टी कलेक्टर एवं महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस सम्मेलन ने संगठन के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं मातृशक्ति के समर्पण, अनुशासन और सक्रिय सहयोग की विशेष प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन पर खाटू श्याम बाबा के मधुर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 'बाबा श्याम हमारा' के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

### दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 : 1.06 करोड़ रुपए से अधिक की नगदी और सामग्री जब्त

**भोपाल,निप्र।** दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। अब तक कुल 1 करोड़ 6 लाख 37 हजार 702 रुपये से अधिक मूल्य की नगदी, अवैध शराब एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम), एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) एवं अन्य जांच दलों द्वारा अब तक 85 लाख 82 हजार 400 रुपये की नकद राशि जब्त की गई है। इसके अलावा कार्रवाई के दौरान 15 हजार 556 लीटर शराब भी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 19 लाख 49 हजार 302 रुपये आंकी गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए निगरानी दलों द्वारा जिले में लगातार जांच एवं कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अश्विन जोशी, कन्नौजे, मेजर जनरल खंडूरी, डॉ. बशीर बद्र और पंडवानी गायिका तीजन बाई का किया स्मरण

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा में अर्पित की श्रद्धांजलि

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में निधन उल्लेख के अंतर्गत मध्यप्रदेश विधानसभा के भूतपूर्व सदस्यगण अश्विन जोशी, पहाड़ सिंह कन्नौजे, पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी एवीएसएम (सेवानिवृत्त), प्रसिद्ध शायर डॉ. बशीर बद्र और सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन पर दुख व्यक्त किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. अश्विन जोशी का स्मरण करते हुए कहा कि जोशी का जन्म 24 अगस्त, 1960 को अहमदाबाद (गुजरात) में हुआ था। आप वर्ष 1987 में म.प्र. युवक कांग्रेस तथा वर्ष 1997 में इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रहे। जोशी छात्र राजनीति में विशेष रूप से सक्रिय थे। जोशी ने ग्यारहवीं, बारहवीं और तेरहवीं विधानसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से इंदौर-3 क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उनका सार्वजनिक जीवन, सादगी-सौम्यता और जनसेवा के आदर्शों से अनुप्राणित रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जोशी के निधन से प्रदेश के सार्वजनिक जीवन की अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व विधायक स्वर्गीय पहाड़ सिंह कन्नौजे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कन्नौजे विधायक बनने से पहले पुलिस विभाग में आरक्षक से उप पुलिस अधीक्षक तक विभिन्न पदो पर पदस्थ रहे। आपने पंद्रहवीं विधान सभा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बागली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। स्व. कन्नौजे ने अपने कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कैलाश जोशी के आदर्शों के अनुरूप, जनहित के विषयों को प्रमुखता से उठाते हुए क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे एक कर्मठ, लोकप्रिय एवं संवेदनशील जनप्रतिनिधि के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन आयोजित कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में शामिल हुए।



मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधानसभा के मानसून सत्र प्रारंभ होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि खण्डूरी ने वर्ष 1954- से 1990 तक भारतीय सेना की इंजीनियर कोर में विभिन्न पदों पर सेवा की। सेना में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वर्ष 1982 में आपको अति विशिष्ट सेवा मैडल से अलंकृत किया। मेजर जनरल खंडूरी 10वीं, 12वीं, 13वी, 14वीं और 16वीं लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा केंद्र सरकार में समय-समय पर विभिन्न विभागों के मंत्री भी रहे। आप वर्ष 2007 से 2012 तक उत्तराखंड विधानसभा के सदस्य रहे और दो बार उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री रहे। खंडूरी के निधन से देश ने एक वरिष्ठ नेता तथा कुशल प्रशासक खो दिया है।

### शायर बशीर बद्र का स्मरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुप्रसिद्ध शायर डॉ. बशीर बद्र को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. बशीर बद्र का जन्म 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद), में हुआ था। वे एक बार भोपाल आए तो सदा के लिए भोपाल के हो गए। डॉ. बद्र के निधन से देश और प्रदेश ने उर्दू अदब के एक नामचीन शायर को खोया है।

डॉ. यादव ने पंडवानी गायिका तीजन बाई का स्मरण करते हुए कहा कि तीजन बाई का जन्म 8 अगस्त 1956 को गनियारी, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में हुआ था। तीजन बाई ने महाभारत की कथाओं को पंडवानी शैली में अपनी बुलंद आवाज, सशक्त अभिनय और अद्भुत जीवंतता के साथ गाकर दुनिया भर में प्रसिद्ध किया। भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 1988 में पद्मश्री, वर्ष 2003 में पद्मभूषण तथा वर्ष 2019 में पद्मविभूषण से विभूषित किया था। स्व. तीजन बाई ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुति से पंडवानी गायन को विशिष्ट पहचान दिलाई। कला जगत में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।





### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उड़ान ग्रुप की अनूठी पहल

## सामूहिक पौधरोपण कर विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने और सामाजिक सरोकारों को सशक्त करने के उद्देश्य से उड़ान ग्रुप की सभी सखियों ने ग्राम सेमरी खुर्द, बागरोदा में सामूहिक पौधरोपण एवं सेवा गतिविधि का आयोजन किया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती भूरी बाई एवं शासकीय विद्यालय के प्राचार्य राकेश पटेल के नेतृत्व में 51 पौधों का रोपण किया गया तथा विद्यालय के 50 विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति भी अपना सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान उड़ान ग्रुप की हेमा गुप्ता ने कहा कि पौधारोपण केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। इसी सोच के साथ खेत में पौधे लगाए गए, ताकि उनकी उचित सुरक्षा और देखरेख सुनिश्चित हो सके। उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संदेश दिया।

उड़ान ग्रुप की सदस्यों ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। एक पौधा न केवल हरियाली बढ़ाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण और बेहतर भविष्य की नींव भी रखता है।

इस सामाजिक एवं पर्यावरणीय अभियान में दीप्ति शर्मा, प्रियंका तिवारी, गरिमा कुलश्रेष्ठ, कीर्ति गुप्ता, हेमा गुप्ता, दीप्ति, रश्मि, मधु, एकता जैन, ज्योति पटेल, कविता, विजयलक्ष्मी एवं अपर्णा सहित उड़ान ग्रुप की सभी सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का समापन आपसी सौहार्द और पारिवारिक वातावरण के बीच पारंपरिक दाल-बाटी के सामूहिक भोज के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी ने भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी अभियान लगातार चलाने का संकल्प लिया।

### टैलेंट सर्च में एथलेटिक्स का दमदार आगाज़

## 400 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाई रफ्तार और हुनर

### टी.टी. नगर स्टेडियम में पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाओं ने आजमाया दम

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश के उभरते एथलीटों के लिए टैलेंट सर्च 2026-27 का पहला दिन उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा टी.टी. नगर स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स के पहले दिन लगभग 400 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे दिन स्टेडियम में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना, जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे युवा खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।

पहले दिन आयोजित चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों ने दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप, पोल वॉल्ट, शॉटपुट सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रत्येक स्पर्धा में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन निर्धारित तकनीकी मानकों के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा किया गया, ताकि उत्कृष्ट प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें विभाग की खेल अकादमियों एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण से जोड़ा जा सके। टैलेंट सर्च 2026-27 केवल चयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। टैलेंट सर्च का उद्देश्य ऐसी खेल प्रतिभाओं की पहचान करना है, जिन्हें आधुनिक खेल सुविधाएं, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्रदान कर उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में विकसित किया जा सके।



### लगातार बढ़ रहा खिलाड़ियों का उत्साह

टैलेंट सर्च अभियान के अंतर्गत अब तक जूडो, कुश्ती, बॉक्सिंग, फेंसिंग, शूटिंग, बैडमिंटन, टेनिस, कयाकिंग-कैनोइंग, स्लालॉम तथा घुड़सवारी सहित विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल्स सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। प्रत्येक खेल में खिलाड़ियों की उल्लेखनीय सहभागिता यह दर्शाती है कि मध्यप्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह निरंतर बढ़ रहा है। एथलेटिक्स ट्रायल्स के पहले दिन भी खिलाड़ियों की बड़ी उपस्थिति ने अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की।

### अभी दो दिन और मिलेगा अवसर

एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स 21 एवं 22 जुलाई 2026 को भी टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। टैलेंट सर्च 2026-27 के माध्यम से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को पहचानने, संवारने और उन्हें उत्कृष्ट प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का अभियान लगातार गति पकड़ रहा है, जिससे मध्यप्रदेश की खेल संस्कृति को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## नरवर किले से तोप चोरी, पुलिस ने घोषित किया 10 हजार का इनाम

विनय उजाला

**शिवपुरी,निप्र।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के नरवर किले से 16वीं शताब्दी की ऐतिहासिक तोप चोरी के मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी घोषणा की है। तोप चोरी करने वाले आरोपियों की पुख्ता जानकारी देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**15-16 जुलाई की रात को हुई चोरी** : पुलिस के अनुसार 15-16 जुलाई की रात 25 से 30 हथियारबंद बदमाश किले के पिछले रास्ते से लोडिंग गाड़ियों में आए थे। उन्होंने पहरा दे रहे सुरक्षाकर्मियों को धमकाकर तोप लूट ली और फरार हो गए। मामले में केयरटेकर की शिकायत पर नरवर थाने में केस दर्ज किया गया है। जांच के दौरान किले के पीछे टायरों के निशान भी मिले हैं। इस चोरी से पहले 5 जुलाई को भी बदमाशों ने तोप को नीचे गिराकर ले जाने की कोशिश की थी, लेकिन वजन अधिक होने के कारण सफल नहीं हो पाए थे। इसके बाद भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई थी।

**सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा** : पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को तोप या आरोपियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा और उसे 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

## बांधवगढ़ में कमजोर हालत में मिला नर तेंदुआ, रेस्क्यू कर उपचार शुरू

विनय उजाला

**उमरिया,निप्र। विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन अमले ने कमजोर अवस्था में मिले एक नर तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसका उपचार शुरू कराया है। तेंदुए को फिलहाल रिजर्व के सुरक्षित परिसर में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने सोमवार को बताया कि मगधी परिक्षेत्र की रोहनिया बीट में नियमित गश्त के दौरान एक नर तेंदुआ कमजोर हालत में दिखाई दिया था। इसके बाद वन विभाग ने उसकी लगातार निगरानी कराई, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे सुरक्षित पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के बाद तेंदुए के आवश्यक जैविक नमूने लिए गए हैं। प्राथमिक परीक्षण के अनुसार उसकी आयु लगभग 10 वर्ष आंकी गई है।





वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तोमर द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुए का निचला दाहिना कैनाइन दांत पूरी तरह घिसा हुआ पाया गया, जबकि अन्य कैनाइन दांत भी काफी घिस चुके हैं। इसी कारण वह शारीरिक रूप से अत्यंत कमजोर हो गया था।

वन विभाग के अनुसार तेंदुए को फिलहाल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सुरक्षित परिसर में रखकर उपचार और लगातार स्वास्थ्य निगरानी की जा रही है। उसकी स्थिति पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम नजर बनाए हुए है। रेस्क्यू अभियान के दौरान क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय सहित वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मगधी वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन सिंह ने अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कहा है कि वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बीमार अथवा घायल वन्यजीवों के उपचार के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे।

### 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' : पांचवें दिन हुए 1300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम

# 9 लाख से अधिक नागरिकों तक पहुंचा नशामुक्ति का संदेश

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक संचालित किए जा रहे विशेष जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' को पांचवें दिन भी व्यापक जनसमर्थन मिला।

अभियान के पांचवें दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं पुलिस इकाइयों में 1300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 09 लाख से अधिक नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा केवल जागरूकता संदेश देने तक सीमित न रहते हुए युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, ग्रामीणों, वाहन चालकों, श्रमिकों, खिलाड़ियों और आम नागरिकों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**जन-जागरूकता के साथ सामूहिक संकल्प :** अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में जनजागरूकता रैलियां, वाहन रैलियां, मैराथन, जनसंवाद, ग्राम चौपाल, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रथ, पोस्टर एवं पंपलेट वितरण, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों, हाट-बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, औद्योगिक क्षेत्रों, झुग्गी बस्तियों, ग्राम चौपालों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर नागरिकों को नशे से होने वाले स्वास्थ्यगत, सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। अनेक स्थानों पर नागरिकों एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।



**जिलेवार प्रमुख आयोजन :** अलीराजपुर जिले में 27 से अधिक कार्यक्रमों के जरिए आदिवासी सीनियर बालक छात्रावासों और छकतला जैसे ग्रामीण हाट बाजारों में जागरूकता फैलाई गई। विशेष जागरूकता रथ के माध्यम से गांवों में 'निमाड़ी बोली' में नशामुक्ति गीत बजाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

खंडवा जिले में 28 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस एवं सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, छात्रावासों, विद्यालयों, बस स्टैंड, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से 1 लाख 20 हजार से अधिक नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

> **मुख्यमंत्री ने किया नशामुक्त मध्यप्रदेश का शंखनाद :** अभियान के पांचवें दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं मंत्रीगणों ने भोपाल देहात के ऐतिहासिक जगदीशपुर (चमन महल) में आयोजित कैबिनेट बैठक के दौरान इस अभियान को अपना पूर्ण समर्थन दिया। मुख्यमंत्री महोदय एवं कैबिनेट मंत्रियों ने 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेकर हस्ताक्षर किए और पूरे प्रदेशवासियों को नशे से दूर रहने की एक मजबूत और सकारात्मक प्रेरणा दी। शासन के इस कदम से अभियान को एक नई ऊर्जा मिली है।

## निजी सुरक्षा एजेंसियों के लाइसेंस, चरित्र सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाएं

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्य प्रदेश में निजी सुरक्षा एजेंसियों के लाइसेंस एवं नवीनीकरण से संबंधित आवेदनों के त्वरित निराकरण तथा चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनाने के लिए गृह विभाग ने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

गृह विभाग की सचिव कृष्णावेणी देसावतु ने बताया कि प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 के अंतर्गत नए लाइसेंस के लिए प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित 60 दिवस की समय-सीमा में तथा लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदनों का निराकरण 30 दिवस की समय-सीमा में किया जाना है। इसी प्रकार, जांच उपरांत प्रतिवेदन 15 दिवस के भीतर संबंधित कार्यालय को भेजे जाने के निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि निजी सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गृह विभाग द्वारा की गई समीक्षा में कुछ जिलों में जांच प्रतिवेदन लंबे समय से लंबित पाए गए थे।

> गृह विभाग ने पुलिस अधिकारियों को दिए समय-सीमा में जांच एवं प्रतिवेदन भेजने के निर्देश

## संक्षिप्त समाचार

### 21 फीट ऊंचे पुष्प-सज्जित रथ पर विराजेंगे भगवान जगन्नाथ, इस्कॉन आज निकलेगा रथ यात्रा



**देवास, निप्र।** इस्कॉन देवास द्वारा 21 जुलाई को भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा दोपहर 3 बजे रामनगर स्थित रामेश्वर धाम मंदिर से प्रारंभ होकर नयापुरा स्थित लक्ष्मी नारायण धर्मशाला तक पहुंचेगी। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस्कॉन देवास के अध्यक्ष आनंदमय प्रभु ने बताया कि यात्रा का मुख्य आकर्षण 21 फीट ऊंचा भव्य रथ होगा, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी विराजमान रहेंगे। रथ को 15 प्रकार के ताज़े एवं सुगंधित फूलों से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। पूरे मार्ग में भक्तगण हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए भगवान के जयघोष के साथ आगे बढ़ेंगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की रथ यात्रा में एसी भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के शिष्य परम पूज्य महामना प्रभु एवं प्राणेश्वर प्रभु की दिव्य उपस्थिति रहेगी। साथ ही यूक्रेन और फिलीपींस से आए विदेशी भक्त भी इस भव्य आध्यात्मिक उत्सव में सहभागिता करेंगे, जो आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेगा। रथ यात्रा के समापन पर लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस्कॉन देवास ने शहर एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित इस दिव्य रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन करें, संकीर्तन में भाग लें तथा महाप्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक आनंद एवं भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### किसानों की समस्याओं को लेकर किया विशाल धरना प्रदर्शन




**देवास, निप्र।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान कि अध्यक्षता एवं राहुल पटेल ब्लॉक किसान कांग्रेस कन्नौद के नेतृत्व में रविवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर बस स्टैंड के समीप स्थित झंडा चौक पर विशाल विरोध प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री, मप्र कृषि मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में ई-टोकन खाद वितरण व्यवस्था समाप्त करने, मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने, रेलवे लाइन हेतु अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा देने तथा अतिवृष्टि से खेतों में हुए जलभराव एवं फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान, जिला प्रभारी विनय बाकलीवाल, पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, पीसीसी सदस्यबंटू गुर्जर, मनोज होलानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल एवं मुकेश पटेल ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने किसानों के अधिकारों और उनकी जायज़ मांगों के समर्थन में अपनी बात रखते हुए सरकार से तत्काल समाधान की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अकरम खान, जनपद उपाध्यक्ष रमजान खान, तेजस्वी मांजरेकर, कपिल लाठी, दीपक शर्मा, विनोद चावड़ा, सौरभ मालिया, सुनील यादव, अजय गुर्जर, लाल पटेल, दिनेश बरड़, नारायण कुमावत, नूर खान, आमीन ताज, वर्मा, राधू पहलवान, सहित कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत पुलिस ने मानव श्रृंखला बनाकर समझाइश दी



**सोनकच्छ, निप्र।** डीजीपी मध्य प्रदेश के द्वारा नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत 15.07.2026 से 30.07.2026 तक चलाया जा रहा है जिसमें पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के निर्देशन में, थाना प्रभारी विक्रांत झांझट एवं समस्त स्टाफ द्वारा आज सोमवार को सेंट एंथोनी हाई सेकेंडरी स्कूल सोनकच्छ में आज मानव श्रृंखला बनाकर विधार्थीयो एवं आमजन को नशें के दोष प्रभाव बताते इस आयोजन में विद्यालय की छात्राओं व स्कूल स्टाफ व वरिष्ठ जनों, कस्बा सोनकच्छ के साथ चरस, गांजा, अफीम व अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरूकता मानव श्रृंखला बनाकर आयोजन किया गया।

## स्वाध्याय के दौरान अंतर्मना प्रसन्न सागर ने कहा आगम चक्खु साहू

### तीर्थ पर गुरु की भक्ति में लीन हो गए शिष्य

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र। संसार में सुखी व्यक्ति को संन्यास का ओर दुखी व्यक्ति को मरने का भाव आता है। जितने भी महापुरुष ने परमपद को प्राप्त किया है वे सभी राजपाट से सम्पन्न थे, लेकिन अपने कल्याण के लिए उन्होंने सब कुछ त्याग दिया। इसलिए अपने अंदर एक गुण ऐसा पैदा करो कि दुनिया तुम्हें मरने के बाद भी याद करे ओर एक गुण ऐसा हो कि आप प्रतिदिन एक बुराई का त्याग करें।**

हमने हमारे जीवन में तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर जी महाराज से ' तप ' का गुण लिया। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज से ' त्याग ' का गुण लिया व अपने गुरु गणाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज से है 'नम्रता समर्पण' का गुण लिया। यह बात अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने जिनागम समयसार ग्रन्थ के स्वाध्याय के दौरान अपने संघ के शिष्यों व भक्तों कही उन्होंने कहा कि व्यक्ति के गुण का स्वभाव आत्मा है 'आचार्य कुंदकुंद स्वामी द्वारा रचित प्रवचनसार शास्त्र में कहा है आगम



चक्खु साहू' अर्थात गुरु का तीसरा नेत्र आगम (शास्त्र) है सच्चे साधु का वास्तविक ज्ञान और दृष्टि आगम (जिनवाणी) पर आधारित होती है। आगम ही उनके लिए सत्य और असत्य का भेद जानने की एकमात्र आँख है।

इसलिए जीवन में आगम का स्वाध्याय करना चाहिए। चारित्र ज्ञान में श्रेष्ठ साधुओं के दर्शन करना चाहिए। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि इसवर्ष का चातुर्मास गुरुदेव की भक्ति, स्वाध्याय, आराधना व साधना का चातुर्मास होगा। जहां प्रतिदिन अंतर्मना गुरुदेव अपने गुरु गणाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज की सेवा भक्ति में ससंघ लगे हुए है। सुबह से लेकर शाम तक जितने भी आयोजन तीर्थ पर हो रहे है संपूर्ण आयोजन में गणाचार्य श्री का सानिध्य भक्तों का प्राप्त हो रहा है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कृषि रोड मैप की समीक्षा बैठक संपन्न, दस दिनों में विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश

# किसानों की आय बढ़ाने बनेगा 'एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल'

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले के कृषि रोड मेप के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के कृषि परिदृश्य को आधुनिक बनाने, लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, उद्यानिकी व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में स्पष्ट किया कि जिले के विकास के लिए एक व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी रणनीति की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को पूरे जिले के लिए एक फसल आधारित 'एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल' तैयार करने को कहा, जिसमें लघु, सीमांत और बड़ी जोत वाले सभी किसानों को शामिल किया जा सके। उन्होंने इस मॉडल की विस्तृत कार्ययोजना आगामी 10 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सब्जी, फल और विशेष रूप से चिया सीड की मार्केटिंग व प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना की जाए। कृषि यंत्रों के लिए 'जे फार्म के माध्यम से कस्टम हायरिंग सेंटर्स को बढ़ावा दिया जाए। स्थानीय कृषि उपज मंडियों में उत्पादों की खरीदी बढ़ाने के साथ-साथ 'ई-मंडी' प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन तेज किया जाएगा, ताकि किसान सीधे और पारदर्शी तरीके से अपनी उपज, सब्जी तथा फलों की खरीदी-बिक्री कर सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम कर 10 दिन में योजना बनाकर कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहां, ताकि कृषि रोड मैप को जिले में जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जा सके।

बैठक में जिले के लिए अनुकूल संसाधन प्रभावी एवं लाभकारी कृषि की दिशा में प्रदेश के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा कृषि कार्य योजना का प्रेजेण्टेशन दिया गया। उप संचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया ने जिले के संपूर्ण कृषि के परिदृश्य एवं विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उप संचालक उद्यानिकी राजू बडवाया ने जिले में फल-सब्जी एवं प्रसंस्करण के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक पशुपालन ने आचार्य विद्या सागर गो संवर्धन योजना, बकरी इकाई योजना, टीकाकरण, पशु उपचार एवं बांझपन के निवारण के शिविरों की जानकारी दी। सहायक संचालक मत्स्य विभाग द्वारा जिले में मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य बीज संचयन, मस्त्योत्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड एवं स्मार्ट फिश पार्लर के संबंध में जानकारी दी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा जिले में अल्पावधि कृषि ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड एवं पट्टाधारी केसीसी धारक आदि की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सोयाबीन के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.बी.यू. दुपारे ने सोयाबीन के साथ अंतरवर्तीय फसलें एवं गेहूं कटाई के पश्चात सोयाबीन बुआई के लिए नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी जानकारी दी।



**उड़द की फसल लेने के लिए प्रेरित किया जाए**

कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों को जायद सीजन में मूंग की फसल के स्थान पर उड़द की फसल लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को एक ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध कृषि इनपुट और मिट्टी के प्रकार के अनुसार ही कृषि, उद्यानिकी और सब्जी वाली फसलों का चयन किया जाएगा, ताकि पैदावार बेहतर हो सके। खेतों में नरवाई (पराली) प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें, इसके लिए किसानों को जागरूक कर नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दें। सिंचाई जल के अपव्यय को रोकने और उसके न्यायोचित उपयोग के लिए माइक्रो इरिगेशन तकनीकों जैसे ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाए।

### सोनकच्छ नगर में दूसरे दिन भी नहीं हुई सफाई, पार्षद पति ने चोक नाली साफ की

# ...इस बार भी नगर विकास की राशि से बंटेगी तनख्वाह

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर में दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते साफ़ सफाई नहीं हुई। जिसके कारण गली मोहल्लों में कचरा गाड़ी नहीं आने के कारण लोगों के घरों में भी कचरा जमा हो गया है। साथ ही लिंक रोड, बजरंग चौराहा, जवहार मार्ग, डाक बंगला रोड, बस स्टैंड क्षेत्र, प्रगति नगर सहित कई मोहल्लों व कॉलोनियों में कचरा जमा हो गया। हड़ताल खत्म करने को लेकर सीएमओ अमरदास सेनानी ने पीआईसी की बैठक आयोजित की थी। जिसमें सफाईकर्मियों की सैलरी डालने को लेकर विचार किया गया। इस बैठक को नप भवन के सभाकक्ष में होना था लेकिन बैठक अध्यक्ष के निवास स्थान पर आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व पार्षद व पार्षद प्रतिनिधि विनोद चौधरी ने विशेष निधि जो कि नगर के विकास कार्यों के लिए शासन से दी गई है उससे सैलरी बांटने का विरोध कर दिया। बैठक में अधिकांश प्रतिनिधि ही शामिल हुए। बैठक एजेंडे पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। सीएमओ सेनानी ने कहा कि, पीआईसी की बैठक हुई है। सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म हो गई है। विनोद चौधरी के विरोध के बारे में जानकारी नहीं है। यह जानकारी मंगलवार को ही बता पाऊंगा। उधर नगरवासियों में भी इस बात को लेकर आक्रोश है कि, विशेष निधि जो कि नगर विकास के लिए मिली है उससे विकास कार्य ही कराया जाएं और मद परिवर्तन नहीं किया जाएं।

खेड़ापति मंदिर के सामने की नाली चौक प्रतिनिधि की सफाई सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। इस दौरान खेड़ापति मंदिर ठाकुर सेरी के सामने की नाली चौक होने बदबू आ रही थी। जिसकी शिकायत पार्षद प्रतिनिधि चौधरी को मिली तो उन्होंने स्वयं फावड़ा लेकर नाली की सफाई की।

**आज से वापस काम पर लौटेंगे सफाई कर्मचारी**



**नगर विकास का रुपए से वेतन कब तक बंटेगा...**

नगर परिषद के पूर्व पार्षद और वर्तमान में वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि विनोद चौधरी ने नाराजगी जताई कि नगर परिषद अधिकारी और परिषद के जवाबदार नगर विकास के लिए शासन से जो लाखों रुपए आता है उससे हर बार वेतन बांट दिया जाता है ऐसा कब तक चलेगा ? नगर विकास के रुपए से वेतन बांटना नगरवासियों के विकास को अवरूद्ध करने के बराबर है और इस रुपए से हर बार वेतन बांटना भी शासन के नियम विरुद्ध है।

### टोंक खुर्द अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न, पदम सिंह उदाना अध्यक्ष, जगदीश लाठिया सचिव निर्वाचित




विनय उजाला

**टोंक खुर्द, निप्र।** सोमवार को टोंक खुर्द अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। जिसमे अध्यक्ष पदम सिंह उदाना, उपाध्यक्ष अंतर सिंह खरवाड़िया, महिला उपाध्यक्ष छाया गोदेन, सचिव जगदीश चंद्र लाठिया, सह सचिव आशीष भंडारी, कोषाध्यक्ष विनीता शर्मा और पुस्तकालय सचिव शशिकांत शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बार में न्यायाधीश और अधिवक्ताओं व न्यायालयीन स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। गौरतलब है कि टोंक खुर्द बार की स्थापना वर्ष 1989 से लेकर आज तक कभी भी चुनाव नहीं हुए हैं और सर्वानुमति से निर्विरोध चुनाव कराएं गए हैं और उसी परंपरा को अब भी जारी रखकर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया गया।

### शून्य मातृ-शिशु मृत्यु दर वाली ग्राम पंचायतों को मिलेगा एक लाख रुपए का पुरस्कार

**देवास, निप्र।** मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने और ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) पंचायत योजना' का शुभारंभ किया गया है। योजना अंतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों को एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा, जिनमें एक वर्ष की अवधि के दौरान शून्य मातृ मृत्यु, पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा (मीजल्स) एवं रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि यह योजना सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान, बच्चों के बेहतर पोषण तथा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। योजना अंतर्गत पात्र ग्राम पंचायतों की जानकारी का संकलन एवं परीक्षण 27 जनवरी 2027 से प्रारंभ किया जाएगा।

## शिव के जयकारों के साथ ओंकारेश्वर के लिए नगर से जत्था हुआ रवाना



विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** भक्ति और उल्लास के माहौल में शहर की राजराजेश्वरी नगरी से श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था भगवान ओंकारेश्वर के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। भूपेंद्र मेड़ा मंडल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस वार्षिक यात्रा ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया। सोमवार को शहर के प्रमुख मार्गों से जब यह यात्रा गुजरी, तो हर तरफ सिर्फ भगवान शिव के जयकारे ही गूंज रहे थे। जगह-जगह नगरवासियों ने शिवभक्तों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा के प्रस्थान से पूर्व मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु पूरे जोश और उमंग के साथ ओंकारेश्वर धाम की ओर निकल पड़े। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### लंबित मांगों को लेकर पटवारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

# 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर शाजापुर जिले के समस्त पटवारी अपनी वर्षों से लंबित न्यायोचित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। शासन को कई बार ज्ञापन देने और विभिन्न माध्यमों से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से पटवारी वर्ग में भारी असंतोष व्याप्त है। इस प्रांतीय आंदोलन में जिले की शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल, मोहन बड़ोदिया, गुलाना और पोलायकलां तहसीलों के सभी पटवारी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। सोमवार को जिलेभर में पटवारियों ने संघ के जिलाध्यक्ष हरिओम हनौतिया के नेतृत्व में तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में मांग की गई कि कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए, नायब तहसीलदार के पदों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन कर पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल किया जाए, स्वामित्व योजना, कृषि गणना और फार्मर आईडी सहित विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेयों का तुरंत भुगतान किया जाए, संघ पदाधिकारियों के नियमविरुद्ध किए गए स्थानांतरणों को तत्काल निरस्त किया जाए। संघ जिलाध्यक्ष हनौतिया ने बताया कि 20 से 23 जुलाई 2026 तक सभी पटवारी काली पट्टी बांधकर अपना शासकीय कार्य करते हुए विरोध जताएंगे। इसके बाद अगले चरण में 24 से 27 जुलाई तक सभी शासकीय व्हाट्सएप और अन्य आधिकारिक संचार समूहों का बहिष्कार किया जाएगा। विरोध को और अधिक कड़ा करते हुए 28 जुलाई से 02 अगस्त तक वेबजीआईए, सारा ऐप सहित अन्य सभी ऑनलाइन शासकीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी शासन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 3 अगस्त 2026 से सभी पटवारी मांगों के निराकरण तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। पटवारियों के इस चरणबद्ध आंदोलन और आगामी हड़ताल के कारण जिले में राजस्व से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य बुरी तरह प्रभावित होने की संभावना है। इनमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, इन्द्राज दुरुस्ती, जाति प्रमाण-पत्र बनाना, न्यायालयीन प्रतिवेदन, शिकायतों की जांच, सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई जैसे कार्य शामिल हैं।

### रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ का 51वां संकल्प समारोह संपन्न

# रोटरी क्लब शासकीय अस्पताल में तीन मशीन के साथ डायलिसिस सेंटर खोलेगा

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ का 51वाँ संकल्प (अधिष्ठापन) समारोह संपन्न हुआ। समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. संस्कार कोठारी एवं प्रथम महिला दीप्ति कोठारी मुख्य अतिथि रहे। शपथ अधिकारी के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. सत्यनारायण लाठी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पीडीजी सुशील मल्होत्रा, पीडीजी डॉ. जामीन हुसैन, पीडीजी डॉ. ऋतु ग्रोवर, सचिन मिश्रा डायरेक्टर स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ग्रुप, चंद्रभान लालचंदानी डायरेक्टर खियालदास ग्रुप, रीजनल कोर्टिनेटर उमेश शर्मा एवं सहायक मंडलाध्यक्ष नसरुद्दीन पठान, अध्यक्ष महेश चंद्र राठौर, सचिव जीवन सिंह गुर्जर शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वतमान अध्यक्ष एवं सहायक मंडलाध्यक्ष रोटे. दिनेश राठौर ने की।

नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटे. महेशचंद्र राठौर एवं सचिव रोटे. जीवन सिंह गुर्जर ने सभी अतिथियों का दुपट्टे एवं स्मृति-चिन्हों से स्वागत किया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष स्व. जी. एन. मिश्रा के परिवार का सम्मान किया गया तथा सहायक मंडलाध्यक्ष रोटे. हर्ष मित्तल का भी विशेष सम्मान हुआ। इस अवसर पर निर्वतमान अध्यक्ष रोटे. दिनेश राठौर, निर्वतमान सचिव रोटे. महेशचंद्र राठौर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष महेशचंद्र राठौर एवं सचिव जीवन सिंह गुर्जर को कॉलर पहनाकर दायित्व सौंपा। क्लब के सभी पदाधिकारियों ने सेवा, सद्भाव एवं समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ ने सेवा, जनहित एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर पूरे मंडल में अपनी अलग पहचान बनाई है। क्लब की सक्रियता, टीम भावना और समाज के प्रति समर्पण अन्य क्लबों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने क्लब के सेवा प्रकल्पों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान जन रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मेहता के निवेदन पर सोनकच्छ शासकीय अस्पताल के लिए रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ द्वारा तीन डायलिसिस मशीन एवं डायलिसिस सेंटर खोलने का आश्वासन भी दिया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब सोनकच्छ के पूर्व अध्यक्ष, सदस्यगण, पत्रकारगण, इनरव्हील क्लब, नगर के गणमान्य नागरिक, आरसीसी सदस्य तथा भोपाल हिल्स, इंदौर रॉयल, ग्रेटर विदिशा, भौंरासा, हाटपिपल्या, इंदौर अपटाउन, धार, इंदौर मेघदूत, रतलाम, भोपाल एवं कलकत्ता सहित अनेक क्लबों के रोटेरियन्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव रोटे. जितेन्द्र सिंह बघेल ने किया तथा अंत में क्लब सचिव रोटे. जीवन सिंह गुर्जर ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## संक्षिप्त समाचार

### हर्बल गार्डन में रौपे फलदार एवं औषधीय पौधे



**हरसूद ( विनय उजाला )।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नया हरसूद-छनेरा द्वारा आरोग्य मध्यप्रदेश अभियान हरित आयुष अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी डॉ अनिल वर्मा के निर्देशन में औषधालय परिसर के हर्बल गार्डन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी डॉ रविन्द्र जायसवाल होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ से संगीता कौशल, भुवन सेन, टीना बोरखेड़े द्वारा औषधीय, फलदार, छायादार एवं फूलों के पौधे का रोपण किया गया। वृक्षारोपण से पहले जमीन पथरीली चट्टान वाली होने की वजह से जेसीबी से गहरे गड्ढे करवाकर खाद एवं काली मिट्टी डाली गई ताकि पौधों की ग्रोथ अच्छी हो एवं हवा आंधी में उखड़े नहीं। हर्बल गार्डन में सहजन, मौसंबी, संतरा, नींबू, रामफल, आम, अंजीर,अनार, अर्जुन, अमलतास, हर्रा, बीजा, गुड़हल, शमी, बिल्व, अंजन, सिरस, चंदन, सफेद पलास, कदम, अमलतास, त्रिवेणी, स्नेक प्लांट, अर्नामेंटल आदि प्रकार के 30 पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा एवं बड़े करने की जिम्मेदारी ली।

### गौरक्षा सेना ने कसी कमर, बारिश में गोवंश की सुरक्षा के लिए क्षेत्रवार रेस्क्यू टीमें गठित, वीरेंद्र सिंह और धर्मेंद्र बना बने संरक्षक



**शाजापुर, निप्र।** बारिश के मौसम में अक्सर बेसहारा गोवंश सड़क दुर्घटनाओं और मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए शाजापुर में गौरक्षा सेना ने गोवंश की रक्षा और उनके त्वरित उपचार के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। संगठन ने पूरे जिले में अपना विस्तार करने और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एक मजबूत नेटवर्क बनाने की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में रविवार की शाम गौउपचार केंद्र कांजी हाउस में संगठन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसका विधिवत शुभारंभ गौमाता की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए गौरक्षा सेना के सचिव प्रतीक सक्सेना ने बताया कि मॉनसून के दौरान घायल होने वाले गोवंश को बिना किसी देरी के चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रवार टीमों का गठन कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत धोबी चौराहा से मझानिया जोड़ तक अर्जुन राजपूत के नेतृत्व में टीम रेस्क्यू अभियान संभालेगी। गिरवर एवं पतोली बायपास क्षेत्र में अशोक खींची, लोकेश दरिया और नरेंद्र बना पतोली को उपचार व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।


### जनशिक्षकों का क्षमतावर्धन 5 दिवसीय प्रशिक्षण डाइट में प्रारंभ

**शाजापुर, निप्र।** जिले के सभी विकासखंड के जनशिक्षकों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण के प्रथम चरण का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शाजापुर में सोमवार 20 जुलाई से हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सीएसी की भूमिका एवं दायित्व, सीएसी की अकादमिक मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग, आदर्श विद्यालय, निर्माण प्रक्रिया, एसएमसी का सुदृढ़ीकरण, छात्र के लिए सरकारी योजनाएं, एजुकेशन पोर्टल 3.0, वार्षिक कार्य योजना निर्माण, 21वीं सदी के कौशल एवं जीवन कौशल, शैक्षणिक मेंटरिंग, आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जनशिक्षकों से परिचर्चा आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण के प्रथम दिन डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव ने जनशिक्षकों को इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सहभागिता करने और अपने कार्य क्षेत्र में अपनी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया।

# कुपोषण मुक्त इंदौर के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## लापरवाही पाये जाने पर दो परियोजना अधिकारियों को शोकॉज नोटिस, आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन पर रहेगा विशेष ध्यान

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिले में कुपोषण की रोकथाम एवं सुपोषण को बढ़ावा देने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की आज समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राज्य शासन द्वारा संचालित सभी पोषण संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न रहे।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिंह सहित सहायक संचालक, परियोजना अधिकारी तथा ब्लॉक कॉर्डिनेटर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि यदि कहीं भी कुपोषित बच्चे चिन्हित होते हैं तो उनके लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे बच्चों को आवश्यक पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके पोषण स्तर में शीघ्र सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में कुपोषण की रोकथाम, आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे नाश्ता एवं भोजन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा आधार आईडी सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कुपोषण उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की नियमित निगरानी की जाए तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देकर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कार्य किया जाए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिए कि सभी लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के दो परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बताया गया कि समग्र सत्यापन एवं आभा आईडी में प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर परियोजना शहरी क्रमांक 7 के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा एवं इंदौर ग्रामीण क्रमांक 1 के परियोजना अधिकारी श्री नितिन चौरसिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित एवं प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी केंद्र निर्धारित समय पर संचालित हों तथा वहां संचालित सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तक समय पर पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ गुणवत्तापूर्वक प्राप्त हो।

**आंगनवाड़ी केन्द्रों में भोजन की पौष्टिकता सुनिश्चित करें**

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता सुनिश्चित की जाए। किचन शेड की नियमित साफ-सफाई रखी जाए तथा मातृ सहयोगिनी समितियों को सक्रिय कर उनके माध्यम से भोजन की गुणवत्ता की सतत निगरानी कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्वयं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भोजन का परीक्षण करें तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं आधार आईडी सत्यापन की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### आयुक्त द्वारा अमृत 2.0 परियोजना के कार्यों का किया निरीक्षण

# गुणवत्ता एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बुडानिया बीएसएफ कैंपस में विगत 12 जुलाई को किए गए पौधारोपण स्थल का आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा निरीक्षण किया गया। तथा निगम द्वारा किए पौधारोपण का अवलोकन कर आयुक्त द्वारा पौधारोपण की वर्तमान स्थिति, सिंचाई व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।। निरीक्षण के दौरान प्रभारी श्री राजेंद्र राठौर, उद्यान अधिकारी श्री शांतिलाल यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

**लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं**

आयुक्त ने कहा कि अमृत 2.0 परियोजना शहर के नागरिकों को बेहतर एवं आधुनिक सीवरेज सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण कार्यों के दौरान आमजन को होने वाली असुविधा को न्यूनतम रखने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा आज अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं परियोजना से जुड़े तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने अमृत 2.0 योजना के पैकेज-2 अंतर्गत नंद बाग कॉलोनी, टिगरिया बादशाह, स्कीम नंबर-166 तथा बड़ा बांगड़दा क्षेत्र में निर्माणाधीन सीवर लाइन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी पहलुओं का विस्तार से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने स्कीम नंबर-166, टिगरिया बादशाह में निर्माणाधीन 40 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्लांट के निर्माण की प्रगति, विभिन्न तकनीकी व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### भारतीय पत्रकार संघ एआईजे के धार जिला उपाध्यक्ष पद पर

## आशुतोष सेन एवं निसरपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विशाल गुप्ता को नियुक्त किया





विनय उजाला

**निसरपुर, निप्र।** भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) ने संगठन के विस्तार और पत्रकारों के हितों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते नितेश वर्मा जिलाध्यक्ष के प्रस्ताव पर एवं देवेन्द्र साहू संभागीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर तथा राकेश साहू प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर तथा विक्रम सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री कल्याण मल जैन राष्ट्रीय संयोजक एवं मप्र प्रभारी की सहमति से धार जिला उपाध्यक्ष पद पर आशुतोष सेन एवं ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विशाल गुप्ता को नियुक्त किया है।

इस नियुक्ति पर क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने गुप्ता को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य किया जाएगा।

इस नियुक्ति पर पत्रकार साथी शैलेंद्र लड्ढा,सुरेन्द्र जैन, आशिष कुमरावत, मनोहर मंडलोई, मोहम्मद बोहरा, घनश्याम पाटीदार, आशुतोष सेन, दिपक वाल्गे, गोपाल तेंलंगे, डां सलीम पठान, शिव उपवाल,अजय तिवारी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 2015 किसानों को पांच रूपए में बिजली कनेक्शन

**इंदौर (विनय उजाला)।** राज्य शासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा किसानों को पांच रूपए में सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। लाइनों के विस्तार की आवश्यकता नहीं होने पर पांच रूपए में किसानों को कनेक्शन दिया जा रहा है। शेष राशि अगले बिजली बिलों में वसूली जाती है। योजना प्रारंभ से अब तक मालवा निमाड़ में 2015 से ज्यादा किसानों को पांच रूपए में कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में 157 किसानों को लाभान्वित किया गया हैं, इसी तरह खरगोन जिले में 500 ,उज्जैन जिले में 130, बड़वानी में 117, बुरहानपुर जिले में 166, देवास जिले में 101, धार जिले में 240, खंडवा में 160 किसानों को लाभान्वित किया गया हैं। रतलाम जिले में 168 किसानों को पांच रूपए में सिंचाई के लिए स्थाई कनेक्शन प्रदान किया गया हैं। अन्य जिलों में अब तक इस योजना से 9 से 81 किसान लाभान्वित हुए हैं।

### ज्ञानशिला सुपर सिटी में ड्रेनेज का गंदा पानी बना आफत

# एक महीने से ओवरफ्लो चेंबर, संक्रामक बीमारियों का खतरा

विनय उजाला







**इंदौर, नप्र।** शहर की सिंगापुर टाउनशिप स्थित ज्ञानशिला सुपर सिटी में ड्रेनेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। पिछले करीब एक महीने से ड्रेनेज चेंबर लगातार ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे गंदा और बदबूदार पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे कॉलोनी के रहवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इसी मार्ग से स्कूल जाने वाले बच्चे भी रोजाना गुजरते हैं। सड़क पर फैले गंदे पानी और तेज बदबू के कारण बच्चों और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। रहवासियों का कहना है कि लगातार फैली गंदगी और जलभराव से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है।

स्थानीय रहवासी ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। चेंबर से लगातार गंदा पानी बह रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। रहवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि ड्रेनेज लाइन की तत्काल मरम्मत कर ओवरफ्लो की समस्या खत्म की जाए, ताकि क्षेत्र में रहने वाले लोगों को राहत मिल सके और किसी भी संभावित बीमारी के फैलने से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। प्रशासन की लापरवाही पर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाजापुर, निप्र।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 2 बजे जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में ग्राम दूधाना के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार डांगीचा निवासी श्याम पाल पिता रमेशचंद्र 35 वर्ष घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी मोहन बड़ोदिया पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उसके होंठ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई, जिसके तहत बेहतर उपचार के लिए उसे शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## पदोन्नति मिलने पर कर्मचारियों ने संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े का जताया आभार



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** संभागायुक्त कार्यालय एवं संभाग के अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के कर्मचारियों को स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किए जाने के आदेश के बाद कर्मचारियों ने आज संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को यह निर्णय मिलने से उनमें नया उत्साह और कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने संभागायुक्त डॉ. खाड़े का धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि वे नई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं दक्षता के साथ निर्वहन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार संभागायुक्त कार्यालय एवं अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के पांच कर्मचारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों में संभागायुक्त कार्यालय में पदस्थ श्री विजय कुमार देशपाण्डे और श्री महेश तोमर तथा कलेक्टर कार्यालय खरगोन में पदस्थ श्री अजय मुकाती, कलेक्टर कार्यालय खण्डवा में पदस्थ श्री रामलाल पंचौरे तथा कलेक्टर कार्यालय इंदौर में पदस्थ श्री राहुल जैन शामिल हैं।

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता का उपयोग करते हुए शासन की योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में योगदान दें तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

### महासती डॉ. कुमुदलता जी म.सा. का 'संकल्पमय चातुर्मास 2026' हेतु भव्य मंगल प्रवेश जुलूस कल

# कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय करेंगे जुलूस की अगवानी

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। इंदौर वासियों और विशेषकर जैन समाज के लिए हर्ष का विषय है कि अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता जी महाराज आदि ठाणा-4 का संकल्पमय चातुर्मास 2026 नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड,इंदौर पर संपन्न होगा।**

चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश जुलूस 22 जुलाई 2026, बुधवार को प्रातः 7:00 बजे महावीर भवन, इमली बाजार इन्दौर से प्रारंभ होगा जो राजबाड़ा, खजूरी बाजार, गौरा कुण्ड,टोरी कॉर्नर, बड़ा गणपति होते हुए चातुर्मास स्थल नरसिंह वाटिका, एयरपोर्ट रोड इन्दौर पहुंचेगा। मार्ग में जगह-जगह धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा तोरण द्वार बनाकर स्वागत किया जाएगा।

चातुर्मास स्थल पर महासती मंडल की अगवानी मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं महापौर श्री पुष्य मित्र भार्गव सहित अनेक श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी।

इस मंगल प्रवेश जुलूस की तैयारियां महावीर भवन श्रावक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में की जा रही हैं। आयोजन में प्रमुख रूप से डीपीन जैन, अचल चौधरी, रमेश भण्डारी, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, हेमन्त बोहरा, राजकुमार जैन, रितेश कटकानी, गजेन्द्र बोड़ाना, अभय झेलावत,अशोक मंडलिक, स्वप्निल संचेती, गर्वित बोड़ाना,रेणु जैन, रेखा जैन, पुष्पा डागरिया आदि सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

महासती जी के मंगल प्रवेश को लेकर समाज में विशेष उत्साह है। हजारों की संख्या में श्रावक-श्राविकाएं जुलूस में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।



मंगल प्रवेश जुलूस समिति संयोजक रितेश कटकानी ने बताया कि जुलूस में 30 महिला मण्डल सम्मिलित होगी जो सत्य, अहिंसा, अनेकांत का संदेश देते हुए पैदल चलेगी।

युवा वर्ग जयकारो और जैन धर्म का संदेश देने वाले जयकारों से गगन गुंजायमान करते हुए चलेंगे।

चातुर्मास समिति के मुख्य समन्वयक श्री जिनेश्वर जैन ने बताया कि जुलूस में श्रावक सफेद वस्त्र और महिलाएं केसरिया परिधान या लाल चुनड़ी धारण कर चलेगी।

संघ के महामंत्री रमेश भण्डारी ने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक मंगल जुलूस में सम्मिलित हो। पुण्य योग से हमें यह संयोग प्राप्त हुआ है।

मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि नरसिंह वाटिका को जैन दिवाकर समवसरण का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।

डॉ. नेम नाथ जैन,अरुण मेहता,अचल चौधरी, राजेश मेहता, टी.सी.जैन, दिलीप जैन, रवि बाफना, डॉ राजीव चौधरी, महावीर नाबरिया, दिलीप बिरानी, राजकुमार जैन,मनोहर लाल भटेवरा, सुनील जैन, ललित छल्लानी, जितेन्द्र चोपड़ा, अनिल मेहता,हुलास बेताला, राजेंद्र लोढ़ा, ललित संचेती, विमल तातेड, सुभाष विनायक्या, आशीष वीरानी, अशोक सुराणा, अशोक डांगी, वीरेन्द्र नाहर, भगवती लाल भटेवरा, मनोज संचेती, नरेन्द्र दलाल,ललित नाहर, प्रकाश कोठारी,वीरेन्द्र बोडाना,राजेंद्र चोरड़िया, अतुल झामड़, शरद मेहता, रवींद्र बोहरा, प्रवीण बम, विनोद पोरवाल, कमल जैन, छगनलाल जैन, हनुमान पोरवाल, सुभाष सुराना, अभय पोखरना, शशी बोथरा, आजाद नारेलिया, सुनीता छजलानी, मधु मंडलीक, जागृति भंडारी,अनिता भटेवरा, कोमल मूणत, ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महासती जी के मंगल प्रवेश जुलूस को सफल बनाएं।

**पश्चिम रेलवे**
**शुद्धि-पत्र**
टेंडर नंबर MMCT-SnT-STTD-22-2026 मौजूदा टेंडर बंद होने की तारीख और समय : 20.07.2026 को 15.00 बजे। बदली हुई तारीख और समय : 27.07.2026 को 15.00 बजे।
0393
हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**पासपोर्ट गुम सूचना**
सर्व विदित हो कि दिनांक 10.7.2026 को कालोनी में घर से दुकान के बीच फोटोकॉपी करवाने जाते वक्त मेरा पासपोर्ट नं. **M4342905** कहीं गिर गया है। जिसे काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला है।
**असगर पटेल**
**पता: 315, चंदन नगर, सेक्टर जे, इंदौर म.प्र.**
**हाल मुकाम: 363, लुनिया मोहल्ला, ग्राम बांक, जवाहर टेकरी, इंदौर म.प्र.**

**:: जाहिर सूचना ::**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सचिन सिंह पिता श्री राजकुमार सिंह** झोन 32, राजस्व विभाग पर सर्विस क्रं./पिन क्रं. **1001264862**, पता - **178, स्मृति नगर, छोटा बांगड़दा, इंदौर** के दर्ज नाम पर संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रं. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
**प्रभारी अधिकारी, पंजीयन कार्यालय, मोती तबेला झोन क्रं.32, नगर पालिक निगम इंदौर**

दैनिक
विनय उजाला



# संन्यास का फिलहाल कोई इरादा नहीं...

## भविष्य की अटकलों पर हिटमैन ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर शानदार शतक जड़कर आलोचकों को करारा जवाब दिया है। रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर कई तरह की अटकलें लग रही थीं। लॉर्ड्स में वनडे शतक बनाने वाले पहले भारतीय बने रोहित शर्मा ने अपने आलोचकों को कड़ा जवाब देते हुए साफ कर दिया कि संन्यास का उनका फिलहाल कोई इरादा नहीं है।**

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच से पहले रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। मीडिया में लगातार यह दावे किए जा रहे थे कि लॉर्ड्स में होने वाला यह मुकाबला भारत के लिए उनका आखिरी मैच हो सकता है। हालांकि, भारतीय दिग्गज ने अपने बल्ले से इन सभी अफवाहों का करारा जवाब दिया। मैच से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने भी कहा था कि इन रिपोर्ट्स में कोई सच्चाई नहीं है।

### जब तक खेलूंगा, शोर बना रहेगा

मैच के बाद बीसीसीआई को दिए गए एक इंटरव्यू में रोहित शर्मा ने कहा, 'मेरा काम बल्ले से प्रदर्शन करना है। मैदान पर आना, खेलना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना ही मेरा लक्ष्य है। जब से मैंने डेब्यू किया है, मुझे यही करने को कहा गया है और मैं आगे भी यही करता रहूंगा।' बाहरी शोर और आलोचनाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, जब से मैंने डेब्यू किया है, तब से यह शोर मौजूद है। जब तक मैं खेलता रहूंगा, यह शोर बना रहेगा। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि मैं मैदान पर क्या करता हूं। मेरा पूरा ध्यान टीम की सफलता में योगदान देने पर है। लगातार हो रही चर्चाओं और दबाव के सवाल पर रोहित ने अपने बेबाक अंदाज में कहा, अगर शोर नहीं होगा, तो मजा नहीं आएगा।



### मैच में जीत नहीं दिला पाने का है दुख

रोहित की शतकीय पारी के बावजूद भारत को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। रोहित टीम के प्रदर्शन से निराश हुए। उन्होंने कहा, नतीजे से थोड़ी निराशा हुई है क्योंकि मुझे लगता है कि हमने अच्छी क्रिकेट खेली थी। बर्मिंघम में हमने काफी अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन कार्डिफ में बल्ले से बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके। हमने बोर्ड पर उम्मीद के अनुरूप स्कोर खड़ा नहीं किया। लॉर्ड्स में हमारे सामने विशाल लक्ष्य था। बल्ले से हम जो कर सकते थे, हमने पूरी कोशिश की। लेकिन 20-25 रन कम रह गए। अगर बात गेंदबाजी की करूं तो हमें समझना होगा कि इन खिलाड़ियों ने ज्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें कुछ समय देने की जरूरत है। उम्मीद है कि हम इस नतीजों से सबक लेंगे और कोशिश करेंगे कि आगे जब भी ऐसी स्थिति में आएं तो बेहतर प्रदर्शन करें।

## दलीप ट्रॉफी 2026 : ऋतुराज गायकवाड़ बने वेस्ट जोन के कप्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2026 के लिए वेस्ट जोन टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शम्स मुलानी को उप-कप्तान बनाया गया है। यह टीम सोमवार को जोनल चयन समिति की बैठक के बाद घोषित की गई। दलीप ट्रॉफी का आयोजन 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बंगलूरू स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के मैदानों पर किया जाएगा। पिछले सीजन में वेस्ट जोन की कप्तानी तेज गेंदबाज ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने संभाली थी। टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेंट्रल जोन से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इस बार चयनकर्ताओं ने टीम की कमान ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी है। गायकवाड़ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी भी कर चुके हैं। हाल ही में वह श्रीलंका 'ए' के खिलाफ 50 ओवर की ट्राई-सीरीज और रेड-बॉल मुकाबलों के लिए भारत 'ए' टीम का हिस्सा भी रहे थे। वेस्ट जोन की टीम में हार्विक देसाई और उर्विल पटेल को विशेषज्ञ विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है।

## न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में चौथे वनडे में वेस्टइंडीज को 1 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली है। इसके साथ ही सीरीज भी अपने नाम कर लिया। 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 149/6 पर संकट में थी, लेकिन कप्तान मिचेल सैंटनर की नाबाद 34 रन की पारी ने टीम को जीत दिलाई। जीत के लिए 3 रन चाहिए थे और न्यूजीलैंड के 9 विकेट गिर चुके थे। 44वें ओवर में सैंटनर का आसान कैच अकीन ऑगस्टे और जस्टिन ग्रीव्स की टक्कर के कारण छूट गया। इसके बाद 45वें ओवर की पहली गेंद पर सैंटनर ने चौका लगाकर मैच खत्म कर दिया। 6 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद मार्क चापमैन ने 82 गेंदों में 80 रन बनाकर पारी संभाली। उनके आउट होने के बाद गुडाकेश मोती ने लगातार विकेट लेकर कीवी टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। मोती ने 5 विकेट लिए, लेकिन सैंटनर आखिर तक टिके रहे और 11वें नंबर के जेडन लेनोक्स के साथ जीत दिला दी। सैंटनर ने गेंदबाजी में भी 2 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज 188 रन पर सिमट गई। आमिर जांगू और गुडाकेश मोती ने 81 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। न्यूजीलैंड की ओर से सांटनर और मैथ्यू फिशर ने 2-2 विकेट लिए।

# क्या मेसी का सफर यहीं खत्म..?

## मेटलाइफ में फिर टूटा मेसी का दिल

### भविष्य को लेकर उठ रहे सवाल

न्यूयॉर्क, एजेंसी

**न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम ने एक बार फिर लियोनल मेसी के करियर की सबसे भावुक कहानी लिख दी। 10 साल पहले इसी मैदान पर कोपा अमेरिका फाइनल में हार के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दुनिया को चौंका दिया था।**

हालांकि बाद में उन्होंने फैसला बदला, वापसी की और अर्जेंटीना को कोपा अमेरिका, फाइनलिसिमा और 2022 का विश्व कप जिताया। लेकिन 2026 फीफा विश्व कप का फाइनल फिर उन्हें उसी मैदान पर ले आया, जहां उनकी कहानी एक बार फिर दर्द के साथ खत्म हुई। स्पेन ने अतिरिक्त समय में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। 106वें मिनट में फेर्रान टोरेस के निर्णायक गोल ने अर्जेंटीना का लगातार दूसरा विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया। अंतिम सीटी बजते ही मेसी की आंखें नम थीं और मेटलाइफ स्टेडियम एक बार फिर उनके करियर के सबसे भावुक लम्हों का गवाह बन गया। हार के बाद मेसी रो पड़े।



### 2016 में यहीं लिया था संन्यास का फैसला

26 जून 2016 को कोपा अमेरिका फाइनल में चिली के खिलाफ पेनाल्टी शूटआउट में चूकने के बाद मेसी ने कहा था कि अब उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया है। उस घोषणा ने पूरी फुटबॉल दुनिया को हैरान कर दिया था। हालांकि अर्जेंटीना के प्रशंसकों और साथियों के आग्रह पर उन्होंने कुछ ही समय बाद वापसी कर ली। वापसी के बाद मेसी ने वह सब हासिल किया, जिसकी उनके करियर में कमी मानी जाती थी। उन्होंने 2021 और 2024 में कोपा अमेरिका, 2022 में फाइनलिसिमा और उसी साल फीफा विश्व कप जीतकर खुद को महानतम खिलाड़ियों की सूची में और मजबूत कर लिया।

### 10 साल बाद अधूरी रह गई फेयरीटेल विदाई

19 जुलाई 2026 को मेसी अपने करियर का तीसरा विश्व कप फाइनल खेलने के लिए फिर मेटलाइफ स्टेडियम पहुंचे। उम्मीद थी कि यह मैदान इस बार उनकी सुनहरी विदाई का गवाह बनेगा, लेकिन स्पेन की अनुशासित और आक्रामक फुटबॉल ने ऐसा नहीं होने दिया। पूरे मैच में स्पेन ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और मेसी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। अर्जेंटीना लगातार दबाव में रही और अतिरिक्त समय में फेर्रान टोरेस के गोल ने मुकाबले का फैसला कर दिया।

### रिकॉर्ड भी नहीं बना सके मेसी

मेसी ने टूर्नामेंट में आठ गोल किए और विश्व कप में अपने कुल गोलों की संख्या 21 तक पहुंचाई, लेकिन वह फ्रांस के किलियन एमबाप्पे (22 गोल) को पीछे नहीं छोड़ सके। गोल्डन बूट और सर्वाधिक विश्व कप गोल करने का रिकॉर्ड भी उनके हाथ नहीं लगा। व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिहाज से भी यह फाइनल उनके लिए निराशाजनक रहा। मेसी ने फीफा विश्वकप 2026 में आठ गोल किए, जबकि एमबाप्पे ने 10 गोल के साथ गोल्डन बूट जीता। गोल्डन बॉल भी स्पेन के कप्तान रोड्री को दिया गया।

## चोटिल खिलाड़ियों से परेशान टीम इंडिया

# वर्ल्ड कप में 11 मैच कैसे खेलेंगे? शुभमन गिल ने दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

**शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 की हार का सामना करना पड़ा। पहला मुकाबला जीतने के बावजूद मेजबानों को मुंह की खानी पड़ी। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे में हार के बाद शुभमन खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने की समस्या को लेकर परेशानी में नजर आए।**

उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी 2-3 मैचों की सीरीज पूरी खेल नहीं पाते हैं तो वर्ल्ड कप में क्या होगा। शुभमन गिल ने तीसरे वनडे के बाद हुई प्रेस वार्ता में कहा कि खिलाड़ियों के लगातार इंजर्ड होने की वजह से टीम कॉम्बिनेशन में लगातार बदलाव करना पड़ रहा है। इसमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर हम वर्ल्डकप को अपना लक्ष्य मानें, जहां हमें लगातार 11 मैच खेलने होंगे, तो हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो 2-3 मैचों की सीरीज भी पूरी नहीं कर पाते। तो कुछ सीमाएं हैं जिनकी वजह से हमारे खिलाड़ी लगातार नहीं खेल पाते। वे 1-2 मैच खेलते हैं, उन्हें कोई छोटी-मोटी चोट लग जाती है और फिर हमें अलग कॉम्बिनेशन के साथ खेलना पड़ता है। इसलिए एक ग्रुप के तौर पर हमें अपनी फिटनेस और इन सभी चीज़ों में सुधार करने की जरूरत है।



### घायल होना चिंताजनक

वास्तव में खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम इंडिया के लिए बड़ी सिरदर्दी बन गया है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने आईपीएल 2026 के बाद से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। उनके बैकअप के तौर पर तैयार हो रहे नीतीश कुमार रेड्डी अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में चोटिल हो गए। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा इंग्लैंड ओडीआई सीरीज शुरू होने से पहले ही इंजर्ड हो गए। वहीं जसप्रीत बुमराह घुटने में चोट की वजह से लॉर्ड्स वनडे में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।



## भारत और स्पेन के बीच डिजिटल भुगतान होगा आसान

# कंबोडिया एयरवेज-कोमैक के बीच 12,740 करोड़ का समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत और स्पेन ने दोनों देशों के बीच डिजिटल भुगतान को आसान बनाने की दिशा में पहल की है। दोनों देश भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और स्पेन के बिजुम डिजिटल भुगतान मंच को आपस में जोड़ने के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत तेज करेंगे। इससे भविष्य में दोनों देशों के बीच भुगतान की प्रक्रिया अधिक सरल और तेज हो सकेगी।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हालिया स्पेन यात्रा के दौरान यह सहमति बनी। इससे पहले अक्तूबर 2024 में भारत दौरे पर आए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा खरीदी थी। इसके लिए उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल किया। आसानी से हुए इस लेनदेन के बाद सांचेज ने यूपीआई की सराहना की। उन्होंने कहा था कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।




## मालदीव के 42 द्वीपों पर बनेंगे आधुनिक फिटनेस सेंटर

मालदीव के विदेश मंत्री इरुथिशाम आदम और युवा सशक्तीकरण, खेल एवं फिटनेस मंत्री अब्दुल्ला रफीउ ने भारत सरकार के उदार सहयोग के लिए आभार जताया। भारत और मालदीव के बीच मालदीव के समुदायों के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों मंत्रियों ने कहा कि भारत की इस मदद से मालदीव के लोगों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने बताया, 'मालदीव सरकार (जीओएम) और भारत सरकार (जीओआई) ने भारत की अनुदान सहायता योजना 'हाई इम्पैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स (एचआईसीडीपी)' के तहत 42 द्वीपों में फिटनेस और मनोरंजन केंद्रों के लिए उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर समारोह विदेश मंत्रालय में आयोजित हुआ, जो दोनों देशों के लगातार मजबूत होते रिश्तों में एक और अहम कदम है।' इस समझौते पर मालदीव सरकार की ओर से विदेश मंत्री इरुथिशाम ने हस्ताक्षर किए। भारत की ओर से मालदीव में भारत के उच्चायुक्त जी. बालासुब्रमण्यम ने हस्ताक्षर किए, जबकि परियोजना को लागू करने वाली एजेंसी की ओर से मंत्री अब्दुल्ला ने दस्तखत किए।

### 20 विमानों की डील, लागत करीब 12,740 करोड़

कमर्शियल एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन ऑफ चाइना (कोमैक) के अनुसार, कंबोडिया एयरवेज ने हाल ही में चीन के शांगहाई शहर में कोमैक के साथ 20 सी909 विमान खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सी909 एक 90 सीटों वाला, अल्प और मध्यम दूरी का टर्बोफैन क्षेत्रीय जेट है, जिसे चीन ने स्वतंत्र रूप से विकसित किया है। यह मुख्य रूप से छोटे और मध्यम आकार के शहरों और प्रमुख हवाई अड्डों के बीच परिवहन के लिए उपयोग किया जाता है, और पहले ही इंडोनेशिया, लाओस और वियतनाम जैसे विदेशी बाजारों में इसका विस्तार हो चुका है। दोनों देशों या समझौते में शामिल पक्षों की तरफ से राशि का खुलासा नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान लगाया गया है कि समझौता हजारों करोड़ रुपये का है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं वह करीब 1.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है। यानी 20 विमानों की एवज में कंबोडिया चीनी कंपनी को भारतीय करेंसी के हिसाब से 12,740 करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान करेगी।

## अफगानिस्तान-भारत व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे

# वीजा की प्रक्रिया आसान करने पर जोर प्रशासनिक बाधाओं पर भी मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

**पाकिस्तान के साथ संघर्षरत अफगानिस्तान के शीर्ष व्यापारिक संगठन अफगानिस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट (एसीसीआई) ने भारत के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को और मजबूत बनाने पर जोर दिया है।**

संगठन ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने व व्यापारिक वीजा जारी करने की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने पर बल दिया है। एसीसीआई के चेयरमैन सैयद करीम हाशिमी और अफगानिस्तान में भारत के राजदूत यतिन पटेल के बीच इन मुद्दों पर काबुल में बैठक हुई। एसीसीआई के अनुसार, दोनों पक्षों ने रणनीतिक एवं कूटनीतिक संवाद के तहत व्यापार, निवेश व दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सैयद करीम हाशिमी ने कृषि उत्पादों, हस्तशिल्प, खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में आर्थिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अफगानिस्तान के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए बाजारों तक पहुंच, लॉजिस्टिक ढांचे में सुधार व व्यापारिक वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने जैसे सुझाव भी दिए।



### भारतीय दूत ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

भारतीय राजदूत यतिन पटेल ने प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत इन क्षेत्रों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच संयुक्त व्यापार प्रदर्शनी, विशेष व्यापारिक मंचों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान की योजना पर कार्य किया जा रहा है। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्रों में स्थायी सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

### चाबहार के जरिये संपर्क मजबूत कर रहा भारत

बैठक तब हुई है जब पाकिस्तान के माध्यम से अफगानिस्तान का व्यापार तेजी से घटा है। 2020-21 में जहां यह लगभग पांच अरब डॉलर था, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह घटकर 36.7 करोड़ डॉलर रह गया है। इससे अफगानिस्तान ने ईरान सहित वैकल्पिक मार्गों पर अधिक ध्यान देना शुरू किया है। भारत भी ईरान के चाबहार बंदरगाह के माध्यम से अफगानिस्तान के साथ संपर्क और व्यापार को मजबूत कर रहा है। यह मार्ग पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए भारत को अफगानिस्तान तक सीधी पहुंच देता है।

## अब सिर्फ ब्रांड इंडिया! विदेशों में इसी नाम से बिकेंगे भारतीय उत्पाद



नई दिल्ली, एजेंसी

**अब केवल ब्रांड इंडिया नाम से विदेशों में भारतीय सामान बिकेंगे। भारत सरकार इसके लिए एक नया फ्रेमवर्क तैयार करने जा रही है। इसके तहत निर्यात होने वाले सामानों को वैश्विक मानकों के अनुरूप पैकेजिंग एवं डिजइनिंग कर बाजार में उतारा जाएगा।**

असल में भारत को केवल वस्तु-निर्यातक से ब्रांड-निर्यातक में परिवर्तित करने की तैयारी की जा रही है। इसका मकसद अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत की सॉफ्ट पावर को सशक्त बनाना भी है। सरकार की नई योजना में नए फ्रेमवर्क व वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके लिए वाणिज्य मंत्रालय ने एक नई योजना तैयार कर निर्यातकों व उद्यमियों से इस पर सुझाव भी मांगे हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, प्रथम बार निर्यात करने वालों, स्टार्ट-अप्स और निर्यात क्लस्टरों की वैश्विक बाजारों में भागीदारी बढ़ेगी। मूल्य-सृजन में होने वाली हानि को कम किया जाएगा। वैश्विक व्यापार के प्रीमियम वर्गों में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। निर्यातकों और साझा ब्रांड परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। ब्रांड इंडिया समिति एकीकृत ब्रांड इंडिया ढांचा बनाएगी। यह उप-ब्रांडों का मार्गदर्शन करेगा।

## 7 लाख बैरल तेल ले जाने की क्षमता

# 23 साल के बाद खुलेगी 2003 से बंद पड़ी पाइपलाइन, तेल संकट होगा दूर

नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका व ईरान के बीच जारी संघर्ष में बुरी तरह प्रभावित ओपेक सदस्य देश इराक ने होर्मुज जलडमरूमध्य का विकल्प तलाश लिया है। अब वह सीरिया के जरिये पूरी दुनिया को अपना तेल बेचेगा।**

इराक व सीरिया के बीच शुक्रवार को एक पुरानी तेल पाइपलाइन के पुनर्निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर हुए। यह पाइपलाइन होर्मुज का विकल्प बनेगा। बगदाद और दमिश्क के बीच यह समझौता इराक में अमेरिकी निवेश से संबंधित है। समझौते पर बसरा ऑयल कंपनी के सीईओ बासेम अब्दुल करीम नस्र और सीरियन पेट्रोलियम कंपनी के सीईओ यूसुफ कबलावी ने हस्ताक्षर किए। खास बात यह है कि समझौते से पहले वाशिंगटन में चैंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने की। राइट ने कहा, इराक में सुधार लाने, तेल उत्पादन बढ़ाने, दुश्मन पड़ोसी देशों पर निर्भरता कम करने और देश में आजादी, खुशहाली और भरपूर ऊर्जा लाने की बहुत गुंजाइश है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, यह पाइपलाइन उत्तरी इराक के किरकुक से सीरिया के भूमध्य सागर तट तक जाती है। इसकी क्षमता रोजाना 7,00,000 बैरल तेल ले जाने की है। जिस पाइपलाइन की चर्चा हो रही ये करीब 23 साल से बंद है। दरअसल, 2003 में इराक पर अमेरिका के हमले के दौरान नुकसान पहुंचने के बाद से यह पाइपलाइन बंद पड़ी है। पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक में तेल के दूसरे सबसे बड़ा उत्पादक देश इराक का तेल उत्पादन 50 प्रतिशत से अधिक गिरकर लगभग 19 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया, जबकि फरवरी में यह लगभग 42 लाख बैरल प्रतिदिन था। यह सब ईरान युद्ध के चलते हुआ है।



## संक्षिप्त समाचार

### नवागत सीएसपी शशांक सिंह गुर्जर ने संभाला पदभार, कानून-व्यवस्था और रात्रि गश्त पर रहेगा विशेष जोर



**धार, निप्र।** नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) के रूप में नवागत पुलिस अधिकारी शशांक सिंह गुर्जर ने पदभार ग्रहण कर लिया है। सोमवार दोपहर धार पहुंचे गुर्जर ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की और इसके बाद सीएसपी कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। कार्यालय पहुंचने पर पुलिस कर्मियों ने नवागत अधिकारी का आत्मीय स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद सीएसपी शशांक सिंह गुर्जर ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि धार अनुभाग क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि थानों में दर्ज लंबित मामलों की त्वरित समीक्षा की जाएगी और फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा, प्रदेश स्तर पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आम जनता से संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया जाएगा। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस की रात्रि गश्त पर विशेष फोकस रहेगा।

### बाल संस्कार केंद्रों के लिए एक दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न



**मनावर, निप्र।** विश्व हिंदू परिषद् मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी, जिला मनावर मालवा प्रांत द्वारा बाल संस्कार केंद्रों के लिए एक दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन राम मंदिर विश्व हिंदू परिषद कार्यालय जाजमखेड़ी मनावर में किया गया। अभ्यास वर्ग में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 35 अपेक्षित बहनों की सहभागिता रही। वर्ग तीन सत्रों में सम्पन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में प्रांत मातृशक्ति सह-संयोजिका ऋतु शर्मा दुर्गावाहिनी धार विभाग संयोजिका दीपिका सोनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ऋतु शर्मा दीदी ने अपने सत्र में भारतीय इतिहास की महान वीरांगनाओं एवं मातृशक्ति के प्रेरणादायी जीवन प्रसंगों के माध्यम से बहनों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने राजमाता जीजाबाई, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सहित अनेक प्रेरणादायी महिलाओं के जीवन और उनके त्याग, साहस, संस्कार एवं राष्ट्रभाव के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि मातृशक्ति ने सदैव समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बाल संस्कार केंद्रों की आवश्यकता एवं महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में दिए गए संस्कार ही बच्चों के व्यक्तित्व और जीवन का आधार बनते हैं। बाल संस्कार केंद्रों के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, सेवा, अनुशासन, राष्ट्रभाव एवं अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता का निर्माण किया जा सकता है। दीपिका सोनी ने दुर्गावाहिनी की भूमिका, संगठनात्मक कार्यपद्धति एवं बहनों की सामाजिक सहभागिता पर मार्गदर्शन प्रदान किया। अभ्यास वर्ग में बाल संस्कार केंद्रों की आवश्यकता, उद्देश्य, संचालन पद्धति, बच्चों के साथ संवाद एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संस्कार निर्माण सहित संचालन नीतिका सोनी द्वारा किया गया।

### पीएम मित्र पार्क, मेडिकल कॉलेज से बदलेगी जिले की तस्वीर : भारती



**धार, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा का एक दिवसीय जिला सम्मेलन सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के जनजातीय समाज को उनका वास्तविक सम्मान मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरा देश 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाता है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सरकार आदिवासियों, किसानों और युवाओं को समर्पित है। जिले में आकार ले रहे पीएम मित्र पार्क टेक्सटाइल इंडस्ट्रियल एरिया और मेडिकल कॉलेज से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आएगा। सम्मेलन में विशेष अतिथि मोर्चा जिला प्रभारी विशाल रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा एवं भाजपा जिला महामंत्री राकेश पटेल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### जय जगदीश हरे... जय जगन्नाथ... का गूंजा जयघोष

## भक्ति और उत्साह के साथ निकली भगवान श्री जगन्नाथ की द्वितीय भव्य रथयात्रा



विनय उजाला

**मनावर, निप्र।** विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथपुरी रथयात्रा की तर्ज पर नगर में रविवार को भगवान श्री जगन्नाथ की द्वितीय भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथ में भगवान श्री जगन्नाथ के साथ बलभद्र एवं माता सुभद्रा विराजित रहे।

रथयात्रा श्री बंकनाथ अटल दरबार मंदिर से प्रारंभ हुई। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे नगर में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष, हरिनाम संकीर्तन, ढोल-ताशों और भजन-कीर्तन से भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। आयोजन समिति के सोनू पाटीदार ने कहा कि भव्य रथयात्रा के आयोजन ने मनावर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त करते हुए सामाजिक समरसता एवं सनातन संस्कृति के प्रति जन आस्था का प्रेरक संदेश दिया। हरे कृष्णा टीम एवं सकल हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य रथयात्रा में नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशासन एवं पुलिस की मुस्तैद व्यवस्था के बीच यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। एसडीओपी बृजेश कुमार मालवीय, थाना प्रभारी राजेश यादव, यातायात सूबेदार बंसीलाल कन्नौजे, दलबल के साथ चौराहा चौराहे पर पुलिस बल देना कर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से की गई।

# सीएम हेल्पलाइन के मामलों का समय पर करें निराकरण : कलेक्टर

**टीएल बैठक में विभागीय कार्यों, योजनाओं की समीक्षा की, विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।**

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने, कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से आयोजित करने तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को राष्ट्रीय भावना के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिला अधिकारियों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।उन्होंने डॉग बाइट एबीसी सेंटर, स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा कर निर्माण एजेंसियों को लंबित भवन निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा सभी अधिकारियों को आवंटित छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को नॉन-अटेंडेंट नहीं रखा जाए तथा समय पर जवाब अपडेट किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबल योजना के पंजीयन की समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की समीक्षा के दौरान सभी विभागों को अपने विभागीय कर्मचारियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर पंजीयन में उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जानकारी दी कि बलराम महोत्सव का आयोजन अब 21 जुलाई के स्थान पर 23 जुलाई को चंद्रशेखर आजाद नगर में किया जाएगा। उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभागों को आयोजन की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम, अपर कलेक्टर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



# घनश्याम पाटीदार बने प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी

**डिजिटल मीडिया विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी, पत्रकार हितों और संगठन को नई दिशा देने की उम्मीद**

ईफराज कुरैशी

**कुक्षी। कुक्षी सहित संपूर्ण मालवा-निमाड़ अंचल के लिए गौरव का विषय है कि वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े घनश्याम पाटीदार को प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (PCWJ) के डिजिटल मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संगठन सचिव तथा मध्यप्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से पत्रकार जगत में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।**

इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद खालिद कैस (एडवोकेट) द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार घनश्याम पाटीदार आगामी आदेश तक डिजिटल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय संगठन सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देंगे, साथ ही मध्यप्रदेश इकाई के प्रभारी के रूप में संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार का दायित्व भी संभालेंगे।



संगठन ने उनके दीर्घ पत्रकारिता अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि घनश्याम पाटीदार अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण भाव से करते हुए संगठन के संविधान, उद्देश्यों एवं नीतियों के अनुरूप पत्रकार हितों की रक्षा, डिजिटल मीडिया के सशक्तीकरण तथा संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

घनश्याम पाटीदार लंबे समय से पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को पत्रकारों के हित में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम माना जा रहा है। इससे न केवल संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि प्रदेशभर के पत्रकारों को एक मजबूत मंच प्रदान करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र जैन, कैलाशचंद्र गुप्ता, प्रदीप एच. पाटीदार, शैलेन्द्र लड्डा, मोहम्मद बोहरा, आशीष कुमरावत, विशाल गुप्ता, शिव उपवाल, दीपक वालगे, आशुतोष सेन, डॉ. सलीम गोपाल, सत्येंद्र मिश्रा तेलंगे, अजय तिवारी, इकबाल खत्री, ईफराज कुरैशी, फिरोज पठान, प्रवीण सोलंकी, जावेद पटेल, सिराज मंसूरी, राकेश वकील यादव, भगवान मुझाल्दा सहित अनेक पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## भाजपा ग्रामीण जिला कार्यालय निर्माण का पद्मश्री नागर ने किया निरीक्षण



विनय उजाला

**मनावर, निप्र।** पद्मश्री सम्मान अलंकृत एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) आ. मोहन नागर का भाजपा ग्रामीण धार जिले के अल्प प्रवास के दौरान मनावर आगमन हुआ। आगमन पर भाजपा ग्रामीण धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। अल्प प्रवास पर मोहन नागर ने मनावर में नवीन निर्माणाधीन भाजपा ग्रामीण जिला कार्यालय का अवलोकन कर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संगठन का अपना सुसज्जित एवं व्यवस्थित कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का केंद्र होने के साथ-साथ जनसेवा का सशक्त माध्यम भी होता है। भाजपा ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिघाना ने बताया इस दौरान मनावर नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, भाजपा जिला मंत्री लोकेश मुकाती, भाजपा कार्यालय मंत्री पन्नालाल पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य कपिल सोलंकी, सचिन पांडे अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरज बालेश्वर, मनावर नगर मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदार मनावर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन सोलंकी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंडवानी साधिका तरुणा साहू को मिलेगा भागवत प्रसाद स्मृति सम्मान

विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव लेखिका समाजसेवी शशि दीप के पूज्य पिता की स्मृति में दिया जाने वाला भागवत प्रसाद स्मृति सम्मान 2026 जो उनके परिवार द्वारा प्रदान किया जाता है, इस वर्ष छत्तीसगढ़ राजनांदगांव की जानी-मानी जांबाज आरपीएफ सब इंस्पेक्टर एवं पंडवानी साधिका तरुणा साहू को दिया जाएगा। निरीक्षक तरुणा साहू भारतीय रेल सुरक्षा बल में एक समर्पित अधिकारी होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोककला पंडवानी की सशक्त साधिका हैं। वे भारत की महान लोककलाकार एवं पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई की शिष्या हैं और तीन दशकों से अधिक समय से पंडवानी के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा का गौरव बढ़ा रही हैं। सेवा के क्षेत्र में उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों से 200 से अधिक बिछड़े एवं लापता बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाकर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। एक पुलिस अधिकारी के रूप में संवेदनशीलता, अनुशासन और नेतृत्व उनकी विशेष पहचान है। सांस्कृतिक क्षेत्र में उन्होंने देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर पंडवानी की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी हैं। उन्हें अयोध्या में श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े सांस्कृतिक आयोजन तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्रीय कार्यक्रम में पंडवानी प्रस्तुति का गौरव प्राप्त हुआ। उनकी कला और सामाजिक योगदान के लिए उन्हें अनेक राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। कर्तव्य, संस्कृति और संवेदना का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करने वाली निरीक्षक तरुणा साहू आज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत हैं, जो अपनी वर्दी और अपनी लोककला—दोनों के माध्यम से राष्ट्रसेवा का संदेश निरंतर दे रही हैं।



# चंद्रशेखर आजाद नगर में मुख्यमंत्री के 23 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

**मंडी स्थल, सभा, पार्किंग एवं हेलीपैड स्थल, आजाद कुटिया का किया निरीक्षण**

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने सोमवार को अधिकारियों के साथ चंद्रशेखर आजाद नगर का भ्रमण कर, 23 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के बलराम कृषि महोत्सव एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्म जयंती के अवसर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने चंद्रशेखर आजाद नगर के कृषि उपज मंडी का अवलोकन किया जहां मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के लिए म.प्र.माध्यम द्वारा किए जा रहे ,मंच निर्माण, सभा स्थल, ग्रीन रूम निर्माण, प्रदर्शनी स्थल की व्यवस्थाओं को देखा और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंद्रशेखर आजाद नगर एवं संबंधित अधिकारियों को बेरीकेटिंग्स करवाने, सभा स्थल पर साफ-सफाई एवं पेयजल तथा सुविधा घर निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाए करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने भाबरा में प्रस्तावित हेलीपैड निर्माण स्थल का निरीक्षण कर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हेलीपैड निर्माण स्थल, वीआईपी पार्किंग एवं आवश्यक बैरिकेटिंग्स करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सभा स्थल से शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली स्थल तक के मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए। इस निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री दीपिका पाटीदार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



### घर से सामान लेने गई महिला नहीं लौटी, गुमशुदगी की रिपोर्ट की

**बाग, निप्र।** इन्दौर से एक महिला अपने घर से दुकान पर सामान लेने जाने का बोलकर गई। मगर आज दिनांक तक वापस नहीं लोटने पर इन्दौर थाना राऊ पर उसके पति व परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सुचना दी। बाग बायपास निवासी दिनेश हरवाल ने बताया मैं विगत कुछ माह से दाड़की मजदुरी के लिए इन्दौर में पुलक सिटी चैतन बिल्डर के यहां चौकीदार झोपड़ी राऊ इन्दौर में रह रहा था। 19/6/2026 को मेरी पत्नि सोनू पति दिनेश हरवाल शाम करीब 6 बजे के लगभग दुकान से सामान लेने का बोलकर निकली। जब बहुत देर हो गई तो मेने तलाश करना शुरु किया मगर कहीं पता नहीं चला सभी रिस्तेदारों में भी मैंने और मेरे परिजनों ने बहुत तलाश किया, मगर कहीं पता नहीं चला। उसके बाद मेरे और परिजनों द्वारा राऊ इन्दौर थाने पर 18/7/2026 को गुमशुदगी का सूचना आवेदन दिया गया है। किसी को भी अगर नजर आए तो राऊ थाना इन्दौर पर सूचना करें।



**पर्यटकों-ग्रामीणों को दिलाई नशे के खिलाफ शपथ**

# 'नशा मुक्ति 2.0' सिर्फ अभियान नहीं, एक जनआंदोलन है : मोनिका सिंह

विनय उजाला

**मांडू, निप्र।** ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्ति नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत रविवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व धामनोद रेंज की एसडीओपी मोनिका सिंह और मांडू थाना प्रभारी इंदर सिंह रावत ने किया। इस दौरान पर्यटकों, स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एसडीओपी मोनिका सिंह ने पर्यटकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने दोस्तों को रिश्तेदार को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। थाना प्रभारी इंदर सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अब सिर्फ कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि नशे की रोकथाम के लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता फैला रही है। उन्होंने कहा कि मांडू जैसे पर्यटन स्थल को नशा मुक्त रखना हमारी प्राथमिकता है।




### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आकर्षण

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के बीच 'नशा मुक्त समाज' विषय पर वाद-विवाद नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने नशे के खिलाफ अपने विचार बहुत प्रभावी ढंग से रखे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एसडीओपी मोनिका सिंह और टीआई इंदर सिंह रावत ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों की प्रतिभा और जागरूकता देखकर उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाई। इन बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### नशा मुक्ति अभियान को व्यापक समर्थन

इस गहन अभियान में बड़ी संख्या में पर्यटक और ग्रामीणजन शामिल हुए। लोगों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान को जाना और नशा न करने का संकल्प भी लिया। एसडीओपी मोनिका सिंह ने कहा कि 'नशा मुक्ति 2.0' सिर्फ एक अभियान नहीं है, यह एक जनआंदोलन है। पुलिस, प्रशासन और समाज के सहयोग से ही हम मांडू को नशा मुक्त बना सकते हैं। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नशे के खिलाफ शपथ ली।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले सीजी पॉवर के एमडी कौल, सीहोर की निर्माण इकाई के 3 सितंबर को होने वाले लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया



**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मध्यप्रदेश विधानसभा स्थित कक्ष में सी.जी. पॉवर के मैनेजिंग डायरेक्टर अमर कौल ने सौजन्य भेंट की। सी.जी. पॉवर कंपनी, ट्रांसफॉर्मर्स और उसके कम्पोनेंट्स का उत्पादन करती है। कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश के ग्वालियर में अपनी औद्योगिक इकाई की स्थापना की जा चुकी है। कंपनी की ऐसी ही एक उत्पादन इकाई सीहोर में स्थापित हो रही है। सी.जी. पॉवर के एमडी कौल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपनी सीहोर स्थित निर्माण इकाई के 3 सितंबर 2026 को होने वाले लोकार्पण समारोह का मुख्य आतिथ्य स्वीकार करने का अनुरोध किया।

### सीएम ने बटुकेश्वर दत्त को किया नमन

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि बटुकेश्वर दत्त जी ने अमर शहीद भगत सिंह जी के साथ केन्द्रीय विधानसभा में बम धमाके कर स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। उनका जीवन राष्ट्र सेवा और निष्ठा का अनुकरणीय अध्याय है।

### गुरु वंदना, भजन, श्लोकों से गूंजे तीन हजार विद्यालय, 2 लाख विद्यार्थियों ने जाना संस्कृत भारतीय संस्कृति का महत्व

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन और गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं, नैतिक मूल्यों एवं गुरु के प्रति आदर की भावना से जोड़ने के साथ-साथ विद्यालयों में संस्कारयुक्त एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत विद्यालयों में संस्कृत श्लोक वाचन, गुरु वंदना एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकों का वाचन, गुरु वंदना एवं भजनों की प्रस्तुतियां दीं। प्रदेश के 3 हजार 205 शासकीय विद्यालयों के 2 लाख 10 हजार 999 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व जाना। सभी विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त किया।



### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ सचिव समिति का पुनर्गठन

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन द्वारा वरिष्ठ सचिव समिति का पुनर्गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव नर्मदा घाटी विकास/जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री अशोक बर्णवाल के अलावा भार-साधक सचिव सामान्य प्रशासन, वित्त और विधि एवं विधायी सदस्य होंगे। आदेश अनुसार विषय से संबंधित भारसाधक सचिव समिति में सदस्य एवं प्रस्तुतकर्ता होंगे। विधायी प्रस्तावों के परीक्षण के लिए, भारसाधक सचिव, संसदीय कार्य विभाग, अतिरिक्त रूप से समिति के सदस्य होंगे। नीतिगत मामले एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यकता होने पर एक या अधिक भारसाधक सचिव, विशेष रूप से आमंत्रित किये जा सकेंगे। समिति के कार्यक्षेत्र में विस्तार अनुसार विधायी प्रस्तावों का परीक्षण, नीतिगत मामले तथा अन्य महत्वपूर्ण विषय जो मुख्यमंत्री अथवा मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किए गए हो प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

### स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने किया वन्यजीव तस्करी गिरोह का 8वां आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, निप्र।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इंदौर इकाई ने विगत तीन वर्ष से फरार चल रहे संगठित वन्यजीव तस्करी गिरोह के 8वें आरोपी को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। अहमदाबाद निवासी आरोपी आशीष, पिता विनोद 19 जुलाई 2026 को मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायालय, इंदौर की अनुमति पर फॉरेस्ट रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में 20 मई 2023 को वन अपराध प्रकरण दर्ज कर सात आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका था। उल्लेखनीय है कि एसटीएसएफ, इंदौर ने मई 2023 में वन्यजीवों के अवैध व्यापार में संलिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया था।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन की तैयारियों की समीक्षा, बोले-

# गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशभर में मनेगा महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व

विनय उजाला



**इंदौर, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरुजन सदैव पूजनीय है, वंदनीय हैं। गुरु ही हमें 'गु' (अज्ञान के अंधकार) से 'रु' (ज्ञान-विज्ञान की रश्मि/प्रकाश) की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा अपने गुरुजनों की सेवा, वंदना और उनका आशीर्वाद पाने का प्रमुख उत्सव है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए पुरातन भारतीय ज्ञान परम्परा तथा भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा के आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाली गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशव्यापी 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' का आयोजन किया जाये। इसमें स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थानों तथा खेल, नाटक, चित्रकला, संगीत एवं अन्य कला संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये। डॉ. यादव सोमवारको मध्यप्रदेश विधानसभा के समिति कक्ष क्रमांक-1 में आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी प्रदेश में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा चल रहा है। प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण गुरु पूर्णिमा से पहले करा लिया जाए। महर्षि सांदीपनि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु थे। उन्होंने तत्समय अमीर और गरीब सभी छात्रों को विद्या दान देकर राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। वहीं देश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति को व्यवस्थित करने में प्रभावी योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महर्षि सांदीपनि के जीवन चरित्र एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रसार में उनके वैशिष्ट्य और योगदान पर केंद्रित एक लघु पुस्तिका का प्रकाशन करायें और सभी विद्यालयों में वितरित करायें। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में गुरु-पूजन आयोजन किया जाये। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में मनाये जाने वाले मित्रता दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा के जीवन चरित्र के बारे में बताया जाये।

### गुरु पूर्णिमा को जनभागीदारी का उत्सव बनाएं : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' को जनभागीदारी का उत्सव बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं में अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को भी इस आयोजन से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाए, ताकि गुरु-शिष्य परम्परा का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और इसे नई पीढ़ी तक सशक्त रूप से पहुंचाया जा सके।

### विद्यार्थियों से कराएंगे कार्यक्रम

अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) के दिन शैक्षणिक संस्थाओं में होने वाले कार्यक्रमों में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा, चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना, गुरुजनों का स्वागत-सत्कार-सम्मान, व्याख्यान, उद्बोधन, छात्र-शिक्षक संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। सभी शैक्षणिक संस्थान विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा ही किए जायें, ऐसे निर्देश दिए गए हैं।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी, संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

### खाद्य मंत्री राजपूत करेंगे उद्घाटन

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग एवं मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 : प्रगति, चुनौतियां और भविष्य की दिशा' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 21 एवं 22 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में किया जाएगा।

कार्यशाला को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत संबोधित करेंगे। कार्यशाला में नीति आयोग, भारत सरकार के पूर्व सदस्य प्रो. राजेश चंद्र, मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा, खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी तथा मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव श्रीमन शुक्ला भी विचार व्यक्त करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अब तक की उपलब्धियों, सामने आई चुनौतियों तथा भविष्य की रणनीति पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। दो दिनों तक आयोजित होने वाले विभिन्न तकनीकी सत्रों में खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पोषण सुरक्षा, हितग्राहियों तक योजनाओं की प्रभावी पहुंच तथा अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यशाला में नीति निर्माताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, खाद्य सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी।

## मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की बड़ी पहल

# जनसुनवाई में सुलझाए गए 28 गंभीर मामले

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और पारिवारिक विवादों के निपटारे की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए भोपाल में एक वृहद जनसुनवाई का आयोजन किया। आयोग के समक्ष आए कुल 28 गंभीर मामलों की सुनवाई करते हुए कई परिवारों को टूटने से बचाया गया, तो वहीं कुछ जटिल मामलों में कड़े निर्देश भी जारी किए गए। इस उच्च स्तरीय जनसुनवाई में आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव, सदस्य श्रीमती साधना स्थापक एवं सचिव श्री सुरेश तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**आपसी संवाद से सुलझाएं घरेलू मतभेद :** इस जनसुनवाई में आयोग का मानवीय और मार्गदर्शक चेहरा भी सामने आया। एक पारिवारिक विवाद के मामले में, जहां आवेदिका ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, आयोग की बेंच ने दोनों पक्षों की गहन काउंसलिंग की। विस्तृत चर्चा और समझाइश के बाद पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया और महिला ने खुशी-खुशी अपनी शिकायत वापस ले ली। वहीं एक अन्य मामले में, जहां पत्नी पति के साथ रहने को तैयार थी लेकिन पति विभिन्न आरोप लगाकर मना कर रहा था, आयोग ने दोनों को आपसी संवाद के जरिए मतभेद सुलझाने की सलाह देते हुए मामले में उचित कानूनी रुख अपनाने के निर्देश दिए।

### घरेलू हिंसा से लेकर साइबर अपराधों तक त्वरित कार्यवाही

जनसुनवाई के दौरान आयोग के सामने घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर प्रताड़ना, गंभीर पारिवारिक विवाद और वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से जुड़े मामले प्रमुखता से आए। आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें और पक्ष अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुने। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश और त्वरित कानूनी कार्यवाही के आदेश दिए गए।

### ...आया अनोखा मामला

जनसुनवाई में एक अनोखा मामला भी आया, जिसने सभी को चौंका दिया। एक पारिवारिक विवाद में शिकायतकर्ता (पत्नी) खुद अनुपस्थित रही, जबकि उसका पति आयोग के समक्ष पेश हुआ। पति ने कहा कि उनकी शादी को 18 साल हो चुके हैं, लेकिन जब से उसकी पत्नी शासकीय सेवा में 'अधिकारी' के पद पर नियुक्त हुई है, उसने साथ रहने से इनकार कर दिया है। पति का आरोप है कि वह झूठे आरोप लगाकर अलग रह रही है और बात तक करने को तैयार नहीं है। आवेदिका की अनुपस्थिति को देखते हुए अध्यक्ष श्रीमती यादव ने निर्देश जारी किए हैं कि आगामी जनसुनवाई में आवेदिका (महिला अधिकारी) और अनावेदक (पति) दोनों की उपस्थिति अनिवार्य हो, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय किया जा सके।

**न्याय प्रक्रिया को गति देने का संकल्प :** अध्यक्ष ने कहा कि महिला आयोग हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाने और परिवारों को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, किसी भी पक्ष द्वारा मंच का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वन प्रधान क्षेत्रों में टाटा मोटर्स, एल-एंड-टी के सहयोग से सशक्तिकरण की नई पहल

# 200 से अधिक युवाओं को मिला कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र।** वन प्रधान क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दक्षिण सागर वनमंडल ने उल्लेखनीय पहल की है। मुख्य वन संरक्षक सागर एवं रिपुदमन सिंह के मार्गदर्शन में दक्षिण सागर वनमंडल द्वारा टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के सहयोग से रोजगार एवं कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनके माध्यम से 200 से अधिक युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराई गई है, साथ ही सैकड़ों युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ा जा चुका है।

वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए वनमंडल की सभी रेंजों में पूर्व प्रशिक्षण जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 1,600 युवाओं ने भाग लेकर रोजगार एवं कौशल विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। रोजगार प्रक्रिया के उपरांत 200 से अधिक चयनित युवाओं को सागर-विदिशा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती लता वानखेड़े द्वारा नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस संपूर्ण पहल के सफल क्रियान्वयन में परिवीक्षाधीन आईएफएस अधिकारी जय प्रकाश ने समन्वय एवं योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें आईएफएस अधिकारी स्वास्तिक यादववंशी तथा दक्षिण सागर वनमंडल की पूरी टीम का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

स्व. रतन टाटा की प्रेरणा से संचालित 'लर्न एंड अर्न' कार्यक्रम के अंतर्गत 24 युवाओं, जिनमें तीन बालिकाएं भी शामिल हैं, का चयन गुजरात के साणंद स्थित तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को प्रतिमाह 17 हजार रुपये का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बन रहे हैं। इसी प्रकार एलएंडटी के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 36 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी युवाओं को न्यूनतम 20,500 रुपये प्रतिमाह के वेतन पर रोजगार प्राप्त हुआ है।



## भाजपा प्रदेश कार्यालय में कैबिनेट मंत्री सिलावट ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और जनहित से जुड़े मुद्दे सुने। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। सिलावट ने संबंधित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन प्रकरणों का मौके पर समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया। मंत्री ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध, प्रभावी समाधान सरकार की प्राथमिकता है। सभी आवेदनों और शिकायतों पर संबंधित विभागों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## नशे के विरुद्ध इंदौर पुलिस ने रचा इतिहास

# साढ़े आठ हजार लोगों की मानव श्रृंखला से बना विश्व रिकॉर्ड

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में प्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' को इंदौर में ऐतिहासिक जनसहभागिता मिली। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम में 8,534 विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, खिलाड़ियों, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरुद्ध विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने नशे के विरुद्ध मानव श्रृंखला का अपना ही पूर्व विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पूर्व 7,100 लोगों की मानव श्रृंखला का रिकॉर्ड इंदौर पुलिस के नाम दर्ज था। इस बार 8,534 लोगों की सहभागिता ने न केवल नया कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए इंदौर की सामूहिक प्रतिबद्धता को भी देश के सामने सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से एडिटर अपूर्वा मेनन एवं पलाश शुक्ला द्वारा इस उपलब्धि का रिकॉर्ड पुलिस आयुक्त इंदौर संतोष कुमार सिंह को प्रदान किया गया।

### इंदौर पुलिस ने अपना ही पूर्व रिकॉर्ड तोड़ा

**एक आयोजन में दो रिकॉर्ड की दिशा में उपलब्धि :** यह आयोजन केवल विशाल मानव श्रृंखला तक सीमित नहीं रहा। कार्यक्रम में 8,534 से अधिक लोगों ने एक साथ नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए सामूहिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलब्धि के लिए भी विश्व रिकॉर्ड का दावा प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने एक ही आयोजन में दो विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।




पुलिस आयुक्त इंदौर संतोष कुमार सिंह ने नशे के सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। परिवार, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन, प्रशासन और नागरिक जब एकजुट होकर प्रयास करते हैं, तभी नशामुक्त समाज का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं मित्रों को जागरूक करने तथा नशामुक्त इंदौर और नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### हर वर्ग की रही सहभागिता

इस ऐतिहासिक आयोजन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज एवं आरएपीटीसी के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थी एवं शिक्षक, फिजिकल अकादमी के खिलाड़ी, प्रशिक्षु चिकित्सक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बस्तियों, सामाजिक संगठनों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 6, अगरबत्ती कॉम्पलेक्स, सांवेर रोड सेक्टर-ए, इंदौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.